# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष : 12 • अंक : 01 • पृष्ठ : 12 • नगर संस्करण

• लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित

• लखनऊ से प्रकाशित
• रविवार, 28 जनवरी 2024
• मूल्य : ₹ 3.00


सफलता का 12वां साल






## बनी रहे निरंतरता...



राकेश कुमार पाण्डेय
चेयरमैन/प्रधान सम्पादक

मेरी चौखट पे चल के आज, चारो धाम आये हैं, बजाओ ढोल स्वागत में, मेरे घर राम आये हैं.. जी हां, क्योंकि बरसों बाद रामलला अपने अयोध्या धाम में विराजे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ठीक पांच दिन बाद और गणतंत्र दिवस के दूसरे दिन **'सिर्फ सच'** की अवधारणा लिए **'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक कैनविज टाइम्स'** अपनी दूरुह राह पर चलता हुआ आज 12वें वर्ष में प्रवेश कर गया। किसी भी समाचार पत्र का स्थापना दिवस किसी उत्सव से कम नहीं होता। पर्व उत्सव हमारी सामूहिक सांस्कृतिक चेतना के ऐसे उपहार हैं, जो जीवन में ऊर्जा का संचार करते हैं पत्रकारिता का धर्म भी यही है कि राष्ट्रीय जीवन की दुर्गति को दूर करने के लिए वह अनथक संघर्ष करे। पत्रकारिता का कार्य पवित्र व कठिन होता है और इसकी जिम्मेदारियां किसी अन्य सेवा संबंधी कार्य से कहीं अधिक होती हैं, यह किसी व्यक्ति को ही प्रभावित नहीं करता है परंतु इसकी आवाज़ या उसके शब्द पूरा राष्ट्र सुनता है जो अत्यंत प्रभावी होता है। मीडिया समाज का आइना है और समाज एक महत्वपूर्ण घटक है जिससे मीडिया बनती है। अतः इन्हें एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। आज यदि आपके पास स्मार्ट फोन या टैब या लैपटॉप है जो इंटरनेट से जुड़ा हुआ है, आप बहुत आसानी से दुनिया का कोई भी समाचार न केवल पढ़ सकते हैं, बना भी सकते हैं और उसे प्रसारित भी कर सकते हैं। सूचना प्राप्त करने और प्रसारित करने में प्रगति और उसके प्रभाव से जीवन के अन्य सभी पहलुओं में क्रांति हो रही है। हालांकि, सभी सूचनाएं ज्ञान नहीं हैं और न ही ये सभी प्रगति और समाज के कल्याण के लिए उपयोगी है। इन सूचनाओं को पक्षपात और पूर्वाग्रह मुक्त मस्तिष्क से विभिन्न तरीके से जांचा जाना चाहिए और इसे केवल तभी स्वीकारा जाना चाहिए जब यह सही और तर्कसंगत हो। सच और झूठ, तार्किक और तर्कहीन, अच्छे और बुरे में अंतर स्पष्ट करने के लिए जनसंचारियों के रूप में, पत्रकारों की जिम्मेदारी समाज के किसी अन्य सदस्य से कहीं ज़्यादा है। आज के समय छोटे और मध्यम मीडिया केंद्रों पर बड़े मीडिया घरों के साथ मुकाबले में खड़े होने के कारण भारी दबाव बन सा बन गया है। एक मीडिया केंद्र की स्थापना करने और उसे चलाने में लगने वाली कीमत के कारण बहुत-से स्वतंत्र और छोटे मीडिया केंद्र परिस्थितियों से जूझ रहे हैं और उनका स्थान बहुराष्ट्रीय मीडिया केंद्र ले रहे हैं। यह गंभीर चिंतन का विषय है और इसमें एक सकारात्मक पहल की ज़रूरत है। सरकार और समाज के बीच में सेतु की भूमिका भी मीडिया संस्थान ही निभाते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि हम देश और समाज के हित में निष्पक्ष व स्वतंत्र पत्रकारिता को निरंतर प्रोत्साहित करें और प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करें। **'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक कैनविज टाइम्स'** ने प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी भूमिका को सदैव बखूबी निभाया है, इसलिए वह पाठकों के एक बड़े वर्ग की पसंद रहा है। मुझे आशा व विश्वास है कि **'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक कैनविज टाइम्स''** समाचार पत्र जन-जन की आवाज बनकर, प्रदेश व समाज हित में अपनी निष्पक्ष व स्वतंत्र पत्रकारिता से, अपने कर्तव्यों व दायित्वों का इसी तरह ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करता रहेगा और पत्रकारिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करता रहेगा। मैं **'कैनविज टाइम्स'** के दीर्घ जीवन की कामना करता हूँ। **धन्यवाद!**

# 9वीं बार मुख्यमंत्री बनेंगे नीतीश!

## नीतीश कुमार के अगले कदम पर है सबकी नजर

एजेंसी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के महागठबंधन छोड़ने की चर्चा के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) दोनों उत्सुकता से श्री कुमार के अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार सुबह तक पद से इस्तीफा दे सकते हैं। मुख्यमंत्री के एक करीबी सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर सूत्र ने बताया कि नीतीश कुमार कभी भी इस्तीफा दे सकते हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार रविवार को शाम तक फिर से बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं।

सूत्र ने जोर देकर कहा, ''वैसे यह (इस्तीफा) निश्चित रूप से रविवार सुबह तक होगा।'' सूत्र ने यह भी कहा कि इस्तीफा देने से पहले जेडीयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार विधायक दल की एक पारंपरिक बैठक करेंगे। सूत्र ने कहा कि भाजपा के समर्थन से एक नई सरकार बनने की संभावना के बीच सचिवालय जैसे सरकारी कार्यालयों को रविवार को खुला रखने के लिए कहा गया है। इस बीच, भाजपा की प्रदेश इकाई के नेताओं ने पार्टी की एक बैठक के दौरान जेडीयू के



'महागठबंधन' से बाहर निकलने की स्थिति में कुमार का समर्थन करने की औपचारिक घोषणा नहीं की। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि कुमार के इस्तीफा देने तक कोई भी औपचारिक घोषणा नहीं की जाए। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनाने के लिए राजद से नाता तोड़ने के मुद्दे पर श्री नीतीश कुमार अपना रुख स्पष्ट कर दें तो राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव अपने पत्ते खोल देंगे। भाजपा भी इस मुद्दे पर चुप है क्योंकि वह भी इस संबंध में श्री कुमार की औपचारिक घोषणा का इंतजार कर रही है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता राधामोहन सिंह ने श्री कुमार का नाम लिए बगैर उनसे इस दलदल से बाहर निकलने की अपील की। एक अन्य हिंदू फायर ब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि न तो श्री नीतीश कुमार और न ही राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अब तक अपनी मंशा साफ की है। उन्होंने कहा कि भाजपा की भूमिका तभी शुरू होगी जब श्री कुमार महागठबंधन से बाहर निकलने की औपचारिक घोषणा करेंगे। इस बीच राजद ने नीतीश कुमार के फैसले के आधार पर अपनी आगे की रणनीति तय करने के लिए विधायक दल की अहम बैठक की। समझा जाता है कि बैठक को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपनी पार्टी के विधायकों से अपील की कि वे महागठबंधन सरकार में पिछले डेढ़ साल के दौरान ● शेष पेज 11 पर

### पतन की ओर बढ़ रहा इंडिया गठबंधन : जदयू

पटना। बिहार में तेजी से बदलते राजनीतिक परिदृश्य के बीच जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने शनिवार को कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि उसके गैरजिम्मेदाराना रवैये के कारण विपक्षी गठबंधन इंडिया पतन की ओर बढ़ रहा है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी प्रवक्ता के. सी. त्यागी ने संवाददाताओं से कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कड़ी मेहनत के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया की नींव रखी है। उन्होंने कहा कि श्री कुमार के प्रयासों से ही इंडिया गठबंधन की शुरुआत हुई लेकिन गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रही। श्री त्यागी ने कहा, ''कांग्रेस के असंवेदनशील और गैर-जिम्मेदार रवैये के कारण इंडिया गठबंधन पतन की ओर बढ़ रहा है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस पश्चिम बंगाल में निर्वाचित सरकार के स्थान पर राष्ट्रपति शासन लगाने की कोशिश कर रही है। इस तरह के रवैये से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी क्रोधित हो गईं और उन्होंने राज्य में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को प्रवेश की अनुमति देने से इनकार कर दिया, जिससे गठबंधन में मामले और बिगड़ गए। जदयू नेता ने कहा, ''पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच आमना-सामना हो गया है और उनके रिश्ते इतने तनावपूर्ण होते जा रहे हैं कि सुधार से परे जा सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिरोमणि अकाली दल के हाथ मिलाने की संभावना प्रबल हो गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस ने श्री नीतीश कुमार के मजबूत विपक्षी गठबंधन इंडिया के सपने को चकनाचूर कर दिया है।

### राजद में फैसला लेने के लिए लालू अधिकृत

पटना। बिहार में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में कोई भी निर्णय लेने के लिए पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को अधिकृत किया गया है। राजद के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने शनिवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि पार्टी के विधायकों, मंत्रियों और अन्य वरिष्ठ नेताओं की बैठक के दौरान सर्वसम्मति से श्री लालू प्रसाद यादव को बिहार में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में कोई भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी नेताओं ने हाथ उठाकर राज्य में अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य में निर्णय लेने के लिए श्री यादव को अधिकृत किया। श्री झा ने कहा, ''बैठक के दौरान राष्ट्रीय महत्व और बिहार से संबंधित सभी मुद्दों पर चर्चा हुई।'' उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर कड़ी नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में अब तक महागठबंधन सरकार काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के आवास पर बुलाई गई राजद विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक के दौरान पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने महागठबंधन सरकार में पार्टी कोटे के सभी ● शेष पेज 11 पर

### बैजयंत पांडा बनाए गए यूपी भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी

लखनऊ। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रवक्ता बैजयंत पांडा को लोकसभा चुनाव का प्रभारी घोषित किया है। शनिवार को लोकसभा चुनाव प्रभारियों के नामों की सूची पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने जारी किया।

बताया जाता है कि बैजयंत पांडा इससे पू?र्व पार्टी के लिए असोम व दिल्ली के प्रभारी के तौर पर काम कर चुके हैं। मूलतः ओडिशा के निवासी बैजयंत पांडा 15वीं व 16वीं लोकसभा में ओडिशा के केंद्रपाड़ा से सांसद रह चुके हैं। दो बार राज्यसभा सदस्य भी रहे हैं। बीजू जनता दल से इस्तीफा देने के बाद पांडा मार्च 2019 में नई दिल्ली में भाजपा में शामिल हुए थे। पांडा ने मिशिगन टेक्नोलाजिकल यूनिवर्सिटी से संचार में इंजीनियरिंग के साथ ही प्रबंधन की डिग्री ली है।

## अखिलेश यादव ने कांग्रेस को दी फिलहाल 11 सीटें

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। बिहार की सियासी हलचल के बीच समाजवादी पार्टी ने यूपी में इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस के लिए 11 सीटें देने का ऐलान किया है और इसे अच्छी शुरूआत बताया है। साथ ही संकेत दिया है कि इस आफर के साथ आने वाले वक्त में कुछ और सीटें छोड़ी जा सकती हैं। कांग्रेस ने सपा के इस कदम का स्वागत तो किया है लेकिन यह भी कहा कि इस पर केंद्रीय नेतृत्व निर्णय लेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि कांग्रेस के साथ 11 मजबूत सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरूआत हो रही है...यह सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और आगे बढ़ेगा। 'इंडिया की टीम और पीडीए की रणनीति इतिहास बदल देगी। इस संदेश से साफ है कि अखिलेश यादव ने भविष्य में और सीटें देने की गुंजाइश छोड़ रखी है और यह आंकड़ा बीस सीट तक जा सकता है। वैसे कांग्रेस और सपा किसी ने सीट का ब्यौरा नहीं दिया है। सीटों को लेकर सपा व कांग्रेस के बीच तीन चरणों में बैठक हो चुकी है। उसके बाद सपा के राष्ट्रीय महासचिव ● शेष पेज 11 पर

## यूपी में जल्द स्थापित होंगे 100 बायो गैस प्लांट: हरदीप सिंह पुरी



- जौनपुर, अमेठी, सीतापुर, फतेहपुर, बहराइच, बरेली, कन्नौज और बदायूं में लगाया जा रहा है प्लांट
- बायो फ्यूल सेक्टर में यूपी सरकार से मिल रहा बड़ा सहयोग: केंद्रीय मंत्री
- सात साल में उत्तर प्रदेश ने बीमारू स्टेट की श्रेणी से आगे बढ़कर हर सेक्टर में शानदार काम किया: केंद्रीय मंत्री
- प्रधानमंत्री के 'वेस्ट टू वेल्थ की परिकल्पना के अनुसार बायो गैस बेहतरीन विकल्प: योगी
- केंद्रीय पेट्रोलियम सचिव ने यूपी की बायो फ्यूल पॉलिसी को बताया शानदार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने घोषणा की है कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही 100 नए बायोगैस प्लांट स्थापित होंगे। उन्होंने कहा है आज जनपद बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए प्लांट का उद्घाटन होने जा रहा है और राज्य के 8 अन्य जनपदों जौनपुर, अमेठी, सीतापुर, फतेहपुर, बहराइच, बरेली, कन्नौज और बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए संयंत्र का शिलान्यास भी किया जाएगा। अब तक 37 प्लांट की स्थापना के लिए भूमि चयन आदि की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बड़ा सहयोग मिल रहा है।

लखनऊ में पांच कालीदास मार्ग पर शनिवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले सात साल में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीमारू स्टेट की श्रेणी से आगे बढ़कर हर सेक्टर में शानदार काम किया है। बदायूं में लोकार्पित होने जा रहे प्लांट की विशेषताओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि करीब 135 करोड़ रुपये के निवेश से 50 एकड़ में विकसित इस प्लांट में हर दिन लगभग 14 टन कम्प्रेस्ड बायो गैस का उत्पादन होगा। यह बायो गैस पराली के निदान के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। इससे पहले, मुख्यमंत्री ● शेष पेज 11 पर




# राष्ट्रीय महापर्व पर डीएम ने दिलाया सामुहिक संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**जिलाधिकारी बोले- हमारा संविधान हिन्दू-मुस्लिम, सिख-ईसाई आपस मे है भाई - भाई के पथमार्ग पर चलने का देता है प्रेरणा देता**

कुशीनगर। बुद्ध नगरी में गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व, गर्व और उल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी और अर्द्धसकारी सस्थानो पर झंडा फहराने के बाद '' जन गण मन अधिनायक की जय हो भारत भाग्य विधाता '' राष्ट्रगान की धुन से धरती-आसमान गुंजायमान रहा। जनपद के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानो के विभागाध्यक्षो ने अमर शहीदो को याद किया और उनके बीरगाथाओ पर विस्तृत प्रकाश डाला। आजादी के 75 वे गणतंत्र वर्षगांठ पर कलेक्ट्रेट भवन पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने प्रातः साढे बजे राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। राष्ट्रगान के बाद जिलाधिकारी ने राष्ट्रसेवा का संकल्प दिलाते हुए अमर शहीदों को नमन किया। डीएम ने कहा कि आज का दिन अमर शहीदों से प्रेरणा लेने का दिन है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमे आजादी दिलायी। उन्होंने कहा कि यह आजादी लाखो जवानों और क्रान्तिकारियों के बलिदान के बाद प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि माँ भारती के उन सपूतो के सपनो को पूरा करना ही हमारा नैतिक जिम्मेदारी के साथ-साथ उन महान आत्माओ को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा देश लोकतांत्रिक गणराज्य बना, हमारा संविधान विश्व का सबसे बडा संविधान है और हमे अपने संविधान पर गर्व है जो सबको समानता का अधिकार प्रदान करता है। हमारा संविधान हिन्दू-मुस्लिम, सिख-ईसाई आपस मे है भाई - भाई के पथमार्ग पर चलने का प्रेरणा देता है। उन्होंने देश मे अशांति और अराजकता फैलाने वाली शक्तियों के नापाक इरादों को पराजित करने की बात दोहरायी। डीएम ने गणतंत्र दिवस पर अधिकारियों को देश मे चलायी जा रही सरकारी योजनाओं को पुरे मनोयोग से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी को सामूहिक रूप से संकल्प दिलाते हुए कहा कि '' हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व - सम्पन्न समाजवादी, धर्म निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए उन सब मे व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने के लिए दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान को आत्मार्पित करते है। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर मे वृक्षारोपण कर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कार्यालय स्थित शहीद स्मारक पर वीर शहीदों की याद में पुष्पांजलि अर्पित कर अमर जवानों को नमन किया। इस दरम्यान डीएम ने देश के वीर सपूतों के अमर गाथा पर प्रकाश डालते हुए जनपदवासियों को राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।

इसी कडी में विंग कमांडर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी आलोक सक्सेना ने अमर जवान शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर वीरों का नमन किया।

# इंडिया गठबंधन को सुझाव देने गए मौलानाओं को एलआईयू का फोन करना निंदनीय : शाहनवाज़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने दावा किया है कि पिछले दिनों वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कांग्रेस की तरफ से गठबंधन के सहयोगियों से बात करने के लिए अधिकृत सलमान खुर्शीद से मिलने गए मौलानाओं के प्रतिनिधिमण्डल के कुछ लोगों से एलआईयू ने फोन कर पूछताछ की है। इसे उन्होंने सरकारी गुंडागर्दी बताया है।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर के 2 दर्जन मौलाना लोकसभा चुनाव के संदर्भ में विभिन्न मुद्दों पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता को अपने सुझाव देने गए थे। जो कि किसी भी पार्टी के चुनावी गतिविधि का एक अहम हिस्सा होता है। डेलिगेशन ने शिक्षा बजट बढ़ाने, बेरोजगारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने के मुद्दे को घोषणापत्र में शामिल करने के साथ ही यह भी सुझाव दिया था कि इंडिया गठबंधन में सपा, रालोद के साथ ही बसपा को भी शामिल करना चाहिए। उन्होंने इस संदर्भ में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खड़गे जी और सोनिया गाँधी जी से भी मिलने का समय मांगा था और अपने स्तर पर बसपा प्रमुख मायावती जी से भी संपर्क करने की बात कही थी जो मीडिया में प्रकाशित भी हुई।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि डेलिगेशन के 6 सदस्यों से एलआईयू ने फोन करके इस मीटिंग के संदर्भ में पूछताछ की। जिसमें यह सवाल भी था कि वो गठबंधन को लेकर ऐसी पहल क्यों कर रहे हैं। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि अगर सरकार या प्रशासन के खिलाफ़ कोई धरना-प्रदर्शन करे या कोई ज्ञापन दे तो एलआईयू का फोन करना या पूछताछ करना समझ में भी आता है। क्या योगी सरकार आम नागरिकों के विपक्षी दलों के नेताओं से मिलने, सुझाव देने या गठबंधन पर अपनी राय देने पर रोक लगाना चाहती है।

## पयामे इंसानियत फोरम ने किया रक्तदान

सीतापुर। गणतंत्र दिवस के मौके पर ऑल इंडिया पायमे इंसानियत फोरम की टीम ने सीतापुर जिला अस्पताल जाकर अस्पताल में मरीजो को फल बांटें। इस दौरान लखनऊ से आए नदवा के छात्रों ने रक्तदान भी किया। साथ ही छोटे बच्चों को गर्म कपड़े भी बांटे गए। शफीक चौधरी ने मीडिया से बात करके बताया कि ऑल इंडिया पायमे इंसानियत फोरम के मौलाना अली मियां ने 1974 में ऑल इंडिया पायमे इंसानियत फोरम की बुनियाद रखी। देशभर के 200 जिलों में ऑल इंडिया पायमे इंसानियत फोरम की तरफ से अस्पताल में खून रक्तदान किया जाता है और मरीजों को फल बांटे जाते हैं। ठंड में मरीजों को कंबल और रजाई भी बांटी जाती है। इस माध्यम से ऑल इंडिया पायमे इंसानियत फोरम पूरी इंसानियत के लिए एक अच्छा पैगाम देती है। इस मौके पर शफीक चौधरी, मौलाना शेख वालिद नदवी, सीतापुर के मौलाना रशीद साहब, मौलाना फुरकान नदवी और जिला अस्पताल के सीएमएस पी के सिंह, डाक्टर पूजा यादव, डॉक्टर अरशद आदि लोग मौजूद रहे।

## कंबल वितरण के साथ हुआ तहरी भोज का आयोजन



सरोजिनी नगर। बंथरा थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव के एक निजी गेस्ट हाउस में शिवसागर स्मृति जन कल्याण समिति द्वारा शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम सभा की विधवा महिलाओं को कंबल वितरण का आयोजन किया गया। कड़ाके की ठंड में कंबल मिलने से महिलाओं के चेहरे पर खुशी स्वाभाविक रूप से देखी जा सकती थी। सभी महिलाओं ने आयोजन समिति का धन्यवाद दिया। आयोजन के बाद तहरी भोज भी आयोजित किया गया। इसके पहले समिति द्वारा झंडा रोहण के साथ प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में प्रमुख रूप से समिति के संरक्षक के रूप में कप्तान सिंह चौहान के साथ अध्यक्ष रामनरेश शर्मा, प्रमोद मिश्रा मंत्री के रूप में रोहित सिंह के साथ बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## 75 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किए गए थाना प्रभारी



दुबग्गा। गोल्ड मेडल देकर थाना प्रभारी को किया गया सम्मानित राजधानी लखनऊ के कमिश्नरेट पश्चिम क्षेत्र के दुबग्गा कोतवाली में तैनात प्रभारी निरीक्षक अनुभव कुमार वर्मा को उनके सराहनीय कार्य के चलते हैं लखनऊ पुलिस कमिश्नर एसबी शिरोडकर के द्वारा सम्मानित किया गया। बीते दिनों जेठा क्षेत्र बुजुर्ग के घर डकैती के प्रेकरण में सराहनीय भूमिका निभाई थी। 24 घंटे के अंदर घटना का खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने का काम किया था। जानकारी के मुताबिक इंस्पेक्टर अनुभव कुमार वर्मा 2009 बैच के सब इंस्पेक्टर है। अन्य जिलों में भी इससे पूर्व कई सराहनीय कार्य कर अधिकारियों के द्वारा सराहे गए हैं। जिला मिर्ज़ापुर में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनाद रहते हुए एसपी कला निधी निथानी के संरक्षण में नवजात बच्चे के अपहरण प्रकरण में अहम भूमिका निभाकर गोल्ड मेडल से सम्मानित किए गए थे।

## अहलेबैत स्टडी सेंटर में मनाया गया गणतंत्र दिवस



लखनऊ। थाना सआदतगंज क्षेत्र के काजमैन रोड पर स्थित अहलेबैत स्टडी सेंटर पर गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर उसे सलामी दी गई। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों को गणतंत्र दिवस के महत्व को बताया गया। शिक्षकों द्वारा बच्चों को बताया गया की इस दिन हमारा संविधान लागू किया गया था और हमारे देश भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया था। अहलेबैत स्टडी सेंटर को स्वर्गीय हाजी क़ासिम के पुत्र हाकीम अब्बास व उनकी पत्नी रूही रिज़वी मिल कर चलाते हैं। हाकीम अब्बास ने बताया की इस स्टडी सेंटर में सभी ग़रीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जाती है।

## 251 फिट के तिरंगे झंडे के साथ युवाओ ने निकाली तिरंगा यात्रा



लखनऊ। मोहनलालगंज में गणतंत्र दिवस पर हजारो की संख्या में युवाओ ने 251फिट के तिरंगे झंडे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली,इस मौके पर डीजे पर बज रहे देशभक्ति के गीतो पर युवा जमकर थिरके व वंदे मातरम व भारत माता की जय के गगनभेदी नारे भी लगाये।कनकहा गांव से शुरू हुयी तिरंगा यात्रा बिन्दौवा,गौरा होते हुये मोहनलालगंज कस्बा पहुंची ओर वापस कनकहा गांव में समाप्त हुयी,यात्रा का जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ?।यात्रा में बीडीसी मोनू साहू,प्रमोद कुमार,अजीत यादव,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साहू,एडवोकेट अंशू शुक्ला,करन शुक्ला,सभासद हिमांशु तिवारी समेत सैकड़ो की संख्या में युवा मौजूद रहें।किसानो ने सैकड़ो ट्रैक्टरो के साथ निगोहां से मोहनलालगंज तक तिरंगा यात्रा निकाली।दिव्यांगो ने भी हाथो में झंडे लेकर ट्राइसाइकिलो से तिरंगा यात्रा निकाली।

## अयोध्या में मंदिर स्थापना पर सुन्दरकाण्ड पाठ कर किया भंडारा

मोहनलालगंज। लखनऊ, अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम मंदिर स्थापना के उपलक्ष्य में भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र पांडेय ने शनिवार को सुन्दरकाण्ड पाठ एंव भजन कराकर भंडारे का आयोजन किया।शनिवार को भसंडा गांव में भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र पांडेय ने पहले सुन्दरकाण्ड का पाठ कराया और पूजा अर्चना के बाद कलाकारों ने भजन शुरू कर किये इस मौके पर गांव सहित आसपास के लोगो ने पहुचकर भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व प्रधान नरेंद्र पांडेय शुभम सिह ,चंकी पांडेय,अविनाश त्रिपाठी शनि पांडेय मौजूद रहे।

## गोसाईंगंज क्षेत्र में मकान में व सुशान्त गोल्फ सिटी से स्कूटी, बाइक चोरी

# चौरसिया समाज उत्तर प्रदेश में निकालेगा व्यापक जन चेतना रथ यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। चौरसिया समाज उत्तर प्रदेश की प्रदेश स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि चौरसिया समाज उत्तर प्रदेश की ओर से प्रदेश स्तर पर व्यापक जन चेतना रथ यात्रा निकाली जाएगी। बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और चौरसिया समाज उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रिशी चौरसिया ने की। उनके अनुसार यह व्यापक जन चेतना यात्रा उत्तर प्रदेश में चौरसिया समाज को गांव-गांव और घर-घर जोड़ने का काम करेगी। इसके साथ ही साल 2024 में चौरसिया समाज को राजनीति और सरकार में हिस्सेदारी मिले इसकी मांग पुरजोर उठाएगी। रथ यात्रा को सफल बनाने में योगदान देने वाले समाज के लोगों का अभिनंदन भी इस यात्रा के माध्यम से किया जाएगा। जन चेतना रथ यात्रा 1 मार्च 2024 से शुरू होगी। लखनऊ यात्रा का शुभारंभ लखनऊ से होगा और समापन महोबा जिले में होगा लगभग उत्तर प्रदेश के 35 जिलों में यह यात्रा जाएगी लगभग 1 मार्च से प्रारंभ होगी और 15 मार्च को समापन होगा। इस यात्रा में 84 समाज पर चढ़कर चलेगा हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। चौरसिया समाज उत्तर प्रदेश द्वारा चौरसिया जन चेतना रथ यात्रा लखनऊ के 1090 चौराहा से प्रारंभ होकर हजरतगंज होते हुए हुसैनगंज चौराहा होते हुए उदयगंज से अर्जुनगंज होते हुए शहीद पथ से जिला बाराबंकी अयोध्या धाम बस्ती संत कबीर नगर सिद्धार्थ नगर महाराजगंज गोरखपुर देवरिया कुशीनगर गाजीपुर बलिया मऊ आजमगढ़ वाराणसी चंदौली भदोही मिर्ज़ापुर जौनपुर प्रतापगढ़ प्रयागराज अमेठी सुल्तानपुर रायबरेली उन्नाव कानपुर होते हुए झांसी जिला महोबा में इसका समापन करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से घनश्याम चौरसिया, संजीव चौरसिया, पंकज चौरसिया, संजय चौरसिया, त्रिदेव चौरसिया, सतीश चौरसिया, मिंटू चौरसिया, उदय चंद चौरसिया, अनिरुद्ध चौरसिया, सुनील चौरसिया, संजय चौरसिया, कुणाल चौरसिया, संदीप चौरसिया, दीपक चौरसिया, रचित नाग, रामजी चौरसिया, दीपक नाथ चौरसिया, अवधेश चौरसिया, अशोक कुमार, अतुल चौरसिया, दीपक चौरसिया, अनिल चौरसिया, पिंटू चौरसिया, सत्यम चौरसिया, शिव शंकर चौरसिया, विशाल चौरसिया, अविनाश चौरसिया, ने चौरसिया समाज की जन चेतना यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# सीमैप में आयोजित होगा दो दिवसीय किसान मेला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ,। केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान सीमैप में शनिवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रेसवार्ता में संस्थान निदेशक डॉ प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने बताया कि इस वर्ष किसान मेला 30 व 31 जनवरी को होगा। इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आना संभावित है। निदेशक ने बताया कि किसान मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धी कर उन्हें आर्थिक रूप से सबल बनाना है। इस वर्ष मेले मे भारत के लगभग 21 राज्यों से 5000 से अधिक किसानों, 500 महिला उद्यमियों, सगंध कंपनियों के प्रतिनिधी एवं 15 अन्य शोध संस्थान, सरकारी तथा गैरसरकारी समीतियों के सदस्य भी भाग लेंगे। डॉ त्रिवेदी ने आगे बताया की किसान मेले में हर साल की भाँति विज्ञानिक-उद्योग-किसान-संवाद, उन्नत पौध सामग्री व प्रकाशनों का विक्रय, उन्नत पौध किस्मों, तकनीकों एवं उत्पादों का प्रदर्शन तथा विकसित कृषकोन्मुखी तकनीकियों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस वर्ष किसान मेले में किसानों एवं उद्यमियों के लिए एरोमा मिशन मोबाइल एप का लांच होगा। जो किसान वैज्ञानिक और खरीदारों को आपस में जोड़ने का कार्य करता है। इसके साथ ही संस्थान एक सीमैप की उन्नत प्रजातियों की पुस्तक एवं दो उत्पादों का विमोचन करेगा। कार्यक्रम में डॉ मनोज सेमवाल, डॉ संजय कुमार, डॉ राजेश वर्मा, डॉ रमेश श्रीवास्तव एवं डॉ आलोक तथा अन्य वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# झुन्झुनू वाली दादी डोली उत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री झुन्झुनू वाली दादी जी मित्र मण्डल की ओर से तेरवा श्री झुन्झुनू वाली दादी डोली उत्सव की शुरुआत शुक्रवार को भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा महानगर स्थित श्री हनुमान मन्दिर से महिलाओ द्वारा हाथों में मेंहदी सजाये, चुनरी की साड़ी में सजी महिलाएं सिर पर दादी नाम का कलश धारण किये जब निकली तो हर कोई देखते ही रह गया। जिधर कलश यात्रा निकली उधर दादी की जय जयकार हुई। कार्यक्रम में उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा, बिन्दु बोरा, वात्सल्य व शैलेंद्र मौजूद रहे।

# मस्तीपुर में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**यूपीसीएलडीएफ के पूर्व चेयरमैन व क्षेत्रीय विधायक ने जनचौपाल? लगाकर ग्रामीणो को दी सरकारी योजनाओ की जानकारी**



मोहनलालगंज।मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ को जन-जन तक पहुंचाने के लिये शुरु हुयी विकसित भारत संकल्प यात्रा बुद्धवार को मोहनलालगंज विकासखंड क्षेत्र के मस्तीपुर गांव पहुंची जहां मुख्य अतिथि

यूपीसीएलडीएफ के पूर्व चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी व विशिष्ट अतिथि भाजपा विधायक अमरेश कुमार रावत ने प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी की मौजूदगी में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणो को सरकारी योजनाओ की जानकारी दी।इस मौके पर विकास,राजस्व, कृषि,स्वास्थ,समाज कल्याण समेत सभी विभागो ने शिविर लगाकर योजनाओ के लाभ से वंचित लोगो को लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से उनके फार्म भी भरे।अतिथियो ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियो को प्रमाण पत्र व आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को कार्ड वितरित किये।इस मौके पर शिशुओ का अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओ की गोदभराई भी कराई गयी।बेसिक विद्यालय के बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुत देकर अतिथियों का मन मोह लिया।विधायक ने ग्रामीणो को भारत को विकसित बनाने की शपथ भी दिलाई।इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी नागेश्वर द्विवेदी, विधानसभा संयोजक शम्भू नाथ पांडे,,मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह,मडंल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी

प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह समेत काफी संख्या में भाजपा नेता व महिलाये व ग्रामीण मौजूद रहें।

# गणतंत्र दिवस पर गाव से लेकर शहर तक लहराया तिरंगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता





**पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत महाशक्ति के रूप में बढ रहा है आगे- राज्यमंत्री**

**उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किए गये पुलिसकर्मी**

कुशीनगर। 75 वे गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय महापर्व पर भारत माता की जय, वदेमातरम, सुभाष चंद्र बोस, चंदशेखर आजाद, भगत सिंह, महात्मा गांधी अमर रहे के गगनभेदी नारो के साथ पूरा जनपद गुंजायमान रहा। हर तरफ जहां आसमान मे तिरंगा लहराया और अमर शहीदों को नमन कर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। वही सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों मे प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने माँ भारती के सपूतो को नमन किया।पुलिस लाइन में परेड की गई और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रातः साढे नौ बजे पुलिस लाइन में खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने झंडा फहराया। इस दौरान उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि आयोजित परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। मंत्री ने देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले माँ भारती के सपूतों को नमन करते हुए कहा कि हमें आत्म मंथन करने की जरूरत है। जब देश की बात हो तो कोई भी जाति या धर्म आड़े नहीं आना चाहिए क्योंकि देश के अन्दर और देश के लिए हम सब एक हैं। मंत्री ने गणतंत्र दिवस की शुभकामना देते देश की एकता, अखण्डता, धर्म-निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द्र की भावना को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया और शासन की योजनाओं पर मिशन शक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तीकरण योजना, स्वच्छ भारत मिशन, श्रमिक योजना सहित विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम संविधान निर्माता सहित उन सभी नेताओं और अधिकारियों को कृतज्ञयता पूर्वक याद कर रहे हैं, जिन्होंने हमारे शानदार और प्रेरक संविधान के निर्माण में अपना योगदान देने का कार्य किया है। राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत महाशक्ति के रूप में दुनिया के सामने आ रहा है,आजादी के अमृत काल मे भारत विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में जब देश आजाद हुआ तो अनेक दुश्वारियां थी, उस समय गरीब का पेट भरने के लिए पर्याप्त अन्न नही था हम आयात पर निर्भर थे। उस समय हमारे सामने रोटी, कपड़ा और मकान की चुनौती थी, लेकिन स्वालम्बन हमारे खून में था, बड़ी बड़ी चुनौतियों को हमने अपने खून पसीना और मेहनत से हरा भरा किया। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में भारत अपना स्वर्णिम इतिहास लिख रहा है। महामारी के दिनों में समाज के सभी वर्गों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराने की योजना का दायरा बढ़ाने का कार्य किया। हमारी सरकार जन कल्याणकारी योजनाओ का विस्तार करने करने के साथ-साथ लोक कल्याणकारी कार्य को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। उन्होंने किसान भाइयों, मजदूर वर्ग सहित सभी का आभार व्यक्त किया जो देश को विकसित करने में निरंतर प्रयास कर रहे हैं,और देश के बेहतर भविष्य बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का कार्य कर रहे हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत दुनिया में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं और भविष्य में भी अपनी संस्कृति, एकता, अखंडता, ज्ञान, विज्ञान के बल पर पूरे विश्व में प्रकाशमान रहेगा। इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने आसमान मे कबूतर व गुब्बारे उड़ाकर शांति का संदेश और खुशी का इजहार किया। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को संविधान का संकल्प दिलाया।

# माल पुलिस ने मिठाई विक्रेता की हत्या का किया खुलासा,हत्यारा गिरफ़्तार

## मौसेरे भाई ने की थी मिठाई विक्रेता की हत्या,तमंचा बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

माल/लखनऊ। माल पुलिस ने मिठाई विक्रेता की हत्या का खुलासा करते हुए मृत्तक के मौसेरे भाई को गिरफ्तार कर घटना में इस्तेमाल हुआ तमंचा बरामद कर अभियुक्त को जेल भेज दिया है। माल थाना क्षेत्र में बीते 17 जनवरी की रात 8 बजे थावर गांव में मिठाई की दुकान चलाने वाले हसनखेड़ा गाँव थाना दुबग्गा निवासी अरुण यादव 25 वर्ष की उस समय गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी जब वह अपनी मिठाई की दुकान पर बैठ समोसा बनाने के लिये आलू काट रहा था। इस हत्याकांड में अरुण के भाई शनी ने अज्ञात हत्यारोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। जो पुलिस के लिए एक चुनौती बन गया। पुलिस उपायुक्त राहुल राज ने घटना का जल्द व सफल अनावरण के लिये माल पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच सर्विलांस टीम को लगाया था। सर्विलांस टीम ने सैकड़ो फोन नम्बरो को सर्विलांस पर लेकर ट्रेस कर रही थी। साथ ही पुलिस कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद भी पुलिस के हाथ कुछ नही लगा सका। इस दौरान शक के घेरे में आये मृतक अरुण के मौसेरे भाई संदीप कुमार यादव पर पुलिस नजर बनाए हुए थी। इस बीच संदीप पुलिस की नजर से बचने लगा तो पुलिस का शक गहराने पर शुक्रवार की सुबह प्रभारी निरीक्षक राकेश त्रिपाठी, प्रभात शुक्ला पुलिस फोर्स के साथ संदीप के घर पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही संदीप ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस की मजबूत घेराबंदी के चलते वह हत्थे चढ़ गया। कड़ाई से की गई पूछताछ में संदीप ने अपना जुर्म स्वीकारते हुए बताया कि अरुन उसके पिता रामकुमार यादव की मिठाई की दूकान पर काम करता था। आरोपी संदीप अपनी दुकान थावर में चलाता था। शराब व जुवा की लत ने सन्दीप को कर्जदार बना दिया था कुछ दिन बाद दुकान भी बंद हो गयी। उधर अरुण ने रामकुमार के पास काम छोड़कर थावर में अपनी दुकान खोल ली। जिससे आरोपी ईर्ष्या रखने लगा। घटना के दिन सन्दीप ने जमकर शराब पीने के बाद अरुण की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्यारोपी सन्दीप की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा एक खोखा व एक जिंदा कारतूस बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया हैं।

# एडीसीपी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को दी सलामी,दिलायी शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज।75वें गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार को दक्षिणी जोन पुलिस कार्यालय पर एडीसीपी शंशाक सिंह ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी।उन्होने राष्ट्र की एकता व अखडंता की शपथ दिलाने के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व पुलिस कर्मियो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।मोहनलालगंज तहसील मुख्यालय में नायाब तहसीलदार प्रियवंदा मिश्रा ने कर्मचारियों की मौजूदगी व मोहनलालगंज कोतवाली में एसीपी राधा रमण सिंह ने प्रभारी निरीक्षक आलोक राव समेत पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण कर शपथ दिलाई ब्लाक मुख्यालय पर ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने एडीओ(पंचायत)अशोक यादव की मौजूदगी में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। निगोहाँ थाने में प्रभारी अनुज कुमार तिवारी व नगराम थाने में प्रभारी विवेक चौधरी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी ,जिसके बाद राष्ट्रगान एक स्वर में गाया गया ओर पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ भी दिलाई गयी। इसी क्रम में मोहनलालगंज सीएचसी पर अधीक्षक डा0अशोक कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया।इस मौके पर सभी चिकित्सक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कंबल वितरण के साथ हुआ तहरी भोज का आयोजन

सरोजिनी नगर। बंथरा थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव के एक निजी गेस्ट हाउस में शिवसागर स्मृति जन कल्याण समिति द्वारा शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम सभा की विधवा महिलाओं को कंबल वितरण का आयोजन किया गया। कड़ाके की ठंड में कंबल मिलने से महिलाओं के चेहरे पर खुशी स्वाभाविक रूप से देखी जा सकती थी। सभी महिलाओं ने आयोजन समिति का धन्यवाद दिया।

## सम्मानित किए गए थाना प्रभारी

दुबग्गा। गोल्ड मेडल देकर थाना प्रभारी को किया गया सम्मानित राजधानी लखनऊ के कमिश्नरेट पश्चिम क्षेत्र के दुबग्गा कोतवाली में तैनात प्रभारी निरीक्षक अनुभव कुमार वर्मा को उनके सराहनीय कार्य के चलते हैं लखनऊ पुलिस कमिश्नर एसबी शिरोडकर के द्वारा सम्मानित किया गया। बीते दिनों जेठा क्षेत्र बुजुर्ग के घर डकैती के प्रेकरण में सराहनीय भूमिका निभाई थी। 24 घंटे के अंदर घटना का खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने का काम किया था। जानकारी के मुताबिक इंस्पेक्टर अनुभव कुमार वर्मा 2009 बैच के सब इंस्पेक्टर है।

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Reg. No.: 62228
हरिओम क्लीनिक
डा. एस. के. वर्मा
बी.ए.एम.एस., बी.एस.सी.
सी.सी.एच. एम.डी. (AM)
आर.जी.यू.एस. बैंगलोर
डा. जमील अहमद
M.B.B.S. Surgeon
K.G.M.U. Lucknow
पता : परसेहरा माल चौराहा, सीतापुर Mob.: 9598890171, 7521987297

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
साजिदा खातून
प्रधान ग्रामसभा
जँहगीराबाद
विकासखंड बिसवां

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनंदेश्वरी
प्रधान ग्रामसभा
भुईला विकासखंड
बिसवां

# मोहनलालगंज क्षेत्र में संविधान निर्माता डॉ बी आर अंबेडकर जी की प्रतिमा की गई स्थापित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। लखनऊ, ब्लॉक मोहनलालगंज ग्राम पंचायत कुसमौरा सुखना खेड़ा गांव में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ग्राम पृधान दीपक साहू ने क्षेत्रीय समाजसेविय सहित क्षेत्रीय ग्रामीणो द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर बी0आर0 अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया है। दूरदराज से आए समाजसेवियों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन निगोहां के ग्राम पंचायत कुसमौरा सुखना खेड़ा गांव में डा0भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में सपा पूव विधायक अंब्रीश सिंह पुष्कर,काग्रेस नरेन्द्र गौतम,समाजसेवी राष्ट्रीय कल्याण मंच अनोद रावत,भावा खेड़ा पूर्व प्रधान चंदन सिंह सहित दूरदराज से आए समाजसेवियो ने भीम जी की प्रतिमा पर माला पहनाकर पुष्प अर्पित किए। (क्षेत्र मे दौड़ी खुशी की लहर) वही हो रहे भजन विन्ती सुन खुशी से झूम उठे वही पर महाभन्डारा भी चलता रहा भण्डारे मे सभी भक्तजन छोला चावल पूडी का पृसाद पाकर अपने आप को धन्य बनाया मौके पर उपस्थित समाजसेवी अमित गौतम,फूलने गौतम,ताराचंद गौतम, संजय रावत, कोटेदार पवन साहू,इश्वर दीन,प्रकाश, सजीवन, बीडीसी मनोज,कुवारे रावत सहित हजारो की संख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे।

# तिरंगे को सलामी दें निकली तिरंगा यात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईंगंज इलाके में 26 जनवरी के अवसर पर शुक्रवार को सभी सरकारी व अर्ध सरकारी संस्थानों के साथ लोगों में अपने घरों पर तिरंगा लहरा कर सलामी दी। इस साथ ही तिरंगा यात्रा निकाली। गोसाईंगंज स्थित आदर्श पत्रकार एसोशिएशन के कार्यलय, ब्लॉक कार्यालय, थाना गोसाईंगंज, खंड शिक्षा अधिकारी भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थाना सुशान्त गोल्फ सिटीके साथ विभिन्न संस्थानों में ध्वजा रोहण किया गया। इसके साथ ही खुर्दही बाजार से कार व बाइक से गोसाईंगंज तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में खुर्दही व्यापार मंडल की ओर से अंशुल निगम ने रैली की अगुवाई की। खुर्दही बाजार में लोगो ने तिरंगे के साथ मानव श्रृंखला बनाई। इसके साथ ही किसानों ने ट्रैक्टर पर सवार होकर तिरंगा यात्रा निकाली। ।

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आयशा
प्रधान ग्रामसभा
भुडूकुड़ी विकास
खंड बिसवां

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अर्चना देवी
प्रधान ग्रामसभा
गुरेरा विकास खंड
बिसवां

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेंद्र कुमार मौर्य
प्रधान ग्रामसभा
भदेशिया विकास
खंड बिसवां

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद नईम
प्रधान ग्रामसभा
मोइजुद्दीनपुर
विकास खंड बिसवां

# नगराम में स्कूलों व सरकारी व अर्द्ध सरकारी भवनों पर हुआ ध्वजारोहण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। क्षेत्र में गणतंत्र दिवस का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। सरकारी व अर्द्ध सरकारी भवनों पर झंडा फहराया गया। क्षेत्र के सी.पी.एल. पब्लिक इंटर कॉलेज, पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज व जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नाटिकाओं, और भावनृत्य प्रस्तुत करके माहौल देशप्रेम से परिपूर्ण कर दिया। सीपीएल पब्लिक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा ने ध्वजारोहण कर सलामी दी, छात्र-छात्राओं द्वारा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में मैनेजिंग डायरेक्टर सुधांशु मिश्र व प्रधानाचार्य ने ध्वजारोहण किया साथ ही छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो के साथ देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया , वहीं जवाहरलाल नेहरू इंटर कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम सरस्वती वंदना के साथ शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण शहीदों की कुर्बानी, तथा सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव नाटक रहे। जिसका मंचन 11 व 12 के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# बड़े बाबा मंदिर पर हवन-पूजन के साथ विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज। निगोहां के सैदापुर ग्राम में स्थित बड़े बाबा मंदिर पर शनिवार को सुंदरकांड पाठ व हवन- पूजन के बाद कन्याओ को भोजन कराकर विशाल वार्षिक भंडारे में पूड़ी-सब्जी,छोला-चावल,बूंदी के प्रसाद का वितरण किया गया।क्षेत्रीय लोगो ने बड़ी संख्या में पहुंचकर बाबा के दरबार में मत्था टेकने के बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया गया।इस मौके पर आयोजित भजन संध्या में गायक रिंकू? जायसवाल व ज्योति कमल ने सुंदर-सुंदर भजनो की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।भंडारे का आयोजन राम कुमार मिश्रा,अनुपम मिश्रा,विनीत मिश्रा द्वारा किया गया।भंडारे में केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, विधायक अमरेश कुमार रावत,एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य,ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला,तहसीलदार आनन्द तिवारी,मोहनलालगंज इंस्पेक्टर आलोक राव,,एडीओ(पंचायत)कमल किशोरशुक्ला,एडीओ(पंचायत) अशोक यादव,,एसडीओ उपेन्द्र पटेल,जेई सचिन श्रीवास्तव,सीएचसी अधीक्षक डा0अशोक कुमार,उपनिरीक्षक राजेश कुमार, डा0मनीष अवस्थी,सासंद प्रतिनिधी प्रवीण अवस्थी, अधिवक्ता सतीश अवस्थी,वरिष्ठ बसपा नेता नागेश्वर द्विवेदी,काग्रेंस नेता सजंय बाजपेयी,जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज,पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक तिवारी,महामंत्री अखिलेश द्विवेदी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित दीक्षित,विजय जायसवाल,भंसडा प्रधान ललित शुक्ला,बार एसोसिएशन अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला,महामंत्री रामलखन,यूपीएल फैक्ट्री के महाप्रबंधक जीएन श्रीवास्तव,वरिष्ठ समाजसेवी उमा शंकर त्रिवेदी,प्रधान सघं अध्यक्ष देवेन्द्र सिहं( बब्लू),प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी,प्रधान अभय दीक्षित,प्रधान भोलानाथ,पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेन्द्र जायसवाल,,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी,समाजसेवी अमित तिवारी(महाराज)पूर्व महामंत्री ललित मिश्रा, अस्थाना, अधिवक्ता शिव अटल सिहं,अमरेन्द्र सिहं,देवेश सिहं,वरिष्ठ पत्रकार बृजराज सिहं,सरोज सिहं,राजेन्द्र मिश्रा,शिवम मिश्रा,रितुराग मिश्रा,रिशू मिश्रा सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय लोगो ने भंडारे में पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया।

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवनन्दन
प्रधान ग्रामसभा
लोधौरा विकास
खंड बिसवां

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश चंद्र
प्रधान ग्रामसभा
सुखावा कला
विकास खंड बिसवां

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रानी वर्मा
प्रधान पत्नी
धनंजय वर्मा
ग्रामसभा सरसा खुर्द विकास
खंड बिसवां

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद
इस्माइल
प्रधान
ग्रामसभा बिसवां देहात विकास
खंड बिसवां

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद नईम अली
ग्राम प्रधान
धर्मेंद्र कुमार
(सचिव)
ग्राम पंचायत माधोटांडा विकासखंड पुरनपुर पीलीभीत
ग्राम पंचायत को साफ सुथरा हरा भरा बनाने में सहयोग करें

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजाराम वर्मा
ग्राम प्रधान
राहुल कनौजिया
(सचिव)
ग्राम पंचायत पिपरिया दुलई
विकासखंड पुरनपुर पीलीभीत

## गणतंत्र दिवस के मौके पर प्राथमिक विद्यालय में किया ध्वजा रोहण

लखनऊ । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गऊघाट पुलिस चौकी के पास के प्राथमिक विद्यालय में झंडा रोहण का कार्यक्रम किया और बच्चों में लड्डू मिठाइयां बाटी गई इसके अलावा दौलतगंज वार्ड 92 तथा गऊघाट लाल घाट मंदिर पर भी झंडा रोहण का कार्यक्रम किया!महेश कुमार निषाद समाजसेवी गऊघाट पुलिस चौकी दौलतगंज वार्ड 92 मे बच्चो को मिठाईयाँ वितरित की गई साथ ही गणतंत्र दिवस के बारे मे भी विस्तार से समझाया गया।

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभम सक्सेना
अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पीयूष मोहन श्रीवास्तव
वन क्षेत्राधिकारी
सामाजिक वानिकी रेंज
पूरनपुर जनपद
पीलीभीत

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पूजा
ग्राम प्रधान
मंजुल मिश्रा
(सचिव)
ग्राम पंचायत गोपालपुर विकासखंड
पुरनपुर पीलीभीत

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामकुमार प्रजापति
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गुलड़िया
रत्नेश सोनकर
(सचिव)
भूप सिंह विकासखंड पुरनपुर पीलीभीत

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुन्नी बेगम (प्रधान)
सादिक हुसैन
(प्रधान प्रतिनिधि)
सुबोध कुमार
(सचिव)
ग्राम पंचायत ढकाजा पुरनपुर
विकासखंड पुरनपुर पीलीभीत

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेश पाल सिंह चौहान
अध्यक्ष अखिल भारतीय
प्रधान संगठन
विकासखंड
पूरनपुर जनपद
पीलीभीत उत्तर प्रदेश
रूपेश कुमार
(सचिव)

# मर्सी मेडिकेयर हॉस्पिटल में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। महेवागंज कस्बा स्थित मर्सी मेडिकेयर हॉस्पिटल पर गणतंत्र दिवस के उत्सव कार्यक्रम के दौरान ध्वजारोहण कर मरीजो व तीमारदारो को मिष्ठान वितरण कर भारत के राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को मनाया गया। 26 जनवरी की सुबह सर्द हवाओं से भरी थी, लेकिन महेवागज कस्बे में स्थित मर्सी मेडिकेयर हॉस्पिटल परिसर देशभक्ति की गर्मी से चारों ओर गर्म था और तिरंगे के रंग में सजा हुआ था। सबसे पहले कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई और उसके बाद अनुशासित राष्ट्रगान हुआ समस्त स्टाफ कर्मियों ने इस अवसर पर संविधान के उच्च आदर्शो को स्मरण करते हुए देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को बनाए रखने का संकल्प लिया एवं देश की उन्नत में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुरक्षित करने का प्रण लिया, जय हिंद, जय भारत! के नारों की धूम इस दौरान पूरे मर्सी मेडिकेयर हॉस्पिटल कैंपस में रही। इसके बाद, प्रतिभाशाली हॉस्पिटल के स्टाफ सदस्यों के द्वारा देशभक्ति गीत का गायन प्रदर्शन किया गया इसके अलावा, मर्सी मेडिकेयर हॉस्पिटल के संचालक डॉ ओसामा नोमानी व डॉ. नरेंद्र चौधरी के प्रेरक भाषणों ने स्टाफ का मनोबल बढ़ाया।

### मर्सी मेडिकेयर हॉस्पिटल पर 75वां गणतंत्र दिवस, ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद दी शुभकामनाएं

इस दौरान डॉ नरेन्द्र चौधरी ने अपने सम्बोधन में उन्होंने लोगों को 75वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत ने आजादी की अपनी एक लम्बी लड़ाई के उपरांत स्वतंत्र भारत में अपना स्वयं का संविधान लागू किया उन्होंने कहा कि भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों और विशेषज्ञों के अनुसार देश में संविधान लागू किया गया।

इस दौरान मर्सी हॉस्पिटल संचालक डॉ ओसामा नोमानी, डा नरेन्द्र चौधरी, बालक राम व समस्त मर्सी मेडिकेयर हॉस्पिटल का स्टाफ उपस्थित रहा।

# गोला में गणतंत्र दिवस पर पालिकाध्यक्ष ने फहराया तिरंगा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। जनपद खीरी की नगर पालिका परिषद,गोला गोकर्णनाथ में पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला रिंकू ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया पालिका अध्यक्ष ने भूतपूर्व सैनिकों को माल्यार्पण एव शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया। इसके बाद अध्यक्ष द्वारा नगर के समस्त चौक/चौराहों पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं का माल्यार्पण

### नगर पालिका परिषद गोला में मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस का उत्सव

### भूतपूर्व सैनिकों को माल्यार्पण एवं शाल ओढ़ाकर किया गया सम्मानित

किया साथ ही शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में लगे कर्मचारियों की सराहना कर सम्मानित किया गया एवं नगर वासियों को निस्वार्थ सेवा का कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा,धीरज बाजपेई, सभासद आनन्द सोनी, हरिओम वर्मा, शोभित कुमार, धर्मेन्द्र कुमार तिवारी, मोहित कुमार कनौजिया आदि सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी/कर्मचारी संदीप कुमार वर्मा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, ए0आर0 अंसारी राजस्व निरीक्षक, अमित श्रीवास्तव लिपिक, वैभव त्रिपाठी लिपिक, शिवम भारती लिपिक, मोहित गिरि, रामसिंह, रितेश, अवधेश कुमार आदि समस्त कर्मचारीगण एवं पत्रकार बन्धु व गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहें।

# सीएचसी फरधान मे 75वें गणतंत्र दिवस का उत्सव अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने फहराया राष्टीय ध्वज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

फरधान-खीरी। जनपद खीरी की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान पर 75वे गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराया इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत ने आजादी की अपनी एक लंबी लड़ाई के उपरांत स्वतंत्र भारत में अपना स्वयं का संविधान लागू किया उन्होंने कहा कि भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों, संविधानविदों और विशेषज्ञों के अनुसार देश में संविधान लागू किया गया। इसी क्रम में आज 26 जनवरी

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरधान में अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने किया ध्वजारोहण

### धूमधाम से मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस!

2024 शुक्रवार को 75वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर अधीक्षक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान जनपद खीरी पर सरकार द्वारा नियत समय प्रातः 8.30 पर ध्वजारोहण किया गया। राष्टगान जनगणमन कर झंडे को सलामी दी गई।समस्त कर्मचारियों ने इस अवसर पर संविधान के उच्च आदर्शों को स्मरण करते हुए देश की एकता,अखण्डता एवं संप्रभुता को बनाये रखने का संकल्प लिया एवं देश की उन्नति में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रण लिया। जय हिंद, जय भारत! के नारों ओर देशभक्ति ,देश प्रेम के गीतों की धूम इस दौरान पूरे कैम्पस में रही। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई, फार्मासिस्ट अरविंद कुमार, यसपाल वर्मा, डॉक्टर प्रदुम्न शुक्ल, स्टाफ नर्स किरण पांडे के अलावा समस्त स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलियाकलां-खीरी। दे सलामी इस तिरंगे को जो तेरी शान है, सिर हमेशा ऊंचा रखना इस तिरंगे का, जब तक मुझमें जान है !देश आज 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा हैं। आज के दिन सभी भारतीय के लिए गौरव का पल है। आज ही के दिन संविधान लागू हुआ था।

आपको बता दें कि 15 अगस्त 1947 को अपना देश आजाद हुआ लेकिन तब तक हमारे पास अपना संविधान नहीं था, तब 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू हुआ, तब जाकर भारत गणतंत्र घोषित हुआ। इसी क्रम में आज गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले में धूमधाम से देश की आन-बान-शान तिरंगे को फहराया गया। 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर गणतंत्र दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ हुआ। तहसील में उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह, कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय,विधायक निवास पर 137 पलिया विधायक रोमी साहनी, नगर पालिका में पालिकाध्यक्ष के बी गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी महेंद्र चौधरी, मेला गेट चौराहे पर नगर व्यापार मण्डल अध्यक्ष(मिश्रा गुट) अनूप मिश्रा,शहर के प्रमुख व्यापारिक हृदय स्थल मेला सिंह चौराहे पर नगर व्यापार मण्डल-पलिया कलां के अध्यक्ष गौरव गुप्ता व महामंत्री राजीव शुक्ला, गोहनिया इलेक्ट्रॉनिक वर्कशाप पर पूर्व सभासद जसपाल सिंह गोहनियाँ, सेमरी पुरवा गाँव मे पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा शरद बाजपेयी, विधायक रोमी साहनी, समाज सेवी आलोक मिश्रा व अवधेश मौर्या आदि द्वारा ध्वजारोहण, संस्कृतिक एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम सम्पन्न हुये वहीं अधिकारियों ने अधीनस्थ कर्मचारियों को कर्तव्य निष्ठा व राष्ट्रीयता की शपथ दिलाई। सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गान के उपरांत गणमान्यजनों ने कहा कि हमारे गणतंत्र का पचहत्तरवां वर्ष, कई अर्थों में, देश की यात्रा में एक ऐतिहासिक पड़ाव है, गणतंत्र की मूल भावना से एकजुट होकर 140 करोड़ से अधिक भारतवासी एक कुटुंब के रूप में रहते हैं। गणतंत्र दिवस हमारे आधारभूत मूल्यों और सिद्धांतों को स्मरण करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है उक्त उद्गार जिला महामंत्री अमित महाजन,पालिकाध्यक्ष केबी गुप्ता, ईओ महेंद्र चौधरी, नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता,तहसील महामंत्री राजेश कुमार गुप्ता, महामंत्री राजीव शुक्ला,अनूप मिश्रा आदि ने व्यक्त करते हुये राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्य के संकल्प को दोहराया।

विभिन्न कार्यक्रम के दौरान व अनूप कुमार गुप्ता, श्याम आनन्द,कृष्ण दत्त सिंघल, जसवीर फ्लोरा, रितेश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल,अमित बाथम, दिनेश गर्ग, राजेश गुप्ता, राजकुमार जायसवाल,अब्दुल खालिक, आशीष सिंह, रमेश चंद्र गुप्ता, विक्रम गुप्ता, अनूप गुप्ता, रघुनाथ राठौर,अनूप कनौजिया, बांकेलाल गुप्ता, ताराचंद्र गुप्ता,प्रयाग कुमार,पंकज गुप्ता, मो. आरिफ, विनीत गुप्ता, रोहित गुप्ता सहित अनेकों व्यापारीगण व नागरिक गण उपस्थित रहे।

# अपना अधिकार मंच का सामाजिक समरसता समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




काकोरी लखनऊ।गणतंत्र दिवस के मौके पर अपना अधिकार मंच द्वारा सामाजिक समरसता समारोह का आयोजन अंधे की चौकी हरदोई रोड दुबग्गा में किया गया।जिसकी अध्यक्षता संरक्षक राजा महिपतम ऊ जलील अहमद द्वारा की गई।अध्यक्ष अधिवक्ता रंजीत कुमार रावत द्वार ने कहा जब तक समाज के हर टपके को समुचित भागीदारी नहीं दी जाएगी तब तक इस देश का विकास संभव नहीं है।जिसमें भारी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं वरिष्ठ अधिवक्ता गण व सेंट्रल बार एसोसिएशन लखनऊ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंद कुशवाहा,उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह सहित सपूर्ण कार्यकारणी को सम्मानित किया गया।आम के महामंत्री जुनैद अहमद शीबू ने कहा की हमे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने अब बहुत जरूरी हो गया है साथ ही अपने देश के लिए संविधान में दी गई जिमेदारियो को भी निभाना बेहद जरूरी है।कार्यक्रम में अधिवक्ता गण पूर्व अध्यक्ष जीएन शुक्ला चच्चू,जीतू यादव,अध्यक्ष सुरेश पांडे, अनुराग दिक्षित,वसीम सिद्दीकी,पूर्व मंत्री इंतजार आबिदी बॉबी,परमेश्वर गौतम अध्यक्ष मलीहाबाद सहित पुर्ण कार्यकारणी सहित सैकड़ों अधिवक्ता व कृपा शंकर मौर्य,ताहिर अली,फुरकान अहमद,शिव कुमार पाल,राम विलास पाल,अब्दुल हाई,शराफत अली,नदीम अब्दुल रहमान,मतीन प्रधान,जैद प्रधान, फैजू बृजेश रावत,विनय रावत,राम मिलन यादव,इजहार अहमद,गिरेन्द्र पाल सिंह, अंकुर गौतम,अरुण साहू महामंती एएफटी बार आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## स्मृति ईरानी दो लाख लोगों को करायेंगी प्रभु श्रीराम के दर्शन

अमेठी । केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र के दो लाख से अधिक लोगों को बसों के माध्यम से श्री अयोध्या धाम भेजकर प्रभु श्रीराम का दर्शन करायेंगी। इसी के साथ तीन लाख अधिक घरों तक प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का प्रसाद पहुंचायेंगी।क्षेत्र में घर घर प्रसाद पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है।केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि क्षेत्रीय सांसद के निर्देश पर उत्थान सेवा संस्थान द्वारा अमेठी संसदीय क्षेत्र के तीन लाख परिवारों तक प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का प्रसाद पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है। फरवरी के प्रथम सप्ताह में संसदीय क्षेत्र के दो लाख से अधिक लोगों को श्री अयोध्या धाम की श्रवण यात्रा पर बस से भेजा जायेगा और सभी को प्रभु श्रीराम का दर्शन करवाया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि पहले चालीस हजार से अधिक लोगों को श्री अयोध्या धाम की श्रवण यात्रा करवाने की योजना थी आम लोगों की मांग पर दीदी स्मृति ने अपने संसदीय क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को अयोध्या धाम भेजकर प्रभु श्रीराम का दर्शन कराने के लिये उत्थान सेवा संस्थान से आग्रह किया है और जरूरत पड़ने पर इस संख्या को और बढ़ाया भी जा सकता है।

## विनायक इण्टर कालेज? व अन्य विद्यालयों में हर्षोल्लास से मनाया 75वां गणतंत्र दिवस

बांकेगंज-खीरी।शुक्रवार को घने कोहरे के बावजूद गणतंत्र दिवस का पावन पर्व क्षेत्र के विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों को देखकर दर्शक भाव विभोर हो उठे। कड़ाके की ठंड के बावजूद क्षेत्र के विनायक इंटर कॉलेज, जानकी देवी इंटर कॉलेज, श्याम मनोहर बाल विद्या मंदिर, आदर्श जनता मांटेसरी स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक विद्यालय पहुंचे। विनायक इंटर कॉलेज में बड़ी संख्या में महिलाएं भी कार्यक्रम को देखने के लिए पहुंची। नन्हें बच्चों को मंच पर नृत्य करते देख उनकी माताएं और अन्य महिलाएं भी प्रसन्न हुई। 23 मार्च 1931 को भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु को फांसी दिए जाने की घटना पर आधारित लघु नाटिका को देखकर कई दर्शकों की आंखों में आंसू आ गए। अपने नन्हें हाथों में तिरंगा झंडा लिए बच्चे सुशोभित हो रहे थे। मंच संचालन कर रहे विद्यालय के प्रचार्य धर्मवीर गुप्ता ने कार्यक्रमों के बीच में महापुरुषों के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को बच्चों को बड़े रोचक ढंग से बताया। जिसे कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे और अभिभावक ध्यान से सुनते रहे। भारत माता की जय से विद्यालय प्रांगण गूंजता रहा। कार्यक्रम के अंत मे पी एल मौर्य ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना 18 विधाओं का गुर सिखाएगी, देगी अनुदान

मीरजापुर। हलिया विकास खंड परिसर में जिला उद्योग विभाग की ओर से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना कैम्प का आयोजन शनिवार को किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि योजना के तहत सभी पात्र व्यक्तियों को कौशल सत्यापन के बाद पांच दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण तथा 15 दिन या उससे अधिक उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में 500 रुपये का दैनिक भत्ता देने का भी प्रावधान है। प्रशिक्षण से जुड़े उपकरणों को खरीदने के लिए प्रोत्साहन के रूप में 15 हजार रुपये भी केंद्र सरकार देगी।

# इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया गया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । मुख्यमंत्री जी के द्वारा वर्चुअल माध्यम से सीतापुर के बिसवां तहसील अंतर्गत शिवथान में स्थापित होने वाले इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट (निवेश लगभग 96 करोड़) का शिलान्यास किया गया। जनपद में कलेक्ट्रेट सभागार में उज्ज्वला योजना और अंत्योदय के लाभार्थियों को भी लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, माननीय विधायक सेउता ज्ञान तिवारी, जिलाधिकारी अनुज सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिशचन्द्र प्रजापति, उपायुक्त उद्योग, परियोजना निदेशक, उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अनेक अधिकारी व उद्यमी/व्यापारीगण मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जन पंचायत का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ।गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित पीडीए जन पंचायत पखवाड़े का राजधानी लखनऊ में शुभारम्भ सपा के प्रदेश सचिव एवं पूर्व मंत्री रामलखन चौरसिया ने 168 मलिहाबाद विधानसभा के ग्राम सेमरामऊ से किया।उन्होंने जन पंचायत के साथ ग्रामवासियों से बिजली व्यवस्था,बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी और सड़कों पर चर्चा की।बैठक का आयोजन लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश सचिव एवं जोनल प्रभारी अभय मुलायम सिंह यादव ने किया।अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौर्य व संचालन जिला निर्वाचन/प्रशासन प्रभारी टीबी सिंह ने किया।



रामलखन चौरसिया ने कहा कि समाजवादी सरकार में उत्तर प्रदेश में सड़कें बनी थी।विकास हुआ सौर ऊर्जा का प्लांट लगाकर सोलर विलेज विकसित किया था।जिसका उद्घाटन पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब ने किया था।उन्हें मिसाइल मैन कहा जाता है।वे बहुत बड़े वैज्ञानिक थे।जब समाजवादी सरकार थी उस समय कलाम साहब ने शिक्षा, शुद्ध पानी,गांवों में लोगों के बेहतर जीवन और गांवों में सोलर एनर्जी से बिजली देने पर चर्चा की थी।उनके सुझाव को समाजवादी सरकार ने जमीन पर उतारा।तमाम गांवों में सौर ऊर्जा का प्लांट लगाया।

जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों से क्यों नाराजगी दिखा रही है।समाजवादी सरकार में हुए विकास को क्यों रोक दिया गया? समाजवादी सरकार में अच्छी सड़कें थी लेकिन आज सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे हैं।भाजपा को ग्रामीणो और किसानों से पता नहीं क्या दुश्मनी है। मलिहाबाद निवर्तमान विधायक प्रत्याशी सोनू कनौजिया ने कहा कि आज से बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान में उल्लेखित सामाजिक न्याय की अवधारणा को ताकत देने के लिए दलित,पिछड़े,अल्पसंख्यक समाज एवं पीड़ित लोगों की बैठकें की जा रहीं हैं।विधानसभा क्षेत्र में पीडीए जन पंचायत हेतु जोन प्रभारी,सेक्टर प्रभारी,ब्लाक प्रभारी,नगर अध्यक्ष,विधानसभा अध्यक्ष तथा कमेटी एवं समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं के साथ पीडीए जन पंचायत हुई।ताकि 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में जनमत तैयार कर भाजपा को सत्ता से हटाया जाय।सोमू कनौजिया ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े,दलित, अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं हो रहे उत्पीड़न,शोषण तथा सामाजिक अन्याय के विरूद्ध पीडीए जन पंचायत के माध्यम से लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी संकल्पित है। पूर्व मंत्री रामलखन चौरसिया ने कहा कि आज रिकार्ड तोड़ बेरोजगारी है। ऐतिहासिक महंगाई है।चौतरफा भ्रष्टाचार है।देश के सौहार्द को खत्म करने की साजिश हो रही है।देश की एकता, भाईचारा और एकता का तानाबाना तोड़ने का काम भाजपा कर रही है।किसान ठगा महसूस कर रहा है।किसानों को फसलों की सही कीमत नहीं मिल रही है।नौजवान नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। निराश है।सड़कों पर सांड घूम रहे है। लोगों को मार रहे हैं।जनता भाजपा सरकार से परेशान है।जनता ने पीडीए के साथ रहने का मन बना लिया है।पीडीए 90 फीसदी आबादी की आवाज है। पीडीए ही लोकसभा चुनाव में एनडीए को हरायेगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख रूप नारायण यादव,शिव नन्दन सिंह,अजय सिंह चौहान, अनुराग यादव, राशिदअली,राजकुमार,सुदामा,दशरथ,एसपी चौरसिया,मुन्ना,जय सिंह यादव,डॉ विजय यादव,विजय श्री,लालमुन यादव,कृष्ण कुमार पप्पू,मनीष यादव,ज्योति प्रकाश यादव,डॉ केशरी राव मोहर सिंह यादव एडवोकेट,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गुड्डन यादव,अमर सिंह,मुन्ना लाल,सत्यनारायण,सन्तोष,ब्रजकिशोर,जगदीश,आशीष कमला,दिव्यरत्न,अविरल प्रताप सिंह,शेर बहादुर नन्हा,रमेश यादव,राकेश शर्मा,राजेश सविता,डॉ रवि,एसपी सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# गौशालाओं से आम जनमानस को जोड़कर करें सेवा : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। जनपद की सोलह गौशालाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले केयरटेकरों, पंचायत सचिवों व ग्राम प्रधानों को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के प्रांगण में आयोजित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अंतिम दिन पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसमें विकास खण्ड गौरीगंज के गोआश्रय स्थल पंडरी को प्रथम स्थान पर दस हजार रुपये, विकास खण्ड भादर के गो आश्रय स्थल टीकरमाफी को द्वितीय स्थान पर सात हजार पांच सौ रुपया तथा विकास खण्ड सिंहपुर के गो आश्रय स्थल रस्तामऊ को तृतीय स्थान पर पांच हजार रुपया प्रदान किया गया है।इसके अलावा सरैंया दुबान, कोरारी लच्छनशाह, कसारा, सिंगठी, सेंभुई, अलीपुर, गरथोलिया, पूरे पहलवान, मऊ अतवारा, शिवली, बिराज, खारा तथा मोहइया केसरिया को दो हजार रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया गया है।इसके अतिरिक्त इन सोलह गौशालाओं में कार्यरत पचहत्तर केयर टेकरों को ऊनी कम्बल पुरस्कार स्वरूप दिया गया।जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा है आप लोग गौशालाओं में जायें गायों की सेवा करें उनकी देखभाल करें उनको चारा खिलाएं तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को गौशाला से जोड़ें।इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जे पी सिंह ने बताया कि यह जिलाधिकारी द्वारा जनपद में चलाई गई अनोखी पहल है इस पहल से जहां एक और गौशालाओं में गोवंशों को बेहतर सुविधा मिलेगी वहीं दूसरी ओर उत्कृष्ट कार्य करने वाले गौशाला से जुड़े लोगों को सम्मानित भी किया जायेगा।उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में सिर्फ जनपद अमेठी में ही यह पहल की गई है इस पहल से निश्चित ही गौशालाओं में गुणात्मक सुधार होंगे। सीवीओ ने बताया कि दिसंबर माह में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित गौशाला की बैठक में उनके द्वारा गौशालाओं में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से जनपद की गौशालाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले केयरटेकरों, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधानों व पशु चिकित्सा अधिकारियों को पुरस्कृत करने का प्रस्ताव रखा गया था।

### गौशालाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले केयरटेकरों पंचायत सचिव और ग्राम प्रधानों को किया गया सम्मानित

### तिलोई की ग्राम प्रधान को किया सम्मानित

तिलोई अमेठी,जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने ओडीएफ प्लस माडल में उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्राम पंचायत तिलोई की ग्राम प्रधान अमिता गौतम और ग्राम पंचायत अधिकारी मोहन लाल मौर्या को प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने ग्राम प्रधान अमिता गौतम को बधाई दी है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में खाली रही कुर्सियां, बच्चों को बैठाकर की खानापूर्ति



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देने के लिए गांव-गांव विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम से दूरी बना ली है। जयसिंहपुर विकासखंड के बाहरपुर ग्राम पंचायत में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें कुर्सियां खाली रही। गांव के लोग कार्यक्रम में नही पहुंचे तो जिम्मेदारों ने स्कूली बच्चों को कुर्सियों पर बैठकर खानापूर्ति कर ली। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में सुना। नोडल अधिकारी एडीओ आईएसबी सूर्यकांत पांडेय ने कार्यक्रम में ग्रामीणों के नही पहुंचने पर ग्राम प्रधान को जमकर फटकार लगाई। इस लापरवाही पर नोडल अधिकारी ने कार्यवाही करने की बात भी कही। कार्यक्रम में खाद्य रसद विभाग, राजस्व विभाग, पशु विभाग व उधान विभाग के अधिकारी गायब रहे। इस मौके पर पंचायती विभाग, लघु सिंचाई विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत जल जीवन मिशन के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीसीटीवी कैमरा से लगा अपराधों पर अंकुश : एसपी



### थाना शिवरतनगंज में पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीवी कंट्रोल रुम का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । पुलिस अधीक्षक डा इलामारन जी ने शनिवार को थाना शिवरतनगंज में सीसीटीवी कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया इसके साथ ही सीसीटीवी जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।पुलिस अधीक्षक डा इलामारन ने बताया कि एक शोध के अनुसार सीसीटीवी कैमरा लगाने से अपराध दर में इक्यावन प्रतिशत की कमी आई है अगर कही अपराध होता है तो भी इसके अनावरण में सीसीटीवी का एक अहम रोल होता है।न्यायालय के साक्ष्य में भी इसका एक अहम रोल होता है। इसके अतिरिक्त, पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से एक महाअभियान आपरेशन दृष्टि चलाया जा रहा है इसमें अब तक थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कुल लगभग सोलह सीसीटीवी कैमरे लगाये जा चुके हैं।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रत्येक सक्षम और जागरूक व्यक्ति यदि उसका घर आम रास्ते पर है तो अपने दरवाजे पर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाये।पुलिस अधीक्षक ने कहा कमरौली थाना क्षेत्र में सर्वाधिक कैमरे लगाये गये हैं। पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, स्कूलों के प्रबंधकों, व्यापारियों के साथ ही अन्य सक्षम लोगों से अपने अपने मकानों दुकानों और सार्वजनिक स्थलों पर जनहित में आईपी बेस सीसीटीवी कैमरा लगवाने की अपील की है।इसकी आईपी लिंक स्थानीय थाने को उपलब्ध करायें इसकी मानीटरिंग पुलिस सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रुम से की जायेगी।पुलिस अधीक्षक ने लगभग पचास जरूरत मंदो को कम्बल वितरित किया।इस मौके पर उपजिलाधिकारी दिग्विजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी डा अजय कुमार सिंह,थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल, राजस्व निरीक्षक राम शंकर पाण्डेय,उप निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह, राम बहादुर सिंह, शत्रोहन लाल वर्मा, देवी दयाल मौर्या, मदन कुमार सिंह, विनोद कुमार वर्मा, लेखपाल मानस शुक्ला,माता प्रसाद जायसवाल, अशोक कुमार सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान एवं सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# बाल अपचारी घोषित करने के लिए अपने उम्र का प्रमाण दें : सचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिला कारागार में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता सिविर को संबोधित करते हुए अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक सिन्हा ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपराध की तिथि को 18 वर्ष से कम उम्र के बंदी अपने जन्म का प्रमाण दें तो उन्हें बाल अपचारी घोषित करने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उनकी मदद करेगा। अपर जिला जज अभिषेक सिन्हा ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला कारागार में निरुद्ध सभी महिला व पुरुष बंदी अपने जन्म का प्रमाण पत्र या शैक्षिक प्रमाण पत्र दें। इसके अलावा यदि वह पढ़े-लिखे नहीं है तो उनका मेडिकल कराकर उनके जन्म तिथी को प्रमाणित करते हुए संबंधित न्यायालय से बाल अपचारी घोषित करने के लिए भेजा जाएगा । राष्ट्रीय विधिक एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर सभी बंदियों को यह सुविधा दी जाएगी। अपने संबोधन में सचिव श्री सिन्हा ने कहा कि जो भी बंदी अपने प्राइवेट अधिवक्ता किए हैं वह उनसे भी अपने को बाल अपचारी घोषित करने के लिए अपने उम्र प्रमाण पत्र को संबंधित न्यायालय में दिलवा इसका लाभ उठाएं। इस अवसर पर जिला कारागार के प्रभारी जेलर गिरीश कुमार, डिप्टी जेलर राजकुमार , अधिवक्ता अमित कुमार पांडेय,अंजली कुमारी, पीएलबी सतीश कुमार पांडेय मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस पर डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### पुलिस लाइन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

अमेठी । जनपद में 75वां गणतंत्र दिवस बडे हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों को सामूहिक रूप से संकल्प ग्रहण कराया गया।कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी में जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज का दिन अमर शहीदों से प्रेरणा लेने का दिन है जिन्होने अपने प्राणो की आहूति दी जिसकी वजह से हम आजादी से जी रहे है।जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बडा संविधान है हमें अपने संविधान पर गर्व होना चाहिये यह सबको बराबरी, स्वतंत्रता एवं समान अवसर प्रदान करता है।हमें इस आजादी की रक्षा, देश व समाज का निर्माण, प्रेम तथा सदभावना व मेलजोल से रहना तथा सभी धर्मो का आदर करते हुये देश में अशांति और अराजकता फैलाने वाली शक्तियों के नापाक इरादों को पराजित करना होगा।डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों क्रमशः अशोक कुमार द्विवेदी, राजेश सिंह, परमानंद मिश्रा, चंद्रभानु यादव, श्याम सुंदर गुप्ता, पूजा शुक्ला, देवी शंकर तिवारी, हीरेश बहादुर सिंह, देवराज सिंह व चंद्र तिवारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा पुलिस लाइन अमेठी में जिलाधिकारी ने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली गई वहीं पुलिस लाइन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस के अधिकारियों, कर्मचारियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार सिंह,समस्त एसडीएम,पुलिस क्षेत्राधिकारी,थानाध्यक्ष सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### फॉर्च्यूनर सवार बदमाशों ने किशोर को मारी चाकू, मुकदमा पंजीकृत

सुल्तानपुर। फॉर्च्यूनर सवार चार बदमाशों ने किशोर के गले पर चाकू से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। गंभीर हालत में किशोर को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ ले जाया गया है। घायल किशोर अयोध्या जिले का रहने वाला है वो यहां मामा के घर पर रहकर पढ़ाई कर रहा है। ऐसे में मौसी की तहरीर पर जानलेवा हमले का मुकदमा बल्दीराय थाने में दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार अयोध्या जिले के इनायत नगर थाना अंतर्गत पूरे निहाली शुक्ल निवासी अय्यांश उर्फ रिंकू (16) पुत्र शिवकुमार शुक्ल जिले के बल्दीराय थाना अंतर्गत पूरे हनुमान दुबे मजरे एंजर गांव में अपनी मामी अनोखा पत्नी अवधेश दुबे के घर पर रहता था। वो राजदेव इंटर कॉलेज ऐंजर में कक्षा 9 का विद्यार्थी है। मौसी अनोखा ने बताया कि अय्यांश कल सुबह नौ बजे साइकिल से समरथपुर स्थित काली मां का दर्शन करने गया था। लौटते समय शाम करीब 3 बजे के आसपास सोनबरसा प्राइमरी स्कूल के पास फॉर्च्यूनर सवार चार बदमाशों ने उतरकर मेरे भांजे के गले पर चाकू से हमला बोला।

### प्रभारी एडीओ पंचायत के विरुद्ध महिला कर्मचारी के उत्पीड़न संबंधी गवाही पूरी

सुल्तानपुर। विकास खंड दूबेपुर में पदस्थ प्रभारी एडीओ पंचायत दिनेश कुमार सिंह के ऊपर ब्लॉक में कार्यरत महिला कर्मचारियों द्वारा उत्पीड़न करने की शिकायत राज्य महिला आयोग से की गई थी। शिकायतीपत्र में विकास खंड दूबेपुर में खंड प्रेरक स्वच्छ भारत मिशन के पद पर कार्यरत संगीता शुक्ला पत्नी शिवकुमार शुक्ला एवम अन्य महिला कर्मियों ने उक्त दिनेश कुमार सिंह द्वारा बेवजह उन्हे अपने कमरे पर बुलाने व अनावश्यक परेशान करने के आरोप लगाया है। उक्त आरोपों को जांच के लिए राज्य महिला आयोग के पत्र पर मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने अर्थ एवम संख्याधिकारी आशीष कुमार यथा समाज कल्याण विभाग में पदस्थ सुषमा वर्मा की जांच टीम बनाकर जांच आख्या देने के लिए निर्देशित किया था।उक्त प्रकरण में शनिवार को गवाहों ने जांच टीम के समक्ष प्रस्तुत होकर गवाही दी।पीड़ित महिलाओं को जल्द ही न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।

### भूले जिम्मेदारी, सरकारी भवनों पर नही फहराया तिरंगा

सुल्तानपुर। सरकारी तंत्र राष्ट्रीय पर्व को लेकर कितना गंभीर है, इसका उदाहरण गणतंत्र दिवस पर देखने को मिला। जयसिंहपुर में कई सरकारी कार्यालयों के भवनों पर राष्ट्र ध्वज नहीं फहराया गया। गणतंत्र दिवस पर जयसिंहपुर क्षेत्र के पशु अस्पताल और उपडाक घर तिरंगे से सूने नजर आए। इससे सरकारी कर्मचारियों की उदासीनता स्पष्ट नजर आ रही है।जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के सेमरी बाजार में स्थित सरकारी भवन राष्ट्र ध्वज फहराने से वंचित रह गए। उप डाकघर महमूदपुर सेमरी के कार्यालय भवन पर तिरंगा नही फहराया गया। यहां कोई भी कर्मचारी झंडा फहराने नही आया। पशु सेवा केंद्र सेमरी पर ताला लटका रहा। यहां पर भी राष्ट्र ध्वज नही फहराया गया। इससे अपने कार्य के प्रति जिम्मेदारों की लापरवाही स्पष्ट नजर आ रही है।

### तिवारीपुर में तीन दिवसीय श्रीराम कथा तीस जनवरी से शुरु

तिलोई अमेठी,विकास खण्ड तिलोई की ग्राम पंचायत ठोकरपुर के गांव छोटा तिवारीपुर में आगामी तीस जनवरी से गोर्वधन पूजा एव श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है।श्रीराम कथा के मुख्य यजमान नागेश्वर तिवारी ने बताया कि तीन दिवसीय गोवर्धन पूजा एव श्रीराम कथा का आयोजन आगामी तीस जनवरी से किया गया है आगामी दो फरवरी को विशाल भण्डारा आयोजित किया गया है। कथा व्यास आचार्य कमलेश मिश्र द्वारा नियमित दोपहर एक बजे से सायं पांच बजे तक श्रोताओं को श्रीराम कथा का रसपान कराया जायेगा।

### भाजपा नेता को जिला सलाहकार समिति का सदस्य बनाये जाने पर खुशी की लहर

अमेठी । केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा भाजपा मण्डल सिंहपुर के उपाध्यक्ष कुलदीप मिश्रा को नेहरु युवा केन्द्र संगठन जिला सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है।इनके मनोनयन पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही भाजपा नेताओं ने बधाई दी है। विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायत धीरापुर के गांव महेशपुर निवासी कुलदीप मिश्रा को केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा, संस्कृति के क्षेत्र से प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन से संदर्भित युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। नेहरु युवा केन्द्र के महानिदेशक नितेश कुमार मिश्रा द्वारा भेजे गये पत्र में लिखा गया है कि एक नामांकित सदस्य के रूप में आपका योगदान आपके जिले में युवा विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर मार्गदर्शन,सलाह और नए दृष्टिकोण प्रदान करने में महत्वपूर्ण होगा।यह युवा लोगों के जीवन में सार्थक योगदान देने और समुदाय में युवा कार्यक्रमों के भविष्य को आकार देने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।

# लेखपाल और भू-माफिया का गठजोड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### तालाब से अवैध कब्जा गिरवाने और जुर्माना वसूलने का निर्देश, 2 माह से ठंडे बस्ते में पड़ा आदेश

सुल्तानपुर। राजस्व कर्मी भू-माफियाओं से हाथ मिलाकर चल रहे हैं। ताजा मामला बल्दीराय तहसील क्षेत्र से सामने आया है। जहां 2 माह पूर्व तालाब से कब्जा हटाने और लगाए गए जुर्माने को वसूल करने का निर्देश तहसीलदार ने लेखपाल को दिया। लेकिन लेखपाल ने अधिकारी के आदेश को ठंडे बस्ते में डाल दिया। जिसको लेकर शिकायतकर्ता ने शिकायत की है। मामला बल्दीराय तहसील क्षेत्र के खनोहा गांव का है। बीते 20 नवंबर 2023 को तहसीलदार घनश्याम भारती ने गनोहा गांव में तालाब की जमीन पर मोहम्मद इसरार पुत्र इंतेखाबुद्दीन ने कब्जा कर उस पर बाउंड्रीवाल खींचकर शौचालय बना रखा है जिसे गिराने का आदेश दिया। साथ ही तहसीलदार ने 17,500 का जुर्माना भी भू-माफिया पर लगाया। तहसीलदार ने अपने आदेश में क्षेत्रीय लेखपाल को पुलिस बल के साथ कब्जा हटवाने को कहा। लेकिन आरोप है कि लेखपाल ने पुलिस से मिलकर आदेश की अवहेलना कर डाला। इसको लेकर शिकायतकर्ता ने एक बार फिर 26 जनवरी को ऑनलाइन शिकायत तहसीलदार से की है। बता दें कि कब्जेदारी हटाने को लेकर चले वाद में आरोपी और उसके अधिवक्ता तहसीलदार कोर्ट पर न ही हाजिर हुए और न ही कोई साक्ष्य पेश कर सका। जिसके बाद तहसीलदार ने कब्जा गिराने का आदेश दिया था।

### थाना समाधान दिवस में सुनी गई फरियादियों की समस्या

अमेठी । थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना मोहनगंज और शिवरतनगंज पर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई की गई और फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनको शीघ्र निस्तारित किये जाने का निर्देश दिया है। शनिवार को जनपद के थाना फुरसतगंज,इन्हौना, जायस, शिवरतनगंज, मोहनगंज सहित अन्य थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।थाना मोहनगंज और शिवरतनगंज पर पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी द्वारा आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये।

# उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिंह से सम्मानित हुए निरीक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। पुलिस ऑफिस में तैनात निरीक्षक (लिपिक) जलाल अहमद को गणतंत्र दिवस के अवसर पर डीएम कृतिका ज्योत्सना व एसपी सोमेन बर्मा ने ल्लउत्कृष्ट सेवा सम्मान चिंहल्ल विभूषित किया। उन्हें 35 वर्षों के जॉब पीरियड में अब तक 24 नगद पुरस्कार मिल चुका है।

59 वर्ष 5 माह 16 दिन के अपने जीवन में जलाल अहमद 35 वर्ष 3 माह 4 दिन पुलिस विभाग में जॉब करते हुए बीता चुके हैं। 20 अक्टूबर 1988 में जलाल अहमद कॉन्स्टेबल पद पर अधिसूचना मुख्यालय लखनऊ में भर्ती हुए। 1 जनवरी 1989 को सहायक उप निरीक्षक लिपिक के पद पर उन्हें पदोन्नति मिली। इसके बाद 31 मार्च 2016 को उप निरीक्षक लिपिक के पद पर और फिर 25 जनवरी 2021 को निरीक्षक लिपिक के पद पर पदोन्नति मिली। वे अधिसूचना मुख्यालय लखनऊ, सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ, लखनऊ परिक्षेत्र कार्यालय में नियुक्त रह चुके हैं। उन्हें अब तक सराहनीय कार्यों के लिए 24 नगद पुरस्कार, 1 उत्तम प्रविष्टि और 5 प्रशस्ति पत्र दिया गया है। 2017 में पुलिस महानिदेशक से सराहनीय सेवा सम्मान चिंह और 2019 में कुंभ मेला सकुशल संपन्न कराने में सीएम से कुंभ मेला मेडल सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

# तिलोई में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### परिषदीय और प्राइवेट स्कूलों के बच्चों द्वारा निकाली इगयी प्रभातफ़ेरी आकर्षण का केन्द्र रही

तिलोई अमेठी । क्षेत्र में गणतंत्र दिवस के पर्व पर शैक्षिक संस्थानों के साथ ही सरकारी भवनों व कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया।परिषदीय व प्राइबेट विद्यालयों के बच्चों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभात फ़ेरी निकाली गयी।बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को भावविभोर कर दिया गया।गणतंत्र दिवस पर तहसील तिलोई में उप जिलाधिकारी दिग्विजय कुमार सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। विकास खण्ड तिलोई में ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह पत्नी कृष्ण कुमार सिंह व खण्ड विकास अधिकारी विजय कुमार अस्थाना, विकास खण्ड सिंहपुर में ब्लाक प्रमुख में प्रमुख अंकित पासी,थाना शिवरतनगंज में थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल,थाना इन्हौना में प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह, कोतवाली जायस में प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह सिंह, बीआरसी तिलोई में बीईओ राम किशुन कश्यप,सिंहपुर में बीईओ हरिओम तिवारी ने ध्वजारोहण किया।आरबीएस इण्टर कालेज तिलोई में प्रबंधक कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, जनता जनार्दन इण्टर कालेज शंकरगंज में प्रबंधक मुन्ना सिंह, मनारुल उलूम पब्लिक स्कूल रुकुनपुर में प्रबंधक सलमान अख्तर नदवी,प्रताप नारायन मिश्र इंटर कालेज राजा फत्तेपुर में प्रबंधक उपेन्द्र मिश्रा ने ध्वजारोहण किया।मां सरस्वती पब्लिक स्कूल शिवरतनगंज, धनपाला पब्लिक स्कूल कैथागांव, संतपथिक इण्टर कालेज महेशपुर,ज्ञान ज्योति विद्यालय सिंहपुर में शिक्षारत बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और प्रभातफ़ेरी निकाली गई। विद्या कलश हाई स्कूल खानापुर चपरा के बच्चों द्वारा गणतंत्र दिवस पर झांकी निकाली गई।प्राथमिक विद्यालय टिकरी, खेखरुआ, सिंहपुर, सकतपुर, कुकहा रामपुर के साथ ही क्षेत्र के अन्य तमाम परिषदीय व प्राइबेट स्कूलों में भी गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाते हुये बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।

# कैसे कोंसू तुझको किस्मत तुझसे टूटे साज मिले कहर टीश नफरत में मुझको जीने का अंदाज मिले

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। गणतंत्र दिवस के अवसर पर गायत्री देवी पब्लिक इण्टर कॉलेज गायत्री नगर बहुरांवा बलदीराय सुल्तानपुर सुल्तानपुर में अखिल भारतीय टीवी कवि सम्मेलन में विद्यालय के संस्थापक सेवा निवृत अधिशाषी अभियन्ता डा0 राजकुमार द्विवेदी की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह की अध्यक्षता में शुरुआत हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम ऐंजर के ग्राम प्रधान राजेश द्विवेदी ने आए हुए कवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओ को अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ कानपुर से आई कवियत्री अंकिता शुक्ला की वाणी वन्दना से आरम्भ हुआ। कुशीनगर से आए कवि विकास चैरसिया ने कबिता पढ़ी जगमग-जगमग हुई अयोध्या, घर-आँगन सजवाया है,

ऊपर देखो आसमान में भगवा- रंग लहराया है सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। राष्ट्रीय कवि पुष्कर सुलतानपुरी ने कैसे कोसूं तुझको क़िस्मत, तुझसे टूटे साज मिले। कहर टीस नफरत में मुझको, जीने के अंदाज़ मिले कविता बहुत ही सराही गई। डा0 राकेश द्विवेदी ने

दशरथ नन्दन राम तुम्हारी जय हो।

जन जन के भगवान तुम्हारी जय हो।

सुनाया तो तालियों के साथ जय श्री राम के उदघोष भी लगे। रायबरेली से पधारे ओज के प्रसिद्ध कवि राजकिशोर सिंह ने नेता जी सुभाष जैसा कुछ भी जीत लाओ बन्धु तुम्हे इस विश्व का विजेता मान लेंगे हम।एक इंच सीमा यदि बढ़ा सकोगे भारत की सच कहता हूं तुम्हें नेता मान लेंगे हम। पढ़ा तो पूरा पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। प्रसिद्ध हास्य कवि नरकंकाल ने मेरी प्रेमिका गोबर फेंकने के बहाने आती थी ।घंटों हमसे बतियाती थी

जीने मरने की कसमें खाती थी

मोहब्बत के दुश्मन चंडालों ने

भैंस ही बेंच दिया उसके घरवालों ने । सुनाकर श्रोताओं को खूब हंसाया।

अयोध्या से आए कवि कर्मराज शर्मा तुकांत ने बालों से खुशबू आती अमराई जैसी है।महुवारी रस भरी-भरी गदराई जैसी है।किन शब्दों में किससे उसकी उपमा करूँ प्रिय। कोयल सी कुहके वो तो बौराई जैसी है। सुनाकर माहौल बसंती कर दिया। कवि सम्मेलन देर रात तक चलता रहा श्रोताओं ने कविता सुन कर मंत्र मुग्ध हो गए। कवि सम्मेलन में बीरेंद्र द्विवेदी, राम उचित दूबे, सुधीर श्रीवास्तव, पवन दूबे एडवोकेट, पप्पू मिश्रा, बब्बू मिश्रा, बृजेश दूबे, डाक्टर अविनाश दूबे, अवधेश पांडे, राजमणि, सर्वेश दूबे, जग नारायण तिवारी,जय किशन, हेमन्त मिश्रा, विपिन पांडेय, राजकरन शुक्ला, गुड्डू तिवारी समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# पत्नी की प्रताड़ना से परेशान युवक ने की खुदकुशी

## आखिरी मैसेज में लिखा- मौत का कारण मेरी पत्नी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास के न्यू इंदिरा कालोनी में रहने वाले एक डॉक्टर ने पत्नी और ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी का फंदा लगाकर जान दे है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा।डॉक्टर के क्लीनिक से पुलिस ने उसका सुसाइड नोट बरामद किया है।वही सुसाइड नोट में डाक्टर ने पत्नी साली व साले को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है मामले में मृतक के पिता ने उसकी पत्नी साली व साले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।सुसाइड नोट व तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।नगर कोतवाली क्षेत्र के न्यू इंदिरा नगर कालोनी के रहने वाले डॉक्टर.देवी दयाल (28) अपने घर पर क्लिनिक चलाते थे।उनका परिवार भी साथ में रहता था।लेकिन पिछले कुछ दिनों से उनकी पत्नी प्रिया परिवार से अलग रहने का दबाव बना रही थी।इस बात को लेकर अक्सर डॉक्टर व उनकी पत्नी में तकरार होती थी।

### फांसी की खबर सुनकर परिवार में मचा कोहराम

डॉ.देवी दयाल के परिवार को जैसे ही इस बात की खबर लगी परिवार वालों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा और

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।डॉक्टर देवी दायल की मौत से माता-पिता पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है परिवार चीख-चीखकर अपने बेटे के लिए न्याय की गुहार लगा रही है।इस पूरे मामले में मृतक के परिवार ने बेटे की हुई मौत से पहले लिखे पत्र और वीडियो को दिखाया है।वीडियो और पत्र के आधार पर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### पत्नी ने डॉक्टर को जान से मारने की दी थी धमकी

कुछ दिन पहले डॉक्टर को उसकी पत्नी प्रिया यादव, साली भारती व साले राजू ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। डॉक्टर देवी दयाल इस? तकरार से काफी परेशान रह रहे थे।पत्नी की प्रताड़ना से परेशान होकर उन्होने डॉक्टर ने आत्मघाती कदम उठा लिया और अपने क्लीनिक पर ही फंदे से लटक कर जान दे दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने डाक्टर की क्लीनिक से एक सुसाइड नोट बरामद किया है।सुसाइड नोट डाक्टर की तरफ से लिखा गया है। इसी नोट में डॉक्टर ने अपनी पत्नी प्रिया, साली भारती व साले राजू पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए तीनों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। मृतक के पिता श्यामनाथ यादव ने भी तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। पुलिस सुसाइड नोट और तहरीर के आधार पर घटना की छानबीन कर रही है।

### पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर दी जान

मौत से पहले लिखे गए सुसाइड नोच में डॉक्टर देवी दयाल ने अपनी पत्नी साली व साले पर गंभीर आरोप लगाए हैं।डॉक्टर ने लिखा है कि मैं डॉ देवी दयाल अपनी अपनी लाइफ खत्म करने जा रहा हूं।उसका कारण मेरी पत्नी प्रिया यादव और उसका परिवार है। मैं बहोत ज्यादा डिप्रेशन में हूं।वह जब से आई है तब से सिर्फ मेरे परिवार और मुझ पर इल्जाम लगा रही है।पिछले दो महीने से बहोत ज्यादा मेंटल टॉर्चर किया है उसने मेरा।मुझे व मेरे परिवार को बुरा बोलती है।मैं पागल हो गया हूं। उसकी बात से मेरी पूरी लाइफ चेंज हो गई है। उसके शक और मिस अंडरस्टैंडिंग की वजह से आज मैं सुसाइड करने जा रहा हूं।

# डीएम व एसपी ने स्ट्रांग रूम व डिस्पैच केन्द्र का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत से शहर क्षेत्र में भ्रमण कर नवीन गल्ला मण्डी स्थित स्ट्रांग रूम बडगाँव व डिस्पैच केन्द्र शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज टॉमसन का निरीक्षण किया वही स्ट्रांग रूम की शटर की सील का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि बिना अनुमति स्ट्रांग रूम में कोई भी प्रवेश नहीं करेगा।ईवीएम और वीवीपैट मशीनों से छेड़खानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल डिग्री कॉलेज में 75 वां गणतंत्र दिवस धूम-धाम के साथ मनाया गया




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल डिग्री कॉलेज लखनऊ के विवेकानंद सभागार में 75 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय और इंटर कॉलेज के छात्र- छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक डॉ डी सी श्रीवास्तव, प्रबंधक सी एल सिंह, प्राचार्या डॉ वी के श्रीवास्तव, महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ रामाऔतार कन्नौजिया, डॉ बृज मोहन श्रीवास्तव, डॉ महिमा सिंह , डॉ उषा खंडूरी, डॉ सुशीला पांडेय, प्रकाशिनी,भावना सेठी,नावेद आलम, टी के चौधरी, राखी सिंह, संतोष रावत,शीला श्रीवास्तव, पूनम, पंकज,रुबी,इरम,साक्षी,आरती,मीनाक्षी, नवनीत,विनीता,प्रभा, आदि उपस्थित रहे।

# एसपी ने थाना समाधान दिवस पर सुनी जनता की जनसमस्याएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा थाना परसपुर में जनसुनवाई की गई गई।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जनता की जनसमस्याओं को सुना तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

थाना देहात कोतवाली में जनसुनवाई के दौरान कुल आठ शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें दो प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण हेतु मौके पर भेजा गया अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने थाना नवाबगंज में जनसुनवाई की गयी।इसी प्रकार क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह थाना खरगूपुर, क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा थाना इटियाथोक, क्षेत्राधिकारी तरबगंज सौरभ वर्मा थाना वजीरगंज, क्षेत्राधिकारी करनैलगंज थाना कटराबाजार व प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया।समस्त थानों में कुल 123 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए,जिसमें 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर रवाना किया गया।इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# गैंगस्टर एक्ट में सजा के खिलाफ बाहुबली मुख्तार अंसारी ने दाखिल की अपील

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाहुबली मुख्तार अंसारी की गैंगस्टर एक्ट के अपराध में सजा के खिलाफ अपील सुनवाई हेतु स्वीकार कर ली है। विशेष अदालत एमपी एमएलए गाजीपुर की पत्रावली 10 हफ्ते में पेश करने का निर्देश दिया है।पत्रावली आने के बाद जमानत अर्जी की सुनवाई के लिए अपील 8 अप्रैल को पेश करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से भी तब तक लिखित आपत्ति दाखिल करने का समय दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने मुख्तार अंसारी की सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई करते हुए दिया है।

मालूम हो कि मुख्तार अंसारी पर गैंग लीडर होने और आपराधिक गैंग आपरेट कर भय व आतंक फैलाने के आरोप में गाजीपुर के करंडा थानाध्यक्ष ने 2 जून 10 को एफआईआर दर्ज कराई। गैंग चार्ट के हवाले से कहा गया कि भय से लोग केस नहीं दर्ज कराते। गवाही देने से डरते हैं। विशेष अदालत ने मुख्तार अंसारी को 10 वर्ष की कैद व पांच लाख का जुर्माना लगाया और सोनू यादव को पांच वर्ष की कैद व दो लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। जिसको अंसारी ने अपील में चुनौती दी है।

# शिक्षकों को शिक्षण एवं शैक्षणिक क्षेत्र की नवीन प्रविधियों को जानना आवश्यक : विनय कुमार सिंह

झांसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा संस्थान एवं टेक्नोलॉजी इनेबल केंद्र द्वारा दो साप्ताहिक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एवं कुल सचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार शिक्षक एवं शैक्षणिक प्रदर्शन में नवीन परिवर्तन होते रहते हैं। वर्तमान में शिक्षा प्रदान कर रहे शिक्षकों के लिए आवश्यक है कि वह इन नई प्रविधियों को सीख कर छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकें।

इसके लिए इस प्रकार के क्षमता निर्माण कार्यक्रम महत्वपूर्ण है वह भी विशेष कर युवा शिक्षकों के लिए। एकेडमिक दिन प्रोफ़ेसर एसपी सिंह ने कहा कि उच्च शिक्षा में शोध का अपना अलग महत्व है। वैश्विक स्तर पर लगातार हो रहे शोध, शोध प्रणालियों एवं उनके निष्कर्ष के बारे में लगातार जागरूक रहना चाहिए। क्षमता निर्माण कार्यक्रम में सहभागी शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने निश्चित ही विषय विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की होगी। कला संकाय अध्यक्ष प्रो मुन्ना तिवारी ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान की।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर इस प्रकार के प्रयास करता रहता है कि छात्र एवं शिक्षकों दोनों का विकास हो सके। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। क्षमता निर्माण कार्यक्रम का संचालन कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ काव्या दुबे द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन आयोजन सचिव डॉ शंभू नाथ सिंह ने एवं आभार सह पाठ्यक्रम समन्वयक डॉक्टर सुनील त्रिवेदी ने दिया।क्षमता निर्माण कार्यक्रम भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित था। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए फैकल्टी मैंबर द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रमुख रूप से, उ.प्र.,म.प्र., बिहार, दिल्ली, महाराष्ट्र आदि राज्यों से आए प्रतिभागियों हिस्सा लिया। विभिन्न शिक्षण संस्थानों से पधारे विषय विशेषज्ञों में प्रो विनीत कुमार, प्रो विजय कुमार वर्मा, प्रो एस एस कुशवाहा, प्रो एस पी गुप्ता, प्रो अमित आहूजा, डॉ अंकिता, डॉ किरनलता डांगवाल, प्रो कौशल किशोर, प्रो एस एस त्यागी, प्रो गौरव राव, प्रो सिरीष पाल ने छात्रों को नवीन प्रणालियों, विषयों, शोध प्रविधियों पर देश के अनेक विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की।

# खेत में मिला बुजुर्ग का शव, जांच में जुटी पुलिस परिजनों ने पड़ोसियों पर लगाया हत्या का आरोप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडाः गन्ने के खेत में एक बुजुर्ग का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिलने से हड़कंप मच गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची कर्नलगंज कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।बुर्जुर्ग सुबह घर से निकले थे।दोपहर तक न लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की तो खेत में शव पड़ा मिला।फिलहाल करनैलगंज कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।दरअसल करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चाईंपुरवा नारायणपुर माझा के रहने वाले 60 साल के चिमन यादव अपने घर से सौ मीटर की दूरी पर स्थित गन्ने के खेत में काम करने गए थे।दोपहर तक घर पर खाना खाने के लिए नहीं आए तो परिजनों ने को शंका हुई। खोजबीन शुरू की तो गन्ने के खेत में बीचो-बीच संदिग्ध परिस्थिति में शव पड़ा मिला। परिजनों ने कर्नलगंज कोतवाली पुलिस को मामले की सूचना दी। करनैलगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वहीं बुजुर्ग के परिजनों ने पुराने रंजिश को लेकर पड़ोसियों पर ही हत्याकर खेत में छुपाने का आरोप लगाया है। वहीं पूरे मामले को लेकर करनैलगंज कोतवाल हेमंत गौड़ ने बताया कि गन्ने के खेत में एक बुजुर्ग का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर भी जांच की जा रही है।

# 400 का लक्ष्य पार करने को संकल्पित भाजपा चली गांव की ओर, हर घर देगी दस्तक

## संगठन की मजबूती व विजय का आधार बनेगा गांव चलो अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव को लेकर 400 का लक्ष्य पार करने को संकल्पित भाजपा अब गांव की ओर निकल पड़ी है। गांव चलो अभियान के माध्यम से भाजपा चार फरवरी से 11 फरवरी तक प्रत्येक गांव तथा बूथ तक पहुंचकर व्यापक जनसंवाद अभियान चलाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता गांव में प्रवास करेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार की सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की योजनाएं तथा विकसित भारत का विजन लेकर चौपालों तथा बूथों पर चर्चा करेंगे।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में शनिवार को गांव चलो अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला एवं लोकसभा बैठक राजधानी लखनऊ के विश्वैश्वरैया प्रेक्षागृह में संपन्न हुई।कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) शिव प्रकाश ने कहा कि इस बार प्रत्येक बूथ पर गत चुनाव की अपेक्षा 10 प्रतिशत अधिक मत प्राप्त करने का लक्ष्य है। संगठन के विभिन्न अभियान व कार्यक्रम लक्ष्य को प्राप्त करने का माध्यम है। हर बूथ, हर क्षेत्र में संगठन की मजबूती में गांव चलो अभियान नींव का पत्थर साबित होगा। यह अभियान मिशन 2024 में विजय का आधार बनेगा। गांव चलो अभियान में प्रत्येक प्रवासी कार्यकर्ता 24 घंटे प्रवास करेंगे। सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के साथ राष्ट्र की सुरक्षा व विश्व में भारत के बढ़ते सम्मान से राष्ट्र का यशोगान लेकर गांव में संवाद करेंगे।प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि जिन संकल्पों को लेकर भारतीय जनता पार्टी जनता के बीच पहुंची, ऐसे सारे संकल्पों को मोदी सरकार व योगी सरकार ने पूरा किया है। कार्यकर्ता गांव-गांव हर घर की दहलीज पर दस्तक देकर भाजपा सरकार की योजनाएं पहुचाएंगे। प्रदेश की जनता का विश्वास सरकार के प्रति तथा सरकार की सुदृढ़ कानून व्यवस्था के प्रति अडिग है। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से 26 करोड़ लोगों तक सीधा संवाद करना है। शत-प्रतिशत विजय का संकल्प लेकर प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य प्राप्त करना है।राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि गांव चलो अभियान बूथ स्तर पर लोगों से सीधे जुड़ने का माध्यम बनेगा और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के साथ आत्मनिर्भर भारत, विश्व का नेतृत्व करने वाले भारत, चंद्रमा तथा सूर्य को मापने वाला भारत, सांस्कृतिक, आर्थिक, सामरिक सामर्थ्यवान भारत के साथ जनसंवाद का माध्यम बनेगा।

### इस बार प्रत्येक बूथ पर 10 प्रतिशत अधिक मत प्राप्त करने का लक्ष्य

### गांव चलो अभियान में प्रत्येक प्रवासी कार्यकर्ता 24 घंटे करेंगे प्रवास

# श्रीराम मंदिर दर्शन के टेंट सिटी में श्रद्धालुओं के लिए भोजन स्टॉल शुरु

अयोध्या। श्रीराम मंदिर दर्शन में श्रद्धालुओं के लिए भोजन व्यवस्था में 21 स्थलों पर भण्डारे की व्यवस्था की गई है। 13 स्थलों पर शुक्रवार से भण्डारा प्रारम्भ कर दिया गया है। जिनमें टेंट सिटी के प्रयाग नगर में भण्डारा प्रारम्भ कर दिया गया है। अयोध्या कैंट में एक तथा अयोध्या धाम में 11 स्थलों पर भण्डारे प्रारम्भ कर दिए गए हैं।भोजन व्यवस्था प्रमुख मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया कि टेंट सिटी के छह नगरों में अलग-अलग भण्डारे चलेंगे। टेंट सिटी के भण्डारों में प्रांतवासियों की रूचि के अनुसार भोजन की व्यवस्था की जा रही है। अल्पाहार की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से यह भण्डारे संचालित किए जा रहे हैं।अयोध्या के भाजपा प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया कि फटिक शिला आश्रम, राम घाट हाल्ट पर पांच हजार, निरीक्षण भवन सिंचाई विभाग राम की पैड़ी पर ढाई से तीन हजार, पंचवटी आश्रय गृह के पास पांच हजार, रघुकुल रेस्टोरेंट के बगल लगभग 3000, श्री राम भद्राचार्य कथा स्थल पर तीन से पांच हजार की, दन्त धावन कुण्ड में पांच हजार, हरी वाटिका तुलसी उद्यान डेढ़ से दो हजार, राज गोपाल मंदिर निकट छोटी देवकाली 1500 से 2000 की क्षमता के भण्डारे संचालित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त बागी मंदिर सब्जी मंडी के सामने दो हजार, कारसेवकपुरम पांच हजार, राजूदास का आवास रामकोट में 2.5 हजार, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर 2.5 से तीन हजार, बड़ा फाटक मंदिर रामघाट 2.5 हजार, अयोध्या कैंट जंक्शन के पास स्काउट गाइड मैदान में 3 हजार क्षमता के भण्डारों का संचालन होगा। हनुमान बाग में भण्डारा चलने की योजना है।आवास व्यवस्था प्रमुख अभिषेक मिश्र ने बताया भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल रविवार प्रात 10 बजे टेंट सिटी पहुंचेंगे। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार, हरियाणा सहित कई प्रांतों के कार्यकर्ता व्यवस्था की दृष्टि से अयोध्या पहुंच चुके हैं।

# भारत देश सोने की चिड़िया, त्याग, संस्कार और सर्वेभवन्तु सुखिन: के कारण रहा है : स्वर्णलता

## शिक्षित होने से भारत हमेशा उन्नति की ओर अग्रसर रहेगा: महादेव प्रसाद यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । टी. डी. गर्ल्स इण्टर कालेज गोमती नगर, लखनऊ में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रहमा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से पधारी बहन स्वर्णलता ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की और बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा देश सोने की चिड़िया, त्याग, संस्कार और सर्वेभवन्तु सुखिनः के कारण रहा है। हम सभी भारत देश के वासी है, इसलिए हमें भारत का खान पान, पहनावा और इस देश की संस्कृति पर गर्व करते हुए इसे सदैव ही अपनाना है।

छोटे छोटे बच्चों ने राम आयेंगे गीत पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने शिक्षा की रोशनी, झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई एवं दीप दान आदि नाटकों का मंचन कर त्याग और बीरता को बनाएं रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने कहा कि हमारे वीर सैनिक सीमाओं पर डटे हुए है और इसीलिए हम सभी चैन की बीन्द सोते है। देश के लोगों कोई ऐसा काम नही करना चाहिए जिससे हमारे तिरंगे की शान कम हो और देश का नाम खराब हो। विद्यालय के प्रबन्धक महादेव प्रसाद यादव ने कहा कि हमारा देश हमेशा उन्नति की ओर अग्रसर रहेगा, इसके लिए हम सभी का शिक्षित होना अति आवश्यक है। इसके लिए समाज के हर तबके को आगे आना होगा, साथ ही हमेशा संस्कारों के दीप जलाने होंगे। गणतंत्र दिवस के विभिन्न काय्रक्रमों को तैयार कराने में श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती प्रिया सिंह, श्रीमती पूनम सिंह, सुश्री रेखा पाण्डेय ने विशेष सहयोग किया। मंच का संचालन श्री सुभाष बाजपेयी एवं श्रीमती राधा शुक्ला ने किया।

# राष्ट्र की चेतना का विस्तार पत्रकारों की क़लम से ही हुआ : रविन्द्र जायसवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। प्रदेश के स्टाम्प व पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत की प्रगति, लोकतंत्र और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का भव्य उत्सव है। इसलिए गणतंत्र दिवस का अपना अलग महत्व है। राज्यमंत्री पराड़कर स्मृति भवन में गणतंत्र दिवस और वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

आयोजित समारोह में राज्यमंत्री ने संपादकाचार्य पंडित बाबूराव विष्णु पराड़कर की स्मृति में स्थापित पराड़कर स्मृति भवन को राष्ट्र की धरोहर घोषित करने के साथ ही पत्रकारों के लिए सम्मानजनक पेंशन और पत्रकारपुरम फ़ेज़-2 की भी वकालत की और इस दिशा में अपने स्तर पर प्रभावी भूमिका निभाने का आश्वासन दिया।उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र की चेतना का विस्तार पत्रकारों की क़लम से ही हुआ है। पत्रकारों की भूमिका विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका का मार्ग प्रशस्त करती है। कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने पत्रकारों की भूमिका की सराहना की।सपा के विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने पत्रकारों के लिए प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने पर जोर दिया।

इस मौके पर प्रमुख उद्यमी महेशचन्द्र गुप्ता, प्लानर इंडिया के चेयरमैन श्याम लाल सिंह और युवा समाजसेवी अमन कबीर को सम्मानित किया गया। आगन्तुकों का स्वागत संघ के महामंत्री अखिलेश मिश्र व अध्यक्षता अध्यक्ष डॉ अत्रि भारद्वाज तथा संचालन वाराणसी प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरुण मिश्र ने किया। संघ के कोषाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी, क्लब के मंत्री विनय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता और उपाध्यक्ष संजय गुप्ता ने अतिथियों को बुके व अंगवस्त्रम प्रदान किया। इसी क्रम में आनंद चंदोला खेल महोत्सव के द्वितीय चरण में आयोजित 36वीं दीनानाथ गुप्त स्मृति मीडिया बैडमिंटन, विश्वनाथ सिंह दद्दू टेबल टेनिस एवं कैरम के एकल व लकी युगल विजेता व उपजेता सहित शतरंज के पहले छह स्थानों पर रहने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

# मुरादाबाद के क्रिकेटर कृष्णा का उत्तर प्रदेश अंडर-14 क्रिकेट टीम में चयन

मुरादाबाद। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि अंडर-14 मुरादाबाद के क्रिकेटर खिलाड़ी मुरादाबाद निवासी कृष्णा का चयन उत्तर प्रदेश अंडर 14 क्रिकेट टीम में हो गया है।विजय गुप्ता ने आगे बताया कि कृष्णा अगले माह चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे और उत्तर प्रदेश के साथ मुरादाबाद का भी नाम रोशन करेंगे। शनिवार को डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के पदाधिकारी ने कृष्णा को उत्तर प्रदेश अंडर 14 क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

# जातीय भेदभाव को दूर करने के लिए आजीवन प्रयासरत रहे कर्पूरी ठाकुर : लल्लू सिंह

अयोध्या। सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने पर सांसद लल्लू सिंह ने मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। 1942 के भारत छोड़ों आंदोलन में वे जेल भी गए थे। दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे। वे जातीय भेदभाव को दूर करने के लिए वे आजीवन प्रयासरत रहे।

उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन सबके लिए भी है, जो पिछड़ों और शोषितों के उत्थान के लिए सामाजिक और राजनीतिक रूप से कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न का सम्मान देकर समाज के हर उस व्यक्ति का सम्मान किया है।

# उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम में मनाया गया गणतंत्र दिवस आईपीएस प्रकाश डी ने पढ़ा भारतीय गणतंत्र का संकल्प

**– उत्कृष्ट सेवाओं के लिये 6 कार्मिकों को प्रशंसा पत्र एवं 10 कार्मिक नगद पुरस्कार से हुए सम्मानित**

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रकाश डी आईपीएस, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उप्र0 पुलिस आवास निगम लखनऊ द्वारा निगम मुख्यालय प्रांगण में देश के 75वें गणन्तन्त्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हुए तथा झण्डा अभिवादन के साथ ही निगम के सभी कार्मिकों व 35वीं वाहिनी पीएसी की टुकड़ी के साथ राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया गया। इस मौके पर प्रकाश डी ने भारतीय गणतंत्र का संकल्प को पढ़ा एवं प्रकाश डी ने निगम के कार्य कलापों तथा उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए अपने सम्बोधन में बताया कि निगम को आईसीएल प्रा. लि0 द्वारा प्लानिंग, डिजाईनिंग, कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट हेतु आईएसओ प्रमाण पत्र निर्गत है जो 30 नवम्बर 2026 तक वैध है। निगम वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक लगभग 200.02 करोड़ रूपये के निर्माण कार्य सम्पादित कर 5.73 करोड़ रूपये का लाभ अर्जित कर चुका है तथा अब तक का संचित लाभ 35.25 करोड़ रूपये है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में अर्जित लाभ से 15 लाख रूपये की धनराशि राज्यपाल को प्रदान की गई व सीएसआर मद में 17.58 लाख रूपये की राशि उप्र. पुलिस मार्डन स्कूल को शीघ्र ही प्रदेश पुलिस प्रमुख एवं पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश प्रदान की जानी है। यह निगम पुलिस के लगभग 175 आवा./अना. भवन व 23 पुलिस मार्डन स्कूल के कार्य करवा रहा है जिनमें से पुलिस के 58 बहुमंजिला भवनों में से 08, 29 अग्निशमन केन्द्रों में से 11 अग्निशमन केन्द्र पूर्ण रूप से व 21 आंशिक रूप से, 20 थानों में से 05, 09 पुलिस चौकी में से 05 व 05 एटीएस फील्ड यूनिट तथा कारागार विभाग के भवन पूर्ण कर हस्तगत किये जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त महिला पुलिस कर्मियों हेतु प्रदेश के 1190 थानों के महिला प्रसाधन कक्षों में से लगभग 900 प्रसाधन कक्षों को पूर्ण हो चुके हैं तथा अवशेष महिला प्रसाधन कक्ष भी 28 फरवरी 2024 तक पूर्ण कर दिये जायेंगे। प्रदेश के 75 जिला में इनवेस्टीगेशन रूम तथा कुम्भ मेला प्रयागराज के कार्यों की स्वीकृति शीघ्र मिलना अपेक्षित है। वहीं इस मौके पर निगम कार्यों में सराहनीय योगदान व उत्कृष्ट सेवाओं के लिये 6 कार्मिकों को प्रशंसा पत्र तथा 10 कार्मिकों को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



# बेख़ौफ़ चोरो ने रात के अंधेरे में लाखों के ज़ेवर नगदी चोरी कर फ़रार,जाँच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रहीमाबाद/लखनऊ। बेख़ौफ़ चोरों ने रात के अंधेरे में एक घर को निशाना बनाकर लाखों के जेवर व 20 हजार रुपयों की नगदी लेकर फ़रार हो गये। पीड़ित ने थान पर तहरीर दी है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गहदों निवासी सुधीर कुमार श्रीवास्तव के घर को अज्ञात चोरों ने बीती रात निशाना बनाकर घर में रखे बक्से का ताला व दो अलमारियों का लाकर तोड़कर उसमें रखे 20 हजार रुपयों की नकदी सहित सोने के जेवर एक हार, 4 कंगन,4 अंगूठी,तीन जोड़ी झुमके,एक चेन व चांदी की एक जोड़ी पायजेब व कमरबंद चोरी कर चम्पत हो गये। जिसकी कीमत करीब 4 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल



रहीमाबाद थाना क्षेत्र में लगातार चोरियां हो रही है। रोजगार सेवक की बाइक चोरी हो गयी थी। साथ विगत सप्ताह सरैया मवईकला में एक महिला को कमरे में बंद चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। उसी दिन जिन्दौर में एक घर को निशाना बना बर्तन उठाने के साथ उसी रात्रि में चोरी चारपहिया वाहन के टायर खोल लें गये थे। जिनकी रहीमाबाद थाने पर पीड़ितों ने तहरीर दी थी। लेकिन रहीमाबाद पुलिस चोरों को पकड़ने में निरंकुश साबित हो रही है। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# दंत सम्वर्ग उत्तर प्रदेश का आयोजित हुआ पहला प्रादेशिक वार्षिक अधिवेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रोविंशियल मेडिकल सर्विसेज ऑफिसर्स रिटायर्ड वेलफ़ेयर एसोसिएशन दंत सम्वर्ग उत्तर प्रदेश द्वारा अपना पहला प्रादेशिक वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के सरकारी डॉक्टर्स की मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। पीएमएस ऑफिसर्स रिटायर्ड वेलफ़ेयर एसोसिएशन के महामंत्री डॉ आर के सैनी ने मांगों को लेकर कहा कि पुरानी पेंशन योजना बहाली, रिटायरमेंट आयु बढ़ाने के फैसले को वापस लिया जाए, वीआरएस का प्रावधान लागू किया जाए, पीएमएस एसोसिएशन के चुनाव करवाए जाए, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए एसोसिएशन लगातार आवाज उठाती रही है और हमारा संघर्ष अभी भी जारी है। वहीं एसोसिएशन दंत सम्वर्ग के स्टेट कॉर्डिनेटर डॉ स्वयं प्रकाश ने मांगों को लेकर कहा कि दंत सम्वर्ग का कैडर रिव्यू किया जाए, दंत सेवाओं का सुदृढ़ीकरण किया जाए, दंत चिकित्सा का बजट बढ़ाया जाए, दंत चिकित्सा उपकरणों को मानकों के अनुसार व्यवस्थित करवाए जाए, कर्मियों के लिए दिशानिर्देश जारी किए जाए।




# ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ- मोहनलालगंज क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस जगह-जगह निकाली गई तिरंगा यात्रा तिरंगा यात्रा का जगह-जगह लोगों ने बढ़-चढ़कर स्वागत किया तिरंगा यात्रा के दौरान जय हिंद ,वंदे मातरम, भारत माता की जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा सरकारी अर्द्ध सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया शुक्रवार को मोहनलालगंज क्षेत्र में धूमधाम से 75 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया मोहनलालगंज तहसील में उप जिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य एवं कोतवाली परिसर में एसीपी राधा रमन सिंह ने ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी वहीं प्राथमिक विद्यालय गोपाल खेड़ा में पत्रकार एकता वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सिंह भंडारी ने अध्यापक व अध्यापिकाओं के साथ ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी वही गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में प्रधानाचार्य माया दीक्षित ,अपर्णा मिश्रा, दीप्ति पांडे ,मीनाक्षी, ज्योति दीक्षित ,प्रियंका श्रीवास्तव ,रीना यादव, एडवोकेट बलराम सिंह जगदीश सिंह सहित भारी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे वही मऊ बहुउद्देशी प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति पर अध्यक्ष रंजीत बक्श सिंह व उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण कर मौजूद समिति के डायरेक्टरो किसानों व ग्रामीणों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।



## अवध इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी एंड हास्पिटल ने मनाया गणतंत्र दिवस

लखनऊ। थाना गुडम्बा क्षेत्र में कुर्सी रोड स्थित अवध इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी एंड हास्पिटल में 75वें गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार को ध्वजारोहण किया गया। वहीं ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के बाद चेयरमैन और डायरेक्टर ने अपना अपना उद्बोधन भी दिया। गणतंत्र दिवस के इस मौके पर अवध इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी एंड हास्पिटल की तरफ से मौजूद स्टाफ समेत अन्य में मिठाई व समोसे का भी वितरण किया किया। इस मौके पर चेयरमैन दबीर अहमद, डायरेक्टर डॉ शिब्ली दबीर, सेक्रेटरी अलीम बेग व प्रिंसिपल अंकित शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक ने अपने स्टाफ के साथ किया ध्वजारोहण

पुरनपुर।पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मंडल के पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 75 वा गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्टेशन अधीक्षक विपिन सोलंकी के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया इस अवसर पर पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर कार्यरत टीआरडी विभाग इंजीनियरिंग विभाग सिग्नल एवं टेलीकॉम विभाग के दर्शन भर कर्मचारियों सहित स्थानीय जनता ने भाग लिया है।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय चन्दोई में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

पीलीभीत।विकासखंड क्षेत्र मरौरी के अंतर्गत नगर से सटी ग्राम पंचायत चन्दोई में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर गणतंत्र दिवस अमर रहे विजय विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा आदि नारो से विद्यालय में गूंज सुनाई दी। इस मौके पर शिक्षिका साजदा खातून ब्लॉक अध्यक्ष महिला शिक्षक संघ मरौरी,शिक्षिका तबस्सुम सहित अन्य विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## बेसहारा जानवरों का सहारा बने दो युवा समाजसेवी दोस्त

पूरनपुर।नगर में स्थित सामाजिक संस्था हंगरी एनिमल्स फीडिंग बेसहारा जानवरों को खाना खिला रही है। नगर निवासी युवा समाजसेवी आशुतोष राना और अभिनव भदौरिया बेसहारा जानवरों को भोजन सामग्री बांट रहे हैं। मनुष्य कहीं भी अपने भोजन को मांग कर खा लेता है। लेकिन बेजुबान जानवर किसी से नहीं कह पाते हैं।ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानी सड़कों पर घूम रहे जानवरों को होती है। लोग अपनी दुकानें बंद करके अपने घरों को निकल आते हैं।उसके बाद बेसहारा जानवर अक्सर सड़कों पर देखे जाते है।इनके सामने खाने का संकट उत्पन्न हो जाता है। इस मुश्किल समय में यह सामाजिक संस्था द्वारा इन बेसहारा जानवरों की भूख शांत करने का बेड़ा उठा रही है।यह दोनों समाजसेवी जानवरों को बिस्कुट, जानवरो का भोजन आदि खिलाने का काम लगातार कई दिनों से कर रहे हैं।वैसे तो नगर में देखा जाए तो कई लोग समाज सेवा का चोला पहने हुए घूम रहे हैं। लेकिन उनका काम केवल उच्च अधिकारियों के साथ फोटो खींचबा और उनके उनको खुश करने का ही काम रह गया है।समाज सेवा से उनका कोई सरोकार नहीं है।लेकिन यह युवा समाजसेवी लगातार बेसहारा जानवरों को अक्सर खाना खिलाने नजर आ जाते हैं।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर व्यापारी ने परिषदीय विद्यालय के बच्चों को वितरण किए वस्त्र

पीलीभीत विकासखंड अमरिया क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत बारातबोझ के उच्च प्राथमिक विद्यालय में गणतंत्र गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पीलीभीत शहर के सॉफ्टवेयर व्यापारी मित्तल द्वारा विद्यालय पढ़ने वाली बालिकाओं के लिए वस्त्र वितरण गए।इस मौके पर उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सगीता वर्मा एवं सीतापुर आई हॉस्पिटल के डॉक्टर बालियान सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।इस मौके पर डॉ बालियान ने उच्च प्राथमिक विद्यालय बारातबोझ में निशुल्क नेत्र जांच का कैंप लगाने की बात भी कही है।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर एसके पब्लिक स्कूल में पहुंचे व्यापारी नेता

पीलीभीत।मझोला-खटीमा सीमांत क्षेत्र के एसके पब्लिक स्कूल में प्रबंध निदेशक और प्रमुख समाजसेवी जगजीत सिंह,प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र सिंह,प्रधानाचार्य ब्रजेश भट्ट के साथ गणतंत्र दिवस समारोह में युवा व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया और उपस्थित बच्चों एवं सभी अध्यापक गणों व अतिथियों को गणतंत्र दिवस के इतिहास को रेखांकित किया और देश के स्वतंत्रता संग्राम और शहीदों के विषय में अवगत कराया।

# जवाहरलाल नेहरू इंटर कालेज में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ। नगराम क्षेत्र के बहरौली स्थित जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज में त्रिदिवसीय वार्षिक प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें रस्साकसी, जलेबी दौड़ , कब्बड्डी एवं क्रिकेट की प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल वर्मा ने फीता काट कर किया। बालक में रस्साकसी प्रतियोगिता में कक्षा 9 व 10 के छात्रों के बीच खेला गया , दूसरा मुकाबला कक्षा 11 व 12 के बीच हुआ। फाइनल में कक्षा 11 की टीम विजेता रही। कक्षा 12 की बालिकाओं ने कक्षा 10 की बालिकाओं को हराकर जीत दर्ज किया। कब्बड्डी प्रतियोगिता कक्षा 10 व 11 के मध्य हुई जिसमें 10वीं के छात्रों ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में सबसे रोमांचक जलेबी दौड़ प्रतियोगिता हुई। जवाहरलाल नेहरू इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनिल वर्मा ने बताया कि 29 जनवरी को जलेबी दौड़ प्रतियोगिता का परिणाम एवं प्रधानमंत्री जी का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम विद्यालय में लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा।



# वृन्दावन में सप्तदिवसीय भागवत कथा का चौथे दिन भक्तो की उमड़ी भीड़



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज।लखनऊ, पीजीआई के वृन्दावन योजना में चल रही सप्त दिवसीय भागवत कथा में शुक्रवार तीसरे दिन श्रोता गण काफी सख्या में मौजूद रहे ।वृन्दावन धाम से पधारे कथा वाचक कृष्ण कृपा पात्र पूज्य संत श्री राम शरण शास्त्री जी महराज ने चौथे दिन की कथा में भगवान श्री कृष्ण का जन्मदिवस मनाया गया।भागवत कथा में शामिल अवध वृन्दावन डेवलपमेन्ट एसोशिएशन के अध्यक्ष एस0 के0 द्विवेदी , समाज सेविका सोनाली गुप्ता सहित , मो0 शकील सलमानी,अवधेश सिंह पत्रकार , शर्मा , रमेश ओझा, आशीष कुमार मिश्रा अमरेन्द्र बहादुर वर्मा , ठाकुर शिवमगन सिंह , विजय रावत , अवधेश कुमार गुप्ता, पं0 शिवाकान्त सैकड़ो की संख्या मे श्रद्धालु गण आरती कर प्रसाद ग्रहण किया ।

# रामलीला मैदान में चल रहे श्रीराम महोत्सव के अंतिम दिन धूम धाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओ का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुरनपुर।श्री राम जन्मभूमि अयोध्या मंदिर में 22 जनवरी को राम लला प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर रामलीला मैदान पूरनपुर में नगर पालिका चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा श्री राम महोत्सव पूरनपुर का आयोजन कराया जा रहा है। जो 22 जनवरी से भव्य ढंग से चल रहा है।और जिसका समापन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के पश्चात हुआ।अंतिम दिन 26 जनवरी शुक्रवार को स्कूली बच्चों के लिए रूप सज्जा झांकी,नृत्य,नाटिका,सांस्कृतिक व देशभक्ति सामूहिक नृत्य,जूनियर व सीनियर वर्ग में एकल नृत्य,पीटी,व्यायाम व परेड इत्यादि।प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।जिसमें शहरी लगभग सभी विद्यालयों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। नृत्य नाटिका प्रतियोगिता में डायमंड हॉकी क्लब प्रथम, लक्ष्य अकादमी द्वितीय व आर एसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर तृतीय स्थान पर रहा।झांकी प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रथम,किडज़ी द्वितीय व डायमंड हॉकी क्लब तृतीय स्थान पर रहा। एकल नृत्य प्रतियोगिता में युक्ति,यति व हर्षाली क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।एकल नृत्य जूनियर वर्ग में मेधस्वी प्रथम,अक्षरा द्वितीय व शुभा पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में बचपन स्कूल प्रथम,भसीन इंटरनेशनल स्कूल व सरस्वती विद्या मंदिर सामूहिक रूप से द्वितीय व एपी इंटर कॉलेज तृतीय स्थान पर रहे।गायन में राजीव भारद्वाज,व्यायाम में आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर,भाषण में सेंट जोसफ व सनातन धर्म इंटर कॉलेज को पुरस्कृत किया गया। साथ ही नगर पालिका परिषद पूरनपुर की ओर से कार्यक्रम में आये मुख्य व विशिष्ट अतिथियों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के समाजसेवियों,मेधावी छात्र, छात्राओं,अध्यापकों, खिलाडियों को भी सम्मानित किया गया।इस सांस्कृतिक व देशभक्ति प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान,विशिष्ट अतिथि एमएलसी पीलीभीत व शाहजहांपुर डॉ सुधीर गुप्ता, पूर्व राज्यमंत्री डॉ विनोद तिवारी,पूर्व सांसद व मंत्री बलराज पासी,जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के साथ प्रमुख रूप से विजय नागी,हर्ष गुप्ता,हर्ष प्रधान, ब्रजेश गुप्ता,संजय गुप्ता, सुभाष मिश्रा,संजय मिश्रा, महेंद्र मिश्रा,मुरलीधर तिवारी,वेद तिवारी, विवेक तिवारी,अर्पण तिवारी उपस्थित रहे।पाच दिन तक लगातार चले इस सुन्दर आयोजन के लिए पूरनपुर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता को कई समाजसेवियों द्वारा सम्मानित किया गया।

मंच संचालन सलिल आज़ाद और अध्यापिका सुगंध अग्रवाल ने किया।निर्णायक मण्डल में डॉ दिनेश गुप्ता, संगीता सिंघल और गीता राठौर एवं व्यवस्थापन में सौरभ सक्सेना,विवेक तिवारी,ठाकुर प्रदीप मुखिया व श्रेय सिंह की भूमिका रही है।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने किया ध्वजारोहण

पीलीभीत। 75 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मरौरी ब्लॉक मुख्यालय पर प्रमुख सभ्यता वर्मा ने ध्वजारोहण करके सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी है।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने देश को आजादी दिलाने वाले महापुरूषों के बलिदान की चर्चा करते हुये उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी मृदुला,सहायक विकास अधिकारी,एडीओ पंचायत,ग्राम पंचायत अधिकारी,ग्राम विकास अधिकारी सहित ब्लॉक का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## कंपोजिट विद्यालय मे गणतंत्र दिवस पर किया ध्वजारोहण

प्रधानाध्यापिका के नेतृत्व में गांव में निकाली गई स्कूल चलो अभियान की रैली

पीलीभीत।विकास खंड मरौरी के अंतर्गत स्थित कंपोजिट विद्यालय मंगदपुर में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम सहगल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।बच्चो को बताया कि गणतंत्र दिवस देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है।इस दिन भारत का संविधान लागू हुआ था। जिसके बाद भारत गणराज्य बना।आज पूरे देश के में तिरंगा शान से फहराया जाता है।इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका ने दीप प्रज्लन कर महापुरुषों के चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।विद्यालय के छात्र और छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुति किए उत्सव को यादगार बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम,भाषण सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।साथ ही उन्होने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है।और उच्च और अच्छी शिक्षा देना हम सभी की जिम्मेदारी हैं। इस मौके पर वियालय का स्टाफ,अभिभाबक और विद्यालय के छात्र-छात्राएंआदि मौजूद रही।

## 30 जनवरी को कार्यवाहक ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत की बैठक होगी संपन्न

पुरनपुर।क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक 30 जनवरी दिन मंगलवार को अपरान्ह 01 बजे विकासखण्ड पूरनपुर सभागार कक्ष में कार्यवाहक प्रमुख एव उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आहूत की जायेगी।बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि,पंचम राज्य वित्त एव 15 वॉ वित्त योजना के अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा,स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ शौचालय निर्माण की समीक्षा,बाल विकास परियोजना कार्यक्रम की समीक्षा,महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना की समीक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा, एनआरएलएम योजना की समीक्षा सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा की जायेगी।उक्त बैठक में समस्त सम्बन्धित समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## सामाजिक वानिकी कार्यलय में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

पुरनपुर। सामाजिक वानिकी रेंज कार्यालय में ध्वजारोहण करके बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रेंज ऑफिसर ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया।इसके बाद सभी को संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी दिलाई।इस मौके डिप्टी रेंजर कपिल कुमार, वन दरोगा अजमेर सिंह, वन दरोगा रामाधार,सुरजीत कुमार वनरक्षक,हर्षित कुमार सहित अन्य स्टाफ और जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सामाजिक न्याय की जीत

प्रसिद्ध समाजवादी नेता एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकु र को भारत सरकार की ओर से भारत रत्न (मरणोपरात) देने का मंगलवार को ऐलान किया गया जो देश में सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज के निर्माण की जरूरत को मान्यता मिलने जैसा है। इसे लेकर लोगों में हर्ष तो है, परन्तु उससे ज्यादा वे अचंभित हैं क्योंकि इसका ऐलान ऐसी सरकार के द्वारा हुआ है जिसका विश्वास और विचार इसमें कतई नहीं है। इसलिये अनेक लोगों का कहना है कि यह निर्णय सम्मान से कहीं अधिक सियासती समीकरणों को साधने के उद्देश्य से दिया जा रहा है। बहरहाल, इस पुरस्कार के लिये कर्पूरी ठाकुर जैसी शख्सियत का चुनाव उन सभी को संतुष्ट करता है जिनका विश्वास जातिविहीन व समतामूलक समाज में है और जो चाहते हैं कि सभी संसाधनों एवं अवसरों तक दलितों, वंचितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं समेत सभी कमजोर वर्गों की पहुंच बने। कर्पूरी ठाकुर इसी के पुरोधा थे। बिहार के मुख्यमंत्री का पद पहली बार दिसम्बर 1970 से जून 1971 तक और फिर जून 1977 से अप्रैल, 1979 तक सम्हालने वाले कर्पूरी ठाकुर का जन्म ठीक 100 साल पहले यानी 24 जनवरी, 1924 को समस्तीपुर में हुआ था और निधन 17 फरवरी, 1988 को। 1942 में महात्मा गांधी द्वारा छेड़े गये भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लेने के कारण उन्हें भागलपुर की जेल में लम्बी यातनापूर्ण सजा काटनी पड़ी। वे आचार्य नरेन्द्र देव, जयप्रकाश नारायण, डॉ. राममनोहर लोहिया, मधु लिमये आदि के नजदीकी लोगों में थे। 1967 के आम चुनाव में उनके नेतृत्व में संयुक्त समाजवादी दल (संसोपा) बड़ी शक्ति बनी तथा वे पहली बार सीएम बने। बाद में वे सांसद बने, विधानसभा में विपक्षी दल के नेता भी रहे। उनका दूसरा कार्यकाल बहुत उल्लेखनीय रहा जिसमें उन्होंने सामाजिक न्याय की अवधारणा को साकार किया। अपनी सादगी, ईमानदारी और कर्तव्य परायणता के लिये प्रसिद्ध कर्पूरी ठाकुर ने पिछड़ों, वंचितों, शोषितों के लिये उल्लेखनीय कार्य किये जिसके कारण उन्हें श्जननायकश कहा जाने लगा। वे एक ओजस्वी वक्ता थे। आजादी के आंदोलन के दौरान उन्होंने पटना के कृष्णा टाकीज हॉल में छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्हमारे देश की आबादी इतनी है कि उनके केवल थूक देने से ही अंग्रेजी राज उड़ जायेगा।श इस भाषण से अंग्रेज अधिकारी इतने नाराज हुए कि उन्होंने उन पर जुर्माना ठोंक दिया। आजादी के बाद भी वे लोगों को अपने अधिकारों के लिये सतत लड़ने हेतु प्रेरित करते रहे। उनका लोकप्रिय नारा था- सौ में नब्बे शोषित हैं, शोषितों ने ललकारा है।धन, धरती और राजपाट में नब्बे भाग हमारा है।कर्पूरी ठाकुर अति पिछड़ा जाति (नाई) के थे। हालांकि इस जाति की आबादी बहुत कम है, परन्तु अपने विचारों व जीवन शैली के कारण वे सभी वर्गों में बेहद लोकप्रिय थे। पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण देने वाले कर्पूरी के ही मार्गदर्शन में समस्त पिछड़े वर्गों ने सत्ता पाने के लिये धुरवीकरण किया। समाजवादी विचारधारा एवं हिन्दी के प्रसार के अलावा किसानों तक कृषि का अधिकतम लाभ पहुंचाने की उन्होंने व्यवस्था की।उन्हें ऐसे वक्त में मोदी सरकार ने देश का यह सर्वोच्च पुरस्कार देने का ऐलान किया है जब भारत की राजनीति दो खेमों में बंटी हुई है। एक ओर है राममंदिर, जिसका नेतृत्व स्वयं श्री मोदी अपनी भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधि के रूप में कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ कंग्रेस है जो सामाजिक न्याय का मुद्दा उठाये हुए है। उसके साथ अन्य तकरीबन 27 गैर भाजपायी दल है- श्इंडियाश गठबन्धन के नाम व रूप में। कंग्रेस के नेता राहुल गांधी जातिगत जनगणना कराना चाहते हैं। वे बताते हैं कि देश में सबसे ज्यादा पिछड़े वर्ग के लोग हैं जिन्हें सत्ता में उसी अनुपात में भागीदारी मिलनी चाहिये। सवर्णवादी सोच पर आधारित भाजपा व संघ की जमीन इसके कारण खिसकी हुई है क्योंकि दोनों इस विचारधारा के विपरीत धुरव पर खड़े हैं। नरेन्द्र मोदी तो कह चुके हैं कि देश में केवल दो ही जातियां हैं- गरीब और अमीर। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के भव्य उद्घाटन के बिलकुल दूसरे दिन अगर कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा होती है तो साफ है कि सामाजिक न्याय की आंच अब भाजपा के नजदीक पहुंच चुकी है। राममंदिर का प्रभाव देशवासियों पर वैसा होता नहीं दिख रहा है जिसकी मोदी को अपेक्षा थी।

# स्वत्व स्वाभिमान और राष्ट्र के लिए जीवन समर्पित

**(लाला लाजपतराय जयंती पर विशेष)**

स्वाधीनता संघर्ष केवल राजनैतिक या सत्ता के लिये ही नहीं होता। वह स्वत्व, स्वाभिमान, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मानसिक अस्मिता के लिये भी होता है। इस सिद्धांत के लिये अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले थे पंजाब केसरी लाला लाजपतराय। उनका जन्म 28 जनवरी 1865 को फिरोजपुर में हुआ था। उनका परिवार आर्यसमाज से जुड़ा था। अपने क्षेत्र के सुप्रसिद्ध व्यवसायी उनके पिता मुंशी राधा कृष्ण आजाद संस्कृत के विद्वान थे, उन्हें फारसी और उर्दू का भी ज्ञान था। माता गुलाब देवी भी विदुषी थीं। सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पण के संस्कार लाला लाजपतराय को बचपन से मिले थे। आर्य समाज से संबंधित होने के कारण वे अपनी बात को तथ्य और तर्क के साथ रखना उनके स्वभाव में आ गया था। घर में आध्यात्मिक और धार्मिक पुस्तकों का मानों भंडार था। इनके अध्ययन के साथ उन्होंने वकालत की परीक्षा उत्तीर्ण की और रोहतक तथा हिसार आदि नगरों में वकालत की। वे जहां भी रहे, उन्होंने ऐसी टोलियां बनाईं और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का प्रतिकार किया। सामाजिक और वकालत के जीवन में प्रतिकार का यह दायरा और बढ़ा। वे असामाजिक तत्वों के साथ शासकीय कर्मचारियों द्वारा जन सामान्य के साथ किये जाने वाले शोषणपूर्ण व्यवहार का भी खुलकर प्रतिकार करते थे। इससे उनकी ख्याति बढ़ी। इससे वे लोकप्रिय हो गये। निजी जीवन में उन्होंने स्वामी दयानन्द सरस्वती से विधिवत दीक्षा ली और आर्य समाज के विस्तार में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। उन्होंने लाला हंसराज एवं कल्याण चन्द्र दीक्षित के साथ मिलकर महर्षि दयानन्द एंग्लो वैदिक विद्यालयों की मानो एक शृंखला ही स्थापित की। इनमें से अनेक संस्थान आज भी संचालित हैं। आज इन्हें डीएवी स्कूल्स व कालेज के नाम से जाना जाता है। 1890 से 1900 के बीच देश के अनेक स्थानों पर किसी महामारी का प्रकोप आया। लालाजी ने इस पीड़ित मानवता की सेवा के लिये और अनेक स्थानों पर शिविर लगाए और स्वयंसेवकों की टोलियां बनाकर पीडितों की सेवा की। 1893 में अखिल भारतीय कंग्रेस का अधिवेशन लाहौर में हुआ। इसकी अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की। लालाजी इस अधिवेशन में कंग्रेस के सदस्य बने और समाज सेवा के साथ वे राजनैतिक क्षेत्र में भी सक्रिय हुये। कंग्रेस का यह पहला अधिवेशन ऐसा था, जिसमें स्वतंत्रता की भी बात उठी और इस बात को उठाने वाले लाला लाजपतराय थे। पर तब इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। चूंकि कंग्रेस तब नागरिक अधिकार और समानता की ही बात कर रही थी। जब कंग्रेस अधिवेशन में स्वायत्ता पर एकराय न बन सकी तो लालाजी ने नौजवानों को संगठित कर स्वायत्ता का वातावरण बनाने का अभियान छेड़ा। लालाजी चाहते थे कि भारतीय नौजवान अपने इतिहास के महापुरुषों और आदर्श चरित्र को समझें। इसके लिये उन्होंने स्वयं साहित्य रचना की इन रचनाओं में शिवाजी महाराज, भगवान श्रीकृष्ण, मैजिनी, गैरिबॉल्डी एवं कई अन्य महापुरुषों की जीवनी हिन्दी में लिखीं। उन्होंने देश में और विशेषतः पंजाब में हिन्दी के प्रचार-प्रसार का भी अभियान चलाया। देश में संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी को स्थापित करने के लिये एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया और संकल्प पत्र भी भरवाये। अंग्रेजों ने जब साम्प्रदायिक आधार पर बंगाल का विभाजन किया गया था तो लाला लाजपत राय ने बंगाल के सुप्रसिद्ध नेताओं सुरेंद्रनाथ बनर्जी और विपिनचंद्र पाल से मिलकर पूरे देश में एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया। इसी आंदोलन के बाद ''त्रिदेवों'' एक टोली बनी जिसमें लाजपतराय, विपिन चंद्र पाल बाल गंगाधर तिलक थे। इस टोली को इतिहास ने ''लाल, बाल, पाल'' के नाम से जाना। इस तिकड़ी ने मानो ब्रिटिश शासन की नाक में दम कर दिया था। इस टोली ने स्वतंत्रता संग्राम में वो नये नये नारे दिये, असहमति और विरोध के स्वर मुखर किये तथा भारतीय समाज में स्वत्व और स्वाभिमान जागरण का अभियान चलाया । इसके चलते इस लाल-बाल-पाल को पूरे देश में भारी समर्थन मिला। स्वदेशी अपनाने और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की अपील 1906 में इसी तिकड़ी ने की थी जिसे बाद

निजी जीवन में उन्होंने स्वामी दयानन्द सरस्वती से विधिवत दीक्षा ली और आर्य समाज के विस्तार में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। उन्होंने लाला हंसराज एवं कल्याण चन्द्र दीक्षित के साथ मिलकर महर्षि दयानन्द एंग्लो वैदिक विद्यालयों की मानो एक शृंखला ही स्थापित की। इनमें से अनेक संस्थान आज भी संचालित हैं। आज इन्हें डीएवी स्कूल्स व कालेज के नाम से जाना जाता है। 1890 से 1900 के बीच देश के अनेक स्थानों पर किसी महामारी का प्रकोप आया। लालाजी ने इस पीड़ित मानवता की सेवा के लिये और अनेक स्थानों पर शिविर लगाए और स्वयंसेवकों की टोलियां बनाकर पीडितों की सेवा की। 1893 में अखिल भारतीय कंग्रेस का अधिवेशन लाहौर में हुआ। इसकी अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की। लालाजी इस अधिवेशन में कंग्रेस के सदस्य बने और समाज सेवा के साथ वे राजनैतिक क्षेत्र में भी सक्रिय हुये। कंग्रेस का यह पहला अधिवेशन ऐसा था, जिसमें स्वतंत्रता की भी बात उठी और इस बात को उठाने वाले लाला लाजपतराय थे। पर तब इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। चूंकि कंग्रेस तब नागरिक अधिकार और समानता की ही बात कर रही थी। जब कंग्रेस अधिवेशन में स्वायता पर एकराय न बन सकी तो लालाजी ने नौजवानों को संगठित कर स्वायता का वातावरण बनाने का अभियान छेड़ा। लालाजी चाहते थे कि भारतीय नौजवान अपने इतिहास के महापुरुषों और आदर्श चरित्र को समझें। इसके लिये उन्होंने स्वयं साहित्य रचना की इन रचनाओं में शिवाजी महाराज, भगवान श्रीकृष्ण, मैजिनी, गैरिबॉल्डी एवं कई अन्य महापुरुषों की जीवनी हिन्दी में लिखीं। उन्होंने देश में और विशेषतः पंजाब में हिन्दी के प्रचार-प्रसार का भी अभियान चलाया। देश में संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी को स्थापित करने के लिये एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया और संकल्प पत्र भी भरवाये। अंग्रेजों ने जब साम्प्रदायिक आधार पर बंगाल का विभाजन किया गया था तो लाला लाजपत राय ने बंगाल के सुप्रसिद्ध नेताओं सुरेंद्रनाथ बनर्जी और विपिनचंद्र पाल से मिलकर पूरे देश में एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया। इसी आंदोलन के बाद ''त्रिदेवों'' एक टोली बनी जिसमें लाजपतराय, विपिन चंद्र पाल बाल गंगाधर तिलक थे। इस टोली को इतिहास ने ''लाल, बाल, पाल'' के नाम से जाना। इस तिकड़ी ने मानो ब्रिटिश शासन की नाक में दम कर दिया था।

में गांधी जी ने अपनाया। ब्रिटेन में तैयार हुए सामान का बहिष्कार और व्यावसायिक संस्थाओं में हड़ताल का यह क्रम 1906 से ही आरंभ हो गया था। लालाजी के विचारों में स्पष्टवादिता थी। वे स्वावलंबन और स्वाधीनता की बात खुलकर करते थे। कंग्रेस में एक समूह ऐसा था जो नागरिक सम्मान और नागरिक अधिकार की बात तो करता था किन्तु स्वाधीनता की बात खुलकर नहीं करता था। इसलिये तब कंग्रेस में दो दल माने गये। एक नरम दल और दूसरा गरम दल। लालाजी गरम दल के नेता थे। वे इसी नाम से लोकप्रिय हुए। लाला लाजपत राय अक्टूबर 1917 में अमेरिका गए, वहां उन्होंने न्यूयॉर्क में ''इंडियन होम रूल लीग ऑफ अमेरिका'' नामक संगठन की स्थापना की। यह संगठन अमेरिका में भारतीय जनों की स्वाधीनता की आवाज उठाने का माध्यम बना। लालाजी तीन साल अमेरिका रहे। उन्होने वहाँ रहने वाले भारतीयों और भारतीय जनों से सद्भाव रखने वाले लोगों को जोड़ा। तीन साल बाद फरवरी 1920 को लाला जी भारत लौटे। वे देशवासियों के महान नायक बन चुके थे। 1920 में उन्होंने कलकत्ता में आयोजित कंग्रेस अधिवेशन में एक खास सत्र की अध्यक्षता की। जलियांवाला बाग हत्याकांड के खिलाफ उन्होंने पंजाब में एक बड़ा आंदोलन किया। उन्होंने पंजाब में 1920 में असहयोग आंदोलन का नेतृत्व किया। लेकिन लालाजी असहयोग आंदोलन में खिलाफत आंदोलन को जोड़ने के पक्ष में नहीं थे। इसलिये उन्होंने कंग्रेस इंडिपेंडेंस पार्टी का गठन किया। साइमन कमीशन 3 फरवरी 1928 को भारत पहुंचा। उसका विरोध करने वालों में लालाजी अग्रणी थे। यह कमीशन भारत में संवैधानिक सुधारों की समीक्षा एवं रपट तैयार करने के लिए बनाया गया था, इसमें कुल सात सदस्य थे। कहने के लिये यह संवैधानिक सुधार आयोग था पर उसका उद्देश्य भारत में एक ऐसा संवैधानिक ढांचा तैयार करना था जो अंग्रेजों की मंशा के अनुरूप काम करे और भारतीय समाज और व्यवस्था पर अपना नियंत्रण और मजबूत कर सके। इसलिए इसका पूरे देश में भारी विरोध हुआ। लोग सड़कों पर निकल कर धरना प्रदर्शन करने लगे । ''साइमन वापस जाओ'' का नारा पूरे देश में गूंज उठा। 30 अक्टूबर, 1928 को लाहौर में साइमन कमीशन के विरोध में एक प्रदर्शन का आयोजन हुआ। जिसका नेतृत्व लालाजी कर रहे थे। प्रदर्शन में भारी जनसैलाब उमड़ा। इसे देखकर अंग्रेज अधिकारी सैंड्रस बुरी तरह बौखलाया। उसने प्रदर्शन कारियों पर लाठीचार्ज का आदेश दे दिया। पुलिस ने प्रदर्शन कारियों को बुरी तरह पीटना आरंभ कर दिया। लाला लाजपत राय ने पुलिस को रोकना चाहा। इससे अंग्रेज अफसर और भड़के तथा लालाजी पर ही प्रहार आरंभ कर दिये दिया उन्हें घेरकर लाठियों से बुरी तरह पीटा गया। इससे लालाजी घायल हो गए। किसी प्रकार उन्हे उठाकर ले जाया गया। शरीर का ऐसा कोई अंग न था जहां चोट न लगी हो। उनका स्वास्थ्य बिगड़ने लगा और 17 नवंबर, 1928 को उन्होंने संसार से विदा ले ली। –रमेश शर्मा

# नवोन्मेष की ओर बढ़ते कदम

**गिरीश्वर मिश्र**

यद्यपि गणतंत्र की अवधारणा और स्वाधीनता के विचार भारत में कई हज़ार साल पहले व्यवहार में थे परंतु ऐतिहासिक उठा-पटक के बीच वे धूमिल पड़ते गए थे। यदि निकट इतिहास में झाकें तो अंग्रेजी राज ने उपनिवेश स्थापित कर लगभग दो सदियों तक फैले काल-खंड में भारतीय समाज को साम्राज्यवाद का बड़ा कड़वा स्वाद चखाया था। भारत को अपने लिए उपभोग की सामग्री मान बैठ अंग्रेजों की कुनीति ने देश का भयंकर शोषण किया। उस दौर में भारत को अपने रंग-ढंग में ढालने की लगातार कोशशें होती रहीं। भारत का मौलिक स्वभाव संकीर्ण न हो कर वैश्विक था। परस्पर निर्भरता और अनुपूरकता के आधार पर सामाजिक समरसता, भ्रातृत्व और सौहार्द के साथ सह अस्तित्व को सांस्कृतिक लक्ष्य के रूप में वैदिक काल में ही स्वीकार करते हुए संकल्प लिया गया था - संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। अंग्रेजों के विरुद्ध लड़े गए स्वतंत्रता संग्राम के नायकों ने देश चलाने के लिए गणतांत्रिक पद्धति को विकल्प के रूप में अपनाया। गणतंत्र का वरण स्वाधीनता और लोक-संग्रह की भारतीय मानसिकता की दृष्टि के अनुकूल था। अंग्रेज़ी राज में भारतीयता को संदिग्ध बनाते हुए उसका हर तरह से अवमूल्यन किया। इस विषैली सोच का सघन प्रचार-प्रसार करते हुए भारतीयों को भारत से अपरिचित बनाने का बीड़ा उठाया गया। इस प्रक्रिया में भारतीयों के मन में भारत के प्रति घृणा और विद्वेष का भाव भी भरा गया । साथ ही वरीयताओं को बदलते हुए ऐसे कामों में झोंक दिया गया जो बुनियादी तौर पर अनुपयोगी थे परंतु उसे ही सार्वभौमिक प्रतिमान बना कर न केवल पेश किया बल्कि इसे अंगीकार करने के लिए समाज को बाध्य किया। भारतीयों को पराए को अपना बनाने और जो अपना था उसे पराया बनाने के लिए अंग्रेजों ने भयानक षडयंत्र रचा। इसके लिए लार्ड मैकाले की दूरगामी योजना के अनुसार शिक्षा का जबरदस्त विन्यास किया गया क्योंकि पूरा भारत अशिक्षित और अनपढ़ जनजाति में तब्दील करना था। वे एक नए भारत को गढ़ने में जुट गए जो शरीर से भारतीय और मन से अंग्रेज हो। यह दुविधा इतनी कूट-कूट भरी गई कि आत्मसंशय की गाँठ बहुतों के मन से आज भी नहीं जा सकी है। अंग्रेजी हुकूमत की दुरभिसंधि का प्रतिरोध महात्मा गांधी ने हिंद-स्वराज में अपनी सभ्यता-समीक्षा द्वारा किया था। बाद में विचारों में स्वराज की आवाज भी केसी भट्टाचार्य जैसे चिंतकों ने उसी दौर में उठाई थी जब स्वराज पाने की लड़ाई तेज हो रही थी। अंग्रेजी शासन की मिलने वाली शारीरिक और मानसिक पीड़ा के आलोक में गणतंत्र का विचार बड़ा आकर्षक और मुक्तिदायी लगा था। गणतंत्र के संचालन के लिए विचार-विमर्श के बाद भारतीय संविधान बना। उसे देश ने स्वीकार किया और उसकी परिधि में ही शासन संचालन के लिए अपने को प्रतिबद्ध किया। देश को जब स्वाधीनता मिली थी तब देश की आर्थिक स्थिति खस्ताहाल थी। शिक्षा, उद्योग, सामरिक तैयारी, और अन्य आधारभूत संसाधनों की दृष्टि से देश पिछड़ा हुआ था। अखंड भारत के विभाजन के चलते समाज के बहुत बड़े तबके को कई तरह के उत्पीड़न झेलने पड़े और कश्मीर जैसी कुछ समस्याओं का निदान न होने के कारण सतत आतंकवाद का सामना करना पड़ा। इस बीच देश के आंतरिक दबावों और वैश्विक राजनय के उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय गणतंत्र मर्यादा में रहते हुए सात दशकों की यात्रा पूरी की है। चुनौतियों को स्वीकार करते हुए एक गणतंत्र के रूप में आकार लेने के बावजूद भारत औपनिवेशिकता की जकड़ से पूरी तरह से आजाद नहीं हो सका। लगभग दो सदियों के अंग्रेजी शासन के दौरान शिक्षा, कानून-व्यवस्था, भाषा-प्रयोग, नागरिक जीवन से जुड़ी व्यवस्थाओं और विश्व-दृष्टि के मामलों में हम पश्चिम के ही मुखापेक्षी हो गए और सारी व्यवस्थाएं उधारी की दृष्टि से लागू की जाती रहीं। इसका दुष्परिणाम अनेक क्षेत्रों में दिख रहा है। आकार में विश्व के सभी देशों में सबसे बड़ा भारतीय गणतंत्र के जीवन में सर्वाधिक समय तक, कंग्रेस या कंग्रेसनीत सरकार ही बनी रही। इस बीच जिस तरह लालफीताशाही बढ़ी, घोटालों की झड़ी लगी और वंशवाद से बाहर न निकलने की विचित्र मजबूरी दिखी । इन सबसे देश की सबसे पुरानी पार्टी की साख बुरी तरह से घटी है । राजनीति की नई संस्कृति में राजनेता ज़मीन से दूर होते गए और निहित स्वार्थों को सुरक्षित रखने के उद्यम मुख्य हो गए। इस परिदृश्य में वर्तमान सरकार के एक दशक दृढ़ इच्छा-शक्ति के साथ राष्ट्रीय हितों के लिए संलग्नता की दिशा में प्रयास किया जिसे अपार जन-समर्थन मिला है। गरीबों और वंचितों की जरूरतों की ओर ध्यान देते हुए उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने के कदम उठाए, उद्योग और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी पहल की, आधार-संरचना को मजबूत करने के बहु आयामी प्रयास चल रहे हैं, कृषि-व्यवस्था को सुधारने और उसे आर्थिक रूप से समर्थ बनाने का उपक्रम शुरू हुआ है। शिक्षा में संरचना, प्रक्रिया और सुविधाओं के लिए गंभीर सुधार लाने के प्रयास शुरू हुए हैं।

## सेहत मंत्र

# औषधीय गुणों का खजाना है तुलसी के बीज

आयुर्वेद में तुलसी के पौधे को औषधीय गुणों का खजाना माना जाता है। इस पौधे का हर हिस्सा दवा बनाने के काम आता है। तुलसी के पत्तों के फायदे के बारे में तो आप जानते ही होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि तुलसी के बीज भी हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं। तुलसी के बीज में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं जो कई तरह की बीमारियों को दूर करने में मदद करते हैं। सर्दी-खांसी में तुलसी के बीज बहुत फायदेमंद साबित हो सकते हैं। सर्दी लगने पर तुलसी के बीज का काढ़ा बनाकर पीने से खांसी-जुकाम में जल्द राहत मिलती है। यह सूखी खांसी दूर करने में एक कारगर घरेलू नुस्खा है। इसके साथ ही तुलसी के बीज का काढ़ा पीने से फ़ेफड़ों में जमा कफ को बाहर निकालने में मदद मिलती है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो तुलसी के बीज का सेवन आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। इसमें भरपूर मात्रा में ओमेगा 3 फैटी एसिड और फाइबर होता है। तुलसी के बीज का सेवन करने से लंबे समय तक भूख नहीं लगती है और इससे वेट लॉस में मदद मिलती है। आप चाहें तो तुलसी के बीज की चाय बनाकर भी पी सकते हैं। तुलसी के बीज हमारी त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। तुलसी के बीज से त्वचा में नई कोशिकाओं के विकास को बढ़ाने में मदद मिलती है। तुलसी के बीज को नारियल के तेल में मिलाकर त्वचा पर लगाने से एग्जिमा और सोरायसिस जैसी त्वचा संबंधी बीमारियों के इलाज में मदद मिलती है। डायबिटीज के मरीजों के लिए भी तुलसी के बीज का सेवन फायदेमंद है। इसमें मौजूद डाइटरी फाइबर ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में मदद करता है। इसके लिए रात में सोने से पहले एक गिलास पानी में तुलसी के बीज को भिगो दें। सुबह दूध के साथ बीज को मिलाकर पी लें। इससे शुगर लेवल कम करने में मदद मिलेगी। तुलसी के बीजों का नियमित सेवन हमारी पाचन क्रिया के लिए भी फायदेमंद होता है। इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है जिससे कब्ज, दस्त और अपच जैसी समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

## धर्म मंत्र

# भगवान गणेश हैं वैभवता एवं शुभता देने वाले देव

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। वे सुख-समृद्धि, रिद्धि-सिद्धि, वैभव, आनन्द, ज्ञान एवं शुभता के अधिष्ठाता देव हैं। उनका जन्म भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को हुआ। गणेशजी शिव-पावर्ती के पुत्र के रूप में जन्म थे। उनके जन्म पर सभी देव उन्हें आशीर्वाद देने आए थे। विष्णु ने उन्हें ज्ञान का, ब्रह्मा ने यश और पूजन का, धर्मदेव ने धर्म तथा दया का आशीर्वाद दिया। शिव ने उदारता, बुद्धि, शक्ति एवं आत्म संयम का आशीर्वाद दिया। लक्ष्मी ने कहा कि जहां गणेश रहेंगे, वहां मैं रहूंगी।' सरस्वती ने वाणी, स्मृति एवं वक्तृत्व-शक्ति प्रदान की। सावित्री ने बुद्धि दी। त्रिदेवों ने गणेश को अग्रपूज्य, प्रथम देव एवं रिद्धि-सिद्धि प्रदाता का वर प्रदान किया। इसलिये वे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव है। ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियाँ हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं, मंगलकर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण मानव-जाति सदा उनकी ऋणी रहेगी।

## पर्यटन



# ओडिशा में मौजूद हैं खूबसूरत झीलें

ओडिशा टूरिस्ट के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। भव्य मंदिरों, संग्रहालयों और मठ, समुद्र तट, जंगल और हरी-भरी पहाड़ियों के अलावा यहां पर कुछ बेहतरीन झीलें है। ओडिशा की झीलें प्राकृतिक और मानव निमित दोनों हैं और स्थानीय और पर्यटकों दोनों के लिए दर्शनीय स्थल हैं। चिल्का झील सबसे बड़ी और ओडिशा की सबसे लोकप्रिय झीलों में से एक है। भारत में सबसे बड़ी खारे पानी की झील है और दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी है। हर तरफ हरे भरे जंगलों से घिरा, चिल्का झील पर्यटकों को बर्ड वॉचिंग, पिकनिक, बोटिंग और मछली पकड़ने के लिए बेहतरीन है। चिल्का झील झील की यात्रा के लिए नवंबर से मार्च सही समय है क्योंकि साइबेरिया से बहुत से प्रवासी पक्षी यहां आते हैं। महानदी नदी के किनारे पर स्थित है और सारनदा हिल्स और बिष्णुपुर हिल्स से घिरा हुआ है, अंसुपा झील में अपार प्राकृतिक सुंदरता और विदेशी वनस्पति और जीव हैं। यह तैरते, जलमग्न और उभरते हुए जलीय पौधों और कई जलीय जीवों का घर है। यह झील न केवल वनस्पति विज्ञानियों और प्राणीविदों को आकर्षित करती है, बल्कि इसकी समृद्ध जैव विविधता भी बेहद लोकप्रिय है। आप यहां पर एक बस झील के किनारे बैठकर, शांत वातावरण का आनंद ले सकता है। छतरपुर शहर के पास स्थित, पाटा झील ओडिशा में मीठे पानी की झीलों में से एक है, जो साल भर पर्यटकों द्वारा घूमती है। खूबसूरत परिवेश से लेकर अपनी स्फूर्तिदायक ताजगी के लिए, पाटा झील काफी सुंदर जगह है और स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल है। यदि आप भुवनेश्वर में हैं, तो कांजिया झील को अपनी सूची में जरूर रखें। शहर के बाहरी इलाके में स्थित, यह झील 66 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है और इसे प्रमुख जल स्रोत माना जाता है। वनस्पतियों और जीवों की समृद्ध जैव विविधता इसे ओडिशा की एक महत्वपूर्ण झील बनाती है। नंदन कानन जूलॉजिकल पार्क से जाने या वापस आते समय लोग आम तौर पर इस झील का दौरा करते हैं। यह जोंक नदी के पास पटोरा गांव में स्थित है। यह झील ओडिशा की लोकप्रिय झीलों में से एक है। चारों ओर से पहाड़ियों और जंगलों से घिरी इस झील की प्राकृतिक सुंदरता उत्कृष्ट है और यहाँ आने वाली ठंडी हवा हर आगंतुक के मन और आत्मा को तरोताजा कर देती है।

# शम्मा ए वतन की लौ पर जब कुर्बान पतंगा हो, होठो पर गंगा हो हाथो में तिरंगा हो

## 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर डीएम ने कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण


### जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों एवं विद्यालयों में धूम-धाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**







बाराबंकी। 75वां गणतंत्र दिवस जनपद में श्रद्धा, हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में धूम-धाम से मनाया गया। इस राष्ट्रीय पावन पर्व के उपलक्ष्य में जनपद में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री सत्येन्द्र कुमार ने जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। 75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त सरकारी भवनों पर प्रातः 08.30 बजे ध्वजारोहण किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी श्री सत्येन्द्र कुमार ने ध्वजारोहण के उपरान्त राष्ट्रगान एवं संविधान के प्रति निष्ठा और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह ने ध्वजारोहण किया।

कलेक्ट्रेट लोकसभागार में आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री सत्येन्द्र कुमार ने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए बताया कि आज इस राष्ट्रीय पर्व को पूरा देश मना रहा है। 26 जनवरी 1950 को हमारे देश में संविधान बन कर लागू किया गया था। इसी के तहत नीति नियम को बना कर धरातल पर लागू करने का आधार है संविधान, इस लिए हम गणतंत्र दिवस मनाते है। हम लोग यह कल्पना भी नहीं कर सकते कि यदि हमारा देश आज गणतंत्र ना होता तो कैसा होता। उन्होंने कहा कि 70 साल पहले जब हमारा देश गणतंत्र नहीं था तब स्थितियां बहुत ही विपरीत थी। हम लोग बहुत भाग्यशाली हैं जो हमारा देश एक गणतंत्र देश है। हमारे देश को बहुत ही कठिनाइयों में स्वतंत्रता मिली, तत्पश्चात हम गणतंत्र हुए । हमारे पूर्वजों ने इसके लिए बहुत ही संघर्ष किए हैं। उन्होंने कहा कि अपने देश को आजाद करने के लिए न जाने कितने ही वीर पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने अपने जीवन को बलिदान कर दिया । उन सभी शहीदों ने अपने जीवन को इस देश पर हंसते-हंसते निछावर कर दिया। उन्होंने भगत सिंह, अशफाक उल्ला खान ,रामप्रसाद बिस्मिल का उदाहरण देते हुए कहा कि इन जैसे बहुत से शहीदों ने इस देश पर अपनी जान को हंसते-हंसते कुर्बान कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जो हमें आज सम्मान दिया है जो हम सब आज स्वतंत्र और गणतंत्र हैं, हमें हमेशा इसका सम्मान करना चाहिए । हमें उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहना चाहिए । उन्होंने कहा कि हम सभी को आज यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी जिम्मेदारियां और कर्तव्य को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे और अपना जीवन इस देश की सेवा में लगाकर इस देश को और आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

इस अवसर पर अपर अधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री अरुण कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्री इंद्रसेन, उप जिलाधिकारी श्री चन्द्रकांत , उप जिलाधिकारी श्री के0 डी0 शर्मा , प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी सुश्री श्वेता सहित कलेक्ट्रेट परिसर के अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस ऑफिस में ध्वजारोहणकर जिम्मेदारी की शपथ दिलाई गई तहसील हैदरगढ़ में उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया नगर पंचायत कार्यालय हैदरगढ़ में आलोक तिवारी ने ध्वजारोहणकर राष्ट्र के नायकों को याद किया इसी क्रम में विकासखंड कार्यालय बंकीमें ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा बयाडवाल ने ध्वजारोहणकर गणतंत्र के मायने बताये ।

## बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया 75 वां गणतंत्र दिवस

शुक्रवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ 75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त परिषदीय एवं गैर परिषदीय विद्यालयों एवं सरकारी भवनों में ध्वजारोहण करते हुए विभिन्न विद्यालयों द्वारा प्रभात फ़ेरियां निकाली गई

शुक्रवार को कोठी कस्बा स्थित बाल विकास विद्या मंदिर इंण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य विक्रम सिंह व पूर्व मंत्री बैजनाथ रावत द्वारा ध्वजारोहण किया छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की मनमोहक झांकियां सजाकर प्रभात फ़ेरी निकाली गई गया तो एचएल पब्लिक इंटर कॉलेज कोठी में प्रबंधक संतोष कुमार वर्मा द्वारा ध्वजारोहण कर विभिन्न प्रकार की मनमोहक झांकियां निकाली गई आदर्श इंटर कॉलेज उस्मानपुर में प्रबंधक दिनेश कुमार शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रचलित कर पुष्प अर्पण किया वहीं पर अध्यापक और अध्यापकों द्वारा विद्यालय के छात्र और छात्राओं द्वारा समाज को अच्छी दिशा देने के लिए मंचन के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया नगर पंचायत सिद्धौर अध्यक्ष रामंन्ता रावत,प्रतिनिधि लल्लू रावत,अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी,डॉ राजेंद्र वर्मा ,लिपिक शिरीष मिश्रा सहित सभी सभासद मौजूद रहे वही कोठी ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान शिवनंदनी और प्रमुख रमेश चंद्र वर्मा, सचिव सुषमा अवस्थी ध्वजारोहण किया, ग्राम प्रधान उस्मानपुर सीता शर्मा ने परिषदीय व गैर परिषदीय विद्यालय में ध्वजा रोहण किया कमलाबाद में विद्यालय में भी प्रधान प्रतिनिधि आशीष कुमार यादव ने ध्वजा रोहण किया गया ।

## राज्य स्तरीय भू-माफिया संजय सिंघला की इलाज के दौरान हुई मौत

### पाइल्स से पीड़ित था सिंघला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। भूमाफिया संजय सिंगला की गुरुवार की देर रात मौत हो गई। तबीयत खराब होने के चलते केजीएमयू में भर्ती कराया गया था। नगर कोतवाली में संजय सिंगला पर प्लॉट और फ्लैट के नाम पर ठगने के 31 मामले दर्ज है। सिंगला पर गैंगस्टर की कारवाई के साथ उसकी संपत्ति कुर्क की गई थी। अदालत ने सिंगला को 5 साल की सजा सुनाई थी।

### सिंगला की बाराबंकी जेल में हालत बिगड़ने के बाद भेजा गया था लखनऊ

लखनऊ केजीएमयू में भर्ती कराया गया था। जेल अधीक्षक ने बताया कि सिंगला को एनीमिया की शिकायत हो गई थी।

### सिंगला पर दर्ज थे 31मुकदमें

संजय सिंगला पर लखनऊ से सटी तहसील नवबागंज के भुहेरा और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे आवासीय कॉलोनी बसाने के नाम पर लोगों की गाढ़ी कमाई ठगते थे। उस पर फर्जी तरीके से प्लॉट और जमीनें बेचने के नाम नगर कोतवाली में 31 मुकदमे दर्ज हैं। एक मामले में फर्जी तरीके से बेचे गए प्लॉट (प्लॉट संख्या 341 खसरा संख्या 28) पर बने 720 वर्ग फुट एरिया का 20 लाख में सौदा हुआ था। इसपर एलआईसी हाउसिंग फाइनैंस की आलमबाग शाखा से लोन भी करवा लिया था।

## आवारा कुत्तो ने सिपाही के 2 साल के मासूम बेटे पर किया हमला,हालत गंभीर,लखनऊ रेफर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। आवारा कुत्ते शहर के लिए बड़ी समस्या बन गए हैं। यह कुत्ते राह चलते व्यक्ति को न सिर्फ दौड़ते हैं बल्कि आक्रामक होकर काटने दौड़ते हैं। शुक्रवार को जब लोग गणतंत्र दिवस का जश्न मना रहे थे एक पुलिसकर्मी के 2 वर्षीय मासूम बच्चे को कुत्तों ने नोच डाला। बच्चों को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने के बाद उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

पुलिस लाइन में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एएनटीएफ थाना स्थित है। इसी थाने में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात गौरव तिवारी परिवार सहित शहर में ही किराए के मकान में रहते हैं। पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस समारोह चल रहा था, इसी में उनका बच्चा भी आया था, कुछ ही समय में जब वह लघुशंका के लिए गए। उतनी ही देर में बच्चा कहीं ओझल हो गया, आनन फानन में बच्चे की तलाश शुरू की गई,कुछ ही देर में उसे कुत्तों के भौंकने



और बेटे की चीख सुनाई पड़ी। साथी पुलिस कर्मियों के साथ वह पास में ही झाड़ियां की ओर पहुंचा तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गए। वहां कुत्ते मासूम को काट रहे थे। आनन-फानन में कुत्तों को भगाया गया । कुत्तों के हमले से लहूलुहान मासूम को लेकर पुलिसकर्मी तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे केजीएमयू के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। कुत्तों ने बच्चे के पेट, पैर और सिर पर काटा है। पेट में बहुत ज्यादा घाव है। बच्चे के पूरे शरीर पर पट्टी बंधी है, बच्चे की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है, जिसका इलाज लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है।

एएनटीएफ के सब इंस्पेक्टर सूरज सिंह ने बताया कि कुत्तों की संख्या 4-5 थी, घायल मासूम का इलाज लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है, उन्होंने बताया कि डॉक्टर प्रयास कर रहे, मासूम की सेहत में सुधार हो रहा है। बताया जाता है कि शहर के हर गली मोहल्ले में आवारा कुत्तों का जबरदस्त आतंक है। लोगों का शाम ढलने के बाद चलना मुश्किल हो गया है।क्षेत्राधिकारी नगर बीनू सिंह ने बताया बहुत जल्द पुलिस लाइन के सभी आवारा कुत्तो का धरपकड़ अभियान चलाया जाएगा।

## आजादी के नायकों का बलिदान भुलाया नहीं जा सकता : डा सौरभ शुक्ला



हैदरगढ़ बाराबंकी। जनसेवा सबसे बड़ा पुनीत का काम है है सभी को जनसेवा में आगे आना चाहिए उक्त बात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ के अधीक्षक सौरभ शुक्ला ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्रामोदय दिव्यांग विद्यालय फतेहगंज में ध्वजारोहण के दौरान वहा लोगो को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा हमारी नैतिक जिम्मेदारी है की हम देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझे । सीएचसी अधीक्षक सौरभ शुक्ला ने गणतंत्र दिवस के मौके पर महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा देश स्वतंत्र गणराज्य है आजादी यूं ही नही मिली है इसके लिए हजारों ने अपने जीवन की कुर्बानियां दी है आजादी के नायकों के संघर्षों के बदौलत हमे आजादी मिली है यह अवसर होता है हम उनके संघर्षों को ह्रदय में सदैव जीवंत रखे । इस दौरान मुख्य रूप से स्कूल प्रबंधक डीपी यादव , एचईयू संजय कुमार मौजूद रहे ।

## होली के दूसरे दिन किया जाएगा होली मिलन समारोह

बाराबंकी। भगवान चित्रगुप्त मंदिर में एक बैठक पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रंजीत बहादुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्व सम्मति से उन्होंने बताया कि आगामी होली पर्व पर दूसरे दिन मंदिर पर कमेटी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम में भगवान चित्रगुप्त कथा, आर्केस्टा एवं सूक्ष्म जलपान का आयोजन किया जाएगा।

इससे पूर्व उन्होने बताया कि मंदिर में एक पूजा कमेटी गठित कर नित्य सुबह व शाम को भगवान की आरती पुजारी चन्दन द्वारा आरम्भ कर दी गई है।

बैठक में सुभाष श्रीवास्तव, हरिहर श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, एडवोकेट आलोक श्रीवास्तव,विनय श्रीवास्तव,मनमीत श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, आलोक टीचर, रामपाल, पुजारी चन्दन श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## मादक पदार्थ के तस्कर पर पुलिस प्रशासन सख्त , करोड़ो की सम्पत्ति जप्त

बाराबंकी । पुलिस व प्रशासन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना की चल अचल सम्पत्ति कीमत लगभग 05 करोड़ 77 लाख रुपये को धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया गया पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में संगठित होकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गैंगस्टर एक्ट के तहत इनके द्वारा अपराध से स्वयं एवं परिजनों के नाम पर अर्जित चल/अचल सम्पत्तियों को श्रीमान जिलाधिकारी बाराबंकी के आदेश के अनुक्रम में जब्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी जिसका विवरण निम्नवत है इसी क्रम में थाना जैदपुर पर पंजीकृत धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त/गिरोह सरगना मुनव्वर पुत्र यासीन निवासी राजा कटरा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी, अपने गिरोह के सक्रिय सदस्य जासिम पुत्र जलीस निवासी मोहल्ला हटिया कस्बा सिद्धौर थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी के साथ मिलकर विगत 20-22 वर्षों से आर्थिक व भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त हैं। गिरोह द्वारा अवैध तरीके से की जा रही मादक पदार्थ की तस्करी जैसे आपराधिक कृत्यों से आम जनमानस के जीवन में संकटापन्न की स्थिति उत्पन्न किये जाने के साथ ही साथ युवा वर्ग को नशे की लत में डालकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिससे आम जनमानस अपने बच्चों को असुरक्षित महसूस कर रहा है। इस संगठित गिरोह के द्वारा कारित किये जा रहे आपराधिक कृत्यों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु अभियुक्त मुनव्वर उपरोक्त द्वारा स्वयं व परिजनों/मित्र/नौकर के नाम पर अर्जित की गई चल/अचल सम्पत्ति कीमत लगभग 05 करोड़ 77 लाख रुपये को थाना जैदपुर/सफदरगंज पुलिस द्वारा चिन्हित कर श्रीमान जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी को आख्या प्रेषित की गई थी।इसी क्रम में अन्तर्गत धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत श्रीमान जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में राज्य के पक्ष में कुर्क किये जाने हेतु आदेश निर्गत किया गया । जिसके अनुपालन में आज दिनांक 27.01.2024 को क्षेत्राधिकारी सदर श्री सुमित त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक जैदपुर श्री अमित प्रताप सिंह मय टीम एवं प्रशासन द्वारा अन्तर्गत धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत राज्य के पक्ष में कुर्क किया गया।

## डिप्टी जेलर बने अंकित के घर बधाई देने पहुंचे खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



जैदपुर बाराबंकी। जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुरलीगंज निवासी भाजपा उपाध्यक्ष व विधानसभा क्षेत्र जैदपुर प्रत्याशी रहे अम्बरीश रावत के पुत्र अंकित कुमार के यूपीपीसीएस मे सफलता पाने के बाद डिप्टी जेलर के पद पर चयनित होने पर अम्बरीश रावत के आवास पर दरियाबाद के विधायक एवं उत्तर प्रदेश के सरकार खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने यूपीपीसीएस में चयनित उनके पुत्र अंकित कुमार को आशीर्वाद दिया और उनके सुमंगल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अम्बरीश रावत ने पुष्प गुच्छ देकर मंत्री स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार जताया, इस अवसर पर भाजपा मंत्री सीता शरण वर्मा, किसान मोर्चा के जितेंद्र वर्मा, महिला मोर्चा की मंडल उपाध्यक्ष अनीता भदोरिया, आलोक सिंह, बूथ अध्यक्ष आलोक वर्मा, सुशील वर्मा ,हरि मोहन शुक्ला, गुरुवरण वर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमन व्यक्ति व भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## नयन हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा,व्यवसायिक साझीदार ने की थी गोली मारकर हत्या

बाराबंकी। हैदरगढ़ के बहुचर्चित नयन चौधरी हत्याकांड का पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। नयन चौधरी की हत्या उसके ही व्यावसायिक साझेदार ने कंपनी हड़पने के नीयत से की थी। पुलिस ने इस मामले में हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से तेरह कंटेनर सीमेन व तमंचा बरामद बरामद किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्त राहुल मौर्य, मृतक नयन कुमार चौधरी व शैलेन्द्र कुमार पूर्व में लखनऊ की यूपीएडीआइ नामक कम्पनी में काम करते थे तथा वहीं से एक दूसरे से परिचित थे। शैलेन्द्र व नयन ने कम्पनी से काम छोड़ कर अलग नयन की पत्नी जूली के नाम अल्फा जेनेटिक प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी खोल कर सीमेन के क्रय विक्रय का काम करने लगे एवं कुछ समय बाद राहुल मौर्य भी पूर्व की कम्पनी छोड़कर इन्हीं लोगों के साथ 01 लाख रुपये कम्पनी में लगाकर काम करने लगा। कम्पनी में शैलेन्द्र ने 01 लाख 40 हजार एवं बाकी रुपये नयन ने लगाये थे। अभियुक्त राहुल के पिता के खेत के कागजात व बैंक खाता आदि लगा कर गारण्टर बनाकर पिकप राहुल के नाम ले लिया गया एवं उसकी मासिक किस्त करीब 17 हजार रुपये को मुंशी पुलिया स्थित कोटक महिन्द्रा बैंक के कम्पनी खाते से राहुल के पिता के खाते पर ट्रांसफर कर दिया जाता था। पिछले वर्ष अभियुक्त राहुल व शैलेन्द्र सीमेन लेकर जनपद फर्रुखाबाद गये थे जिसके विक्रय से करीब 23 हजार रुपये प्राप्त हुए थे, जिसे शैलेन्द्र ने गायब होने की बात नयन से बताई । किन्तु राहुल द्वारा नयन से बताया गया कि यह रुपये शैलेन्द्र ने अपने पास ही रख लिये हैं। रुपयों के लेन देन को लेकर शैलेन्द्र व नयन के मध्य अनबन होने के कारण नयन ने शैलेन्द्र को कम्पनी से निकाल दिया तथा उसके द्वारा कम्पनी में लगाये गये रुपयों में से 01 लाख 20 रुपये भी वापस कर दिये गये थे। शेष 20 हजार रुपयों को लेकर शैलेन्द्र व नयन के बीच विवाद बना रहा। राहुल के पैसे मांगने पर नयन, राहुल को भी शैलेन्द्र की तरह कम्पनी से निकाल देने की धमकी देता था। राहुल मौर्य ने कम्पनी पर एकाधिकार के लिए 25 जनवरी को रौनी अण्डर पास के पास नयन कुमार चौधरी के सिर पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। अभियुक्त राहुल मौर्य पुत्र अनिल कुमार मौर्य निवासी पिलहटी थाना कुर्सी को गिरफ्तार कर एक अदद पिकप,13 अदद कण्टेनर सीमेन व तमंचा मय खोखा कारतूस बरामद किया गया।पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने खुलासा करने वाली टीम को 20 हजार रुपये के नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## अतिक्रमण पर एक्शन जमुरिया नाला और रेठ नदी के किनारे ध्वस्त होंगे 248 पक्का निर्माण

### कोर्ट ने दिया आठ सप्ताह की दी मोहलत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी।नगर के बीच से गुजरे जमुरिया नाला और रेठ नदी के किनारों पर अतिक्रमण के ध्वस्तीकरण को लेकर हुई आपात बैठक में बताया गया कि जमुरिया नाले के बीच से 25 मीटर के दायरे को खाली करवाने पर 234 घर और पक्के निर्माण दायरे में आएंगे। ऐसे ही रेठ नदी को पहले चरण में 50 मीटर के दायरे को खाली करवाने पर 14 निर्माण ध्वस्त करने पड़ेंगे। डीएम सत्येंद्र कुमार की ओर से बीते गुरुवार को बुलाई गई बैठक में सिंचाई विभाग के अलावा विनियमित क्षेत्र, नगर पालिका परिषद नवाबगंज व बाढ़ कार्य खंड के अधिकारी शामिल हुए।

डीएम सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पहले चरण में जिन घरों व निर्माण को ध्वस्त करने का निर्णय लिया गया है। उन मामलों में सभी में विनियमित क्षेत्र प्राधिकारी के सचिव व एसडीएम बिजय कुमार त्रिवेदी पहले ही ध्वस्तीकरण का आदेश पारित कर चुके है। इन आदेशों के खिलाफ करीब 30 लोगों ने उनकी न्यायालय पर अपील की है। इन मामलों में गठित कमिटी अपने निर्णय लेगी। डीएम ने बताया कि पिछले साल अगस्त 2023 में इस सकरे जमुरिया नाला व रेठ नदी के उफान से करीब 100 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। इस मामले में हाई कोर्ट की डबल बेंच पहले से ही ध्वस्तीकरण के आदेश पारित कर चुकी है। अनुपालन न होने पर नाराजगी भी जताई है।



### बेघरों को डूडा देगा आवास

डीएम ने बैठक में डूडा के अधिकारियों को कहा कि वह कांशीराम कॉलोनी के खाली पड़े आवासों को आरक्षित कर ले, जिससे ध्वस्तीकरण के आदेश से बेघर होने वाले लोगों को आश्रय दिया जा सके।

### कोर्ट ने कहा- आठ सप्ताह में ले निर्णय

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति ओमप्रकाश शुक्ल व विवेक चौधरी की डबल बेंच ने प्रभावित कुछ लोगों के प्रार्थनापत्र पर गुरुवार को सुनवाई की। कोर्ट के समक्ष मनोज मिश्र ने अपने कुछ अन्य प्रभावित परिवारों के साथ वाद दायर कर कहा था कि उन लोग को 22 सितंबर 2023 को विनियमित क्षेत्र प्राधिकारी ने नोटिस दी है। इसमें उन लोगों ने जवाब दाखिल कर दिया है। उन लोगों ने यह आशंका भी जताई कि प्रशासन उनके जवाब पर माकूल सुनवाई न करते हुए उनके आशियाने गिरा सकता है।

कोर्ट ने साफ किया कि कोर्ट के समक्ष आए लोग अपने नए प्रार्थनापत्र इस आदेश की प्रति के साथ विनियमित क्षेत्र प्राधिकारी व एसडीएम सदर के समक्ष दो सप्ताह में प्रस्तुत करें। विनियमित क्षेत्र की सक्षम अथॉरिटी उनके प्रार्थनापत्रों पर आठ सप्ताह में सुनवाई करके डिटेल कारण के साथ आदेश पारित करे। इस अवधि में ऐक्शन न लिया जाए।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नाराज हिमांगी सखी को पुलिस ने किया नजरबंद

मथुरा। कोर्ट सर्वे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नाराज शनिवार किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर हिमांगी सखी मथुरा पहुंची। यहां वह शाही ईदगाह पर जाकर विरोध जताना चाहती थीं, लेकिन इससे पहले वृंदावन पुलिस को सूचना मिल गई और उन्हें वृंदावन के आनंद धाम में नजरबंद कर दिया।विदित रहे कि किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर हिमांगी सखी शनिवार को मुंबई से वृंदावन पहुंचीं। यहां वह परिक्रमा मार्ग स्थित चामुंडा देवी मंदिर के पास एक आश्रम में रुकी। यहां से वह शाही ईदगाह पर जाकर विरोध जताना और श्री कृष्ण जन्मस्थान के दर्शन करना चाहती थी।

# सदनों की मर्यादा की रक्षा के ठोस उपाय सोचे जाएं :मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद और विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों से सदनों की मर्यादा की रक्षा के विषय में ठोस उपाय सुझाने को कहा है । उन्होंने भ्रष्टाचार के मामलों में सजा प्राप्त जनप्रतिनिधियों के सार्वजनिक महिमामंडन की बढ़ती प्रवृत्ति की भी आलोचना करते हुये कहा है कि यह कार्यपालिका, न्यायपालिका और संविधान का अपनान है।

श्री मोदी अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को समय के हिसाब से अनावश्यक हो गये कानूनों का अध्ययन कर उनका अंत कराने के बारे में सरकारों को संवेदनशील करने का आह्वान भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा, एक समय था जब अगर सदन में कोई सदस्य मर्यादा का उल्ल्घंन करे, उस पर नियम के मुताबिक कार्रवाई हो, तो सदन के बाकी वरिष्ठ उस सदस्य को समझाते थे, ताकि भविष्य में वह ऐसी गलती न दोहराये और सदन के वातावरण को, उसकी मर्यादा को टूटने न दें, लेकिन आज के समय में हमने देखा है कि कुछ राजनीतिक दल, ऐसे ही सदस्यों के समर्थन में खड़े होकर उसकी गलतियों का बचाव करने लगते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसी स्थिति, संसद हो या विधानसभा, किसी के लिये ठीक नहीं। सदन की मर्यादा को कैसे बनाए रखा जाए, यह चर्चा इस फोरम में बहुत आवश्यक है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश , महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे , विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और विभिन्न विधानसभाओं से आये पीठासीन अधिकारी उपस्थित थे। श्री मोदी ने कहा कि आज एक और बदलाव दिख रहा है कि अलदात से सजा पाये सदन के सदस्यों का महिमामंडन किया जाने लगा है। उन्होंने कहा, ल्लपहले अगर सदन के किसी सदस्य पर भ्रष्टाचार का आरोप लगता था तो सार्वजनिक जीवन में सभी उससे दूरी बना लेते थे। लेकिन आज हम कोर्ट से सजा पाए भ्रष्टाचारियों का भी सार्वजनिक रूप से महिमामंडन होते देखते हैं।ङ्क उन्होंने कहा, यह कार्यपालिका का अपमान है, यह न्यायपालिका का अपमान है, यह भारत के महान संविधान का भी अपमान है। उन्होंने सम्मेलन में इस विषय पर चर्चा कर भविष्य के लिए ठोस सुझाव दिये जाने की जरूरत पर बल दिया।



श्री मोदी ने कहा कि कोई भी जनप्रतिनिधि सदन में जैसा आचरण करता है, उसके देश की संसदीय व्यवस्था को भी उसी तरह से देखा जाता है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस सम्मेलन से सदन में जनप्रतिनिधियों के व्यवहार और सदन के वातावरण को निरंतर सकारात्मक बनाने, उत्पादकता बढ़ाने के विषय में ठोस सुझाव निकालने में मदद मिलेगी । इस बार सम्मेलन में मुख्य रूप से विधानमंडलों की कार्यसंस्कृति एवं समितियों को और प्रभावी बनाने पर चर्चाएं होनी है। ये बहुत ही आवश्यक विषय हैं। आज जिस प्रकार देश के लोग जागरूकता के साथ हर जन प्रतिनिधि को परख रहे हैं, उसमें इस तरह की समीक्षा और चर्चायें बहुत ही उपयोगी होंगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृतकाल में, आज देश जिन लक्ष्यों को तय कर रहा है, उनमें हर राज्य सरकार और वहां की विधानसभा की बड़ी भूमिका है। इसके लिए उन्होंने विधायिका और कार्यपालिका को मिलकर अपने विकास का लक्ष्य निर्धारित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समितियों के सशक्तिकरण का विषय, आपके राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए भी अहम है। श्री मोदी ने पीठासीन अधिकारियों से गैरजरूरी कानूनों का अध्ययन कर उनका अंत कराने के लिए अपने अपने राज्य की सरकारों का ध्यान आकर्षित करने को कहा।उन्होंने कहा कि इसका देश के नागरिकों के जीवन पर बड़ा सकारात्मक प्रभाव होगा। पिछले 10 वर्षों में, केंद्र सरकार द्वारा दो हजार से ज्यादा ऐसे कानून खत्म कराये जाने का उल्लेख करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे न्याय व्यवस्था का सरलीकरण हुआ है और जीवन अधिक सहज हुआ है। उन्होंने सम्मेलन में नारी सशक्तिकरण तथा प्रतिनिधित्व को बढ़ावा दिये जाने, युवा जनप्रतिनिधियों को सदन में ज्यादा से ज्यादा अवसर दिये जाने के विषय में भी विचार किये जाने पर बल दिया।

# मध्यप्रदेश नई शिक्षा नीति को लागू करने में अग्रणी

एजेंसी

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नई शिक्षा नीति को सफलतापूर्वक लागू करने में तो अग्रणी रहा ही है, नामांकन के स्तर पर भी प्रदेश ने उपलब्धि हासिल की है। सकल पंजीयन दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-22 में राष्ट्रीय औसत 28.4 प्रतिशत रहा जबकि मध्यप्रदेश 28.9 प्रतिशत के साथ विद्यार्थी नामांकन संख्या में वृद्धि की उपलब्धि अर्जित कर चुका है। मध्यप्रदेश में सर्वाधिक नामांकन स्नातक स्तर पर लागू हुए हैं। मध्यप्रदेश ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का स्तर बनाए रखा। प्रदेश ने इस दिशा में निरंतर प्रगति की। कोविड की चुनौतियों के बावजूद राष्ट्रीय औसत से आगे निकलना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने भी इस उपलब्धि के लिए विभागीय टीम को बधाई दी है।

मध्यप्रदेश में 18 से 23 वर्ष की आयु के युवाओं का ग्रास एनरॉलमेंट रेशियो (जीइआर) 28.9 है। यह राष्ट्रीय औसत 28.4 से अधिक है। उच्च शिक्षा के साथ ही तकनीकी शिक्षा, विधि, पशु चिकित्सा शिक्षा और कृषि शिक्षा से जुड़े संस्थानों की सक्रियता से यह संभव हुआ। ए.आई.सी.टी.ई. से संचालित समस्त संस्थानों और एम.सी.आई. द्वारा संचालित संस्थाओं का भी सहयोग रहा। इस संबंध में निरंतर प्रयास किए गए। प्रदेश में निजी विश्वविद्यालय सहित 54 नए महाविद्यालय खुले। उच्च शिक्षा विभाग में सतत मॉनीटरिंग का कार्य भी किया गया। इसके फलस्वरूप शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने मध्यप्रदेश की उपलब्धियों को महत्वपूर्ण माना है। भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष आवश्यक पहलुओं पर आधारित अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण करवाया जाता है।

# आप ने भाजपा पर दिल्ली सरकार को गिराने की साजिश रचने का लगाया आरोप

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दिल्ली सरकार गिराने के लिए षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके विधायकों से इसके लिए संपर्क किया गया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, पिछले दिनों भाजपा ने हमारे दिल्ली के सात विधायकों से संपर्क कर कहा है - कुछ दिन बाद केजरीवाल को गिरफ़्तार कर लेंगे। उसके बाद विधायकों को तोड़ेंगे। 21 विधायक से बात हो गयी है, औरों से भी बात कर रहे हैं। उसके बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिरा देंगे। आप भी आ जाओ। 25 करोड़ रुपये देंगे और भाजपा के टिकट से चुनाव लड़वा देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि उनका दावा है कि उन्होंने 21 विधायकों से संपर्क किया है, लेकिन हमारी जानकारी के मुताबिक़ उन्होंने अभी तक सात विधायकों को ही संपर्क किया है और सबने मना कर दिया। उन्होंने कहा इसका मतलब किसी शराब घोटाले की जाँच के लिए मुझे गिरफ़्तार नहीं किया जा रहा बल्कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिराने के लिए षड्यंत्र कर रहे हैं। पिछले नौ सालों में हमारी सरकार गिराने के लिए इन्होंने कई षड्यंत्र किए, लेकिन इन्हें कोई सफलता नहीं मिली। भगवान ने और जनता ने हमेशा हमारा साथ दिया। हमारे सभी विधायक भी मज़बूती से साथ हैं। इस बार भी ये लोग अपने नापाक इरादों में फ़ेल होंगे। श्री केजरीवाल ने कहा, ये लोग जानते हैं कि दिल्ली की जनता के लिए हमारी सरकार ने कितने काम किए हैं। इनकी पैदा की गयी तमाम अड़चनों के बावजूद हमने इतने काम किए हैं। दिल्ली की जनता आप से बेइंतहा प्यार करती है। इसलिए चुनावों में आप को हराना इनके बस की बात नहीं। तो एक फ़र्ज़ी शराब घोटाले के बहाने गिरफ़्तार करके सरकार गिराना चाहते हैं। इससे पहले दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन कर भाजपा पर सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा 'ऑपरेशन लोटस 2.0' नामक अभियान के माध्यम से निर्वाचित दिल्ली सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने रिश्वत और धमकियों के साथ कई आप विधायकों से संपर्क किया है। दलबदल को प्रेरित करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वे हमारे विधायकों से संपर्क कर कह रहे हैं कि केजरीवाल जेल जाने वाले हैं। इसके बाद हम सभी विधायकों को अपने पास बुलाएंगे और दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाएंगे।

## कर्नाटक में कांग्रेस नेता ने की आम चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील

बेंगलुरु। कर्नाटक कांग्रेस पार्टी के एक वरिष्ठ नेता शमनूर शिवशंकरप्पा ने शिवमोग्गा लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद बीवाई राघवेंद्र के पक्ष में वोट डालकर उन्हें फिर से चुनने की अपील की है। श्री राघवेंद्र कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के पुत्र हैं और शिवमोग्गा से सांसद हैं। श्री शिवशंकरप्पा ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, मैंने शिवमोग्गा जिले में विकास कार्य देखा है। आपने एक अच्छा सांसद चुना है। लोगों को उन्हें फिर से चुनना चाहिए। शिवमोग्गा जिले को और अधिक विकास की जरूरत है। बीवाई राघवेंद्र जैसे लोकसभा सदस्य पाकर आप धन्य हैं। विधायक शिवशंकरप्पा ने शिवमोग्गा के बेक्किना कलमाता में आयोजित गुरु बसवश्री पुरस्कार प्रधान और आध्यात्मिकता सम्मेलन में लोगों से श्री राघवेंद्र को फिर से चुनने के लिए कहा। यहां उन्हें गुरु बसवश्री पुरस्कार भी मिला। एक सम्मेलन में श्री शिवशंकरप्पा ने कहा, ल्लमैंने देखा कि शिवमोग्गा जिले में विकास कार्य हो रहे हैं।

# ज्ञानवापी ढांचा हिंदुओं को सौंपें, मस्जिद अन्यत्र ले जाएं: आलोक कुमार

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने काशी विश्वनाथ परिसर में ज्ञानवापी ढांचा एक हिन्दू मंदिर तोड़कर बनाये जाने के प्रमाण मिलने के बाद उक्त स्थान हिन्दू समुदाय को सौंपने और मस्जिद अन्यत्र स्थानांतरित करने की शनिवार को मांग की। विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने आज यहां कहा कि आधिकारिक और विशेषज्ञ संस्था भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) विभाग ने काशी में ज्ञानवापी मामले की सुनवाई कर रहे जिला जज को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। ज्ञानवापी ढांचे से एएसआई द्वारा एकत्र किए गए सबूत इस बात की पुष्टि करते हैं कि मस्जिद का निर्माण एक भव्य मंदिर को ध्वस्त करने के बाद किया गया था।

उन्होंने कहा कि मंदिर की संरचना का एक हिस्सा, विशेष रूप से पश्चिमी दीवार हिंदू मंदिर का शेष हिस्सा है। रिपोर्ट यह भी साबित करती है कि मस्जिद की अवधि बढ़ाने और सहन के निर्माण में संशोधनों के साथ स्तंभों सहित पहले से मौजूद मंदिर के कुछ हिस्सों का पुनः उपयोग किया गया था। जिसे वज़ुखाना कहा जाता था उसमें मौजूद शिवलिंग से इसमें कोई संदेह नहीं रह गया है कि इस संरचना में मस्जिद का कहीं कोई चरित्र नहीं है। उन्होंने कहा कि संरचना में पाए गए शिलालेखों में जनार्दन, रुद्र और उमेश्वर सहित कई अन्य देवी-देवताओं के नामों का पाया जाना इसके मंदिर होने का स्पष्ट प्रमाण है। डॉ. कुमार ने यह भी कहा कि एकत्र किए गए साक्ष्य और एएसआई द्वारा प्रदान किए गए निष्कर्ष यह साबित करते हैं कि इस पूजा स्थल का धार्मिक चरित्र 15 अगस्त, 1947 को अस्तित्व में था और वर्तमान में एक हिंदू मंदिर है। इस प्रकार, पूजा स्थल अधिनियम, 1991 की धारा 4 के अनुसार भी, संरचना को हिंदू मंदिर घोषित किया जाना चाहिए। विहिप नेता ने हिंदुओं को तथाकथित वज़ुखाना क्षेत्र में पाए जाने वाले शिवलिंग की सेवा पूजा करने की अनुमति देने के साथ ही इंतेज़ामिया समिति से ज्ञानवापी मस्जिद को सम्मानपूर्वक किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने और काशी विश्वनाथ के मूल स्थल को हिंदू समाज को सौंपने के लिए सहमत होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विहिप का मानना है कि यह नेक कार्य भारत के दो प्रमुख समुदायों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# भारत रंग महोत्सव में 158 से अधिक नाटकों का होगा मंचन

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में नाट्य कला और शास्त्र के शीर्ष संस्थान नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) की ओर से आयोजित किया जाने वाला 'भारत रंग महोत्सव' इस वर्ष एक से 21 फरवरी तक चलेगा। इसका उद्घाटन समारोह मुंबई में और समापन दिल्ली में होगा।

आयोजकों ने शनिवार को यह जानकारी देते हुये कहा कि 25वें भारत रंग महोत्सव में दिल्ली समेत देश में 15 शहरों में देश-विदेश के 158 से अधिक नाटकों का मंचन किया जायेगा। एनएसडी के निदेशक चितरंजन त्रिपाठी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि भारत रंग महोत्सव के दौरान मुंबई, पुणे, भुज, विजयवाडा, जोधपुर, डिब्रूगढ़, भुवनेश्वर, पटना, रामनगर, श्रीनगर, वाराणसी, बेंगलुरु, गंगटोक, अगरतला और दिल्ली में नाटकों के मंचन की तैयारियां की गयी हैं। इस दौरान नाट्य कला से संबंधित विषयों पर कार्यशालायें, परिचर्चायें और कक्षायें भी आयोजित की जायेंगी।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष भारंगम के लिये 'वसुधैव कुटुम्बकम- वंदे भारंगम ' को टैग लाइन बनाया गया है। यह रंगमंच के माध्यम से वैश्विक एकता को बढ़ावा देने , सामाजिक सद्भाव को समृद्ध करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा, ल्ल हम रंगमंच के जादू को बढ़ावा देने, विविध ध्वनियों और जन कथाओं को पनपने के लिये एक विशाल मंच प्रदान करने के लिये समर्पित हैं। इस वर्ष का उत्सव न केवल एक मील का पत्थर साबित होगा बल्कि प्रदर्शन कलाओं की परिवर्तनकारी शक्ति में हमारे दृढ़ विश्वास की पुष्टि भी करेगा। उन्होंने बताया कि भारत रंग महोत्सव का उद्घाटन एक फरवरी को मुंबई में नेशनल सेंटर फॉर द परफार्मिंग आर्ट्स में किया जायेगा। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस,एनएसडी के अध्यक्ष परेश रावल इसका औपचारिक उद्घाटन करेंगे। महोत्सव का समापन दिल्ली में किया जायेगा। श्री त्रिपाठी ने बताया कि एनएसडी के छात्र रहे प्रख्यात अभिनेता पंकज त्रिपाठी को महोत्सव का रंग दूत बनाया गया है। वह इसके प्रचार-प्रसार में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के दौरान कई समानांतर प्रदर्शनियां,निर्देशक-दर्शक संवाद, चर्चाएं और सेमिनार थियेटर के विभिन्न पहुलओं को उजागर करने, सार्थक बातचीत और अंतर्दृष्टि को बढ़ावा देने में सफल होगा। श्री त्रिपाठी ने बताया कि महोत्सव में एक अभिनव कदम के रूप में इस वर्ष रंग हाट भी शुरू किया गया है, जो एक वार्षिक पहल है, इसका उद्देश्य एशिया में वैश्वि थियेटर बाजार की स्थापना करना और नाटकीय क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। रंग हाट थियेटर कलाकारों, प्रोग्रामरों, संरक्षकों और समर्थकों को एकजुट करेगा तथा छिपी हुई प्रतिभा की खोज को बढ़ावा देगा।

# प्रख्यात कलाकार गोगी सरोज पाल का निधन

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रख्यात कलाकार गोगी सरोज पाल का शनिवार दोपहर को आकस्मिक निधन हो गया। वह 79 वर्ष की थीं। उत्तर प्रदेश के नियोली में 1949 को पैदा हुईं एक प्रसिद्ध भारतीय कलाकार हैं। वह गौचे, तेल, चीनी मिट्‌टी और बुनाई सहित कई मीडिया में काम करती है। उनके कार्यों में आमतौर पर महिलाएं उनके विषय के रूप में होती हैं और उनके कई चित्रों में एक काल्पनिक तत्व होता है जो अभी भी महिला स्थिति पर टिप्पणी करता है। उनकी शुरुआती रचनाएँ अधिक यथार्थवादी थीं, लेकिन समय के साथ वे सरल, अधिक शैलीबद्ध चित्रों में चली गईं जिनका काफी प्रभाव है। उन्होंने लखनऊ , उत्तर प्रदेश , में कला महाविद्यालय से चित्रकला में डिप्लोमा किया था । पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने लगभग 30 एकल शो किए हैं और ललित कला अकादमी से राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई पुरस्कार जीते हैं। उन्होंने भारत और विदेशों दोनों में बड़ी संख्या में समूह शो में भाग लिया जिसमें यूगोस्लाविया, जर्मनी, फ्रांस, क्यूबा और जापान समेत अन्य देश शामिल हैं। इससे दिल्ली के कला-संसार में एक रिक्ति आई है। शनिवार से शुरू हुए वामा उत्सव में उनकी कलाकृतियों को प्रमुखता से स्थान दिया गया है। दिल्ली सरकार ने वामा उत्सव को गोगी सरोज पाल को समर्पित किया। शनिवार को कला उत्सव वामा के उद्घाटन के मौके पर दिल्ली सरकार के कला और संस्कृति मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा,ल्लप्रतिष्ठित कलाकार गोगी सरोज पाल के आकस्मिक निधन पर हम गहरा शोक जताते हैं। आज से शुरू कला उत्सव वामा को हम गोगी सरोज पाल जी को समर्पित करते हैं। उन्होंने नारीत्व के गहन आख्यानों को कई रूपों में अपने कैनवास पर उतारा है। उनकी कला हमें नारीत्व के विविध रंग दिखाती है। भले ही उनके ब्रशस्ट्रोक ने कैनवास का साथ छोड़ दिया हो, लेकिन उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करती रहेगी। साहित्य कला परिषद द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में 37 समकालीन महिला कलाकारों की कृतियां प्रदर्शित की गईं। छह दिनों तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में कलाकारों की पेंटिंग, चित्र, प्रिंट, ग्राफिक्स, मूर्तिकला आदि विविध कलात्मक अभिव्यक्तियों को शामिल किया गया है। एक रफी मार्ग स्थित एआईएफएसीएस गैलरी में आयोजित यह प्रदर्शनी 27 जनवरी को शाम छह बजे जनता के लिए खोली गई और एक फरवरी तक हर दिन सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगी। प्रदर्शनी में गोगी सरोज पाल, शोभा ब्रूटा, कंचन चंदर, मीना देवड़ा, संतोष जैन एवं इंदु त्रिपाठी जैसी दिग्गज कलाकारों की कलाकृतियां मौजूद हैं। साथ ही आरती कश्यप, आरती मलिक, अल्पना महाजन, अनीता तंवर, अंजलि सिंह, अंजू कौशिक, अवनीत चावला, अन्नू गुप्ता, अवनि बकाया, बुला भट्टाचार्य, दीपा पटोवरी, दिव्या गुप्ता, गुलिस्तान, गुलबहार, हेमवती गुहा, हिम रजनी नागर, केजिया खान, मधु, नीति जोशी, नीतिक्षा डावर, नुसरत जहां, प्रीति सिंह, प्रियांशु चौरसिया, रेनू जैन, सलोनी टोंडक, सीमा मोहले, सिम्मी खन्ना, सोनम चपराना, तान्या राणा, टिम्सी गुप्ता और वंदना जैसी कलाकारों के आर्टवर्क्स पर भी सभी की नजरें रहेंगी। प्रदर्शनी में बुला भट्टाचार्य के विचारोत्तेजक डिजिटल प्रिंट, 'खोज-1' और 'खोज-2' में कलाप्रेमियों को अभिलेखीय कागजात के जरिये चेतना की प्रकृति और मानसिक अस्तित्व की पहेली को समझने में मदद मिलती है। ये कलाकृतियां स्वयं एवं बाहरी दुनिया के अनदेखे पहलुओं को उजागर करती हैं। वहीं, उभरती कलाकार वंदना कुमारी 'बीइंग अ गर्ल चाइल्ड' और 'इन डीप फैंटेसी' जैसी प्रभावशाली पेंटिंग्स के माध्यम से हिंसा, लैंगिक असमानता और सामाजिक दबाव जैसे सामाजिक मुद्दों पर प्रकाश डालती हैं। उनकी कला सामाजिक चुनौतियों के बीच मानवीय स्थिति को दर्शाते हुए महिलाओं की वैश्विक मुक्ति की पैरवी करती है। इसी तरह, अन्नू गुप्ता की 'चेंजिंग मैट्रिक्स' समय और स्पेस की परस्पर क्रिया की पड़ताल करती हुई व्यक्तिगत अनुभव और जीवन के विशिष्ट अर्थ को नया आयाम देती है। उनकी दूसरी कला-रचना 'द पासिंग्स बाय', सामाजिक परिवर्तनों और शहरीकरण को प्रतिबिंबित करती हुई शहरी जीवन में स्पेस की जरूरत पर प्रकाश डालती है। प्रदर्शनी में अनिता तंवर की '2 सखिया नमक' पेंटिंग भी सबका ध्यान खींचती है, जिसमें कलाप्रेमी रंगों के संयोजन के माध्यम से भावनात्मक गहराई महसूस करते हैं।

# राहुल का न्याय की लड़ाई के लिए लोगों से दान देने का आग्रह

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस नेता राहुल गांधी ने न्याय की लड़ाई में पार्टी का साथ देने का आह्वान करते हुए शनिवार को लोगों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए इसके लिए चंदा देने का आग्रह किया।

श्री गांधी ने कहा, ''न्याय की लड़ाई साथ लड़ेंगे। मैं आपसे इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने और न्याय अभियान के लिए दान देने का आग्रह करता हूं। आपका योगदान, न्याय का अभियान। इससे पहले पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने यहां कंग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को इसी मुद्दे पर संबोधित करते हुए कहा, '' न्याय के लिए दान देने के अभियान में हमने कई नई चीजें जोड़ी हैं। इस क्रम में जो भी व्यक्ति 670 रुपए या उससे अधिक डोनेट करेगा उसे राहुल गांधी जी द्वारा साइन की हुई टी-शर्ट गिफ्ट के रुप में मिलेगी। इसमें यह भी जोड़ा गया है कि. जो लोग 67 हजार रुपए या उससे अधिक डोनेट करेंगे, उन्हें एक न्याय किट मिलेगा। जिसमें टी-शर्ट, बैग, बैंड, बैच और स्टिकर होगा। जो लोग कुछ भी डोनेट करेंगे, उनको राहुल जी का साइन किया हुआ लेटर और डोनेशन का एक सर्टिफिकेट मिलेगा। उन्होंने कहा,ल्ल न्याय के लिए दान अभियान का मकसद लोगों को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का हिस्सा बनाना है। इस अभियान में हमने 'रेफड़ बाय' का एक कॉलम दिया है। इसमें लोगों को उन्हें डोनेशन के लिए मोटिवेट करने वाले व्यक्ति का मोबाइल नंबर डालना है। हम टॉप पांच लोगों का नाम अपनी वेबसाइट में डालेंगे जिन्होंने लोगों को डोनेशन के लिए सबसे ज्यादा मोटिवेट किया है। उन्होंने कहा, ''मैं और सहकोषाध्यक्ष विजेंद्र सिंगला जी अगले हफ्ते से देश के अन्य हिस्सों में न्याय के लिए दान अभियान के तहत क्राउड फंडिंग जुटाएंगें। इस अभियान में हम ज्यादा से ज्यादा कंग्रेस कार्यकर्ताओं को जोड़ेंगे।

# पेज एक का शेष

## 9वीं बार मुख्यमंत्री...

राजद की उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताएं। उन्होंने अपने विधायकों को मनाने की कोशिश करते हुए कहा कि श्री नीतीश कुमार जहां चाहें वहां जाएं। उन्होंने राज्यपाल के समक्ष अपने समर्थन में पार्टी विधायकों की कोई भी परेड आयोजित करने से इनकार करते हुए विधायकों से चुनाव का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा। कांग्रेस के विधान परिषद सदस्य प्रेमचंद मिश्रा ने दावा किया कि श्री नीतीश कुमार महागठबंधन के साथ हैं और उनके राजग की ओर जाने की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि श्री नीतीश कुमार महागठबंधन सरकार के नेता हैं। इस बीच बक्सर से वापस आते ही श्री नीतीश कुमार ने जदयू कोर कमेटी की आपात बैठक भी की। बैठक में भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय झा, वित्त मंत्री विजय चौधरी, ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव और उनकी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह शामिल हुए। राज्य विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने भी पूर्णिया में एक बैठक बुलाई, जहां यह पता चला कि 19 में से केवल 10 विधायक बैठक में शामिल हुए जबकि नौ की अनुपस्थिति स्पष्ट है। जदयू विधायक गोपाल मंडल ने दावा किया कि कांग्रेस के कुछ विधायक जदयू नेता अशोक चौधरी के संपर्क में हैं और राजग सरकार को समर्थन दे सकते हैं। आजतक की रिपोर्ट की मानें तो रविवार सुबह 10 बजे जेडीयू विधानमंडल दल की बैठक की जाएगी। जिसके बाद सीएम हाउस में ही एनडीए विधानमंडल दल की बैठक होगी। बैठक के बाद नीतीश राजभवन जाकर इस्तीफा देंगे और साथ ही एनडीए विधायकों के समर्थन वाला लेटर देंगे। फिर 4 बजे उनका शपथ ग्रहण होगा। ऐसा बताया जा रहा है कि रविवार को बिहार सचिवालय की छुट्टी रद्द कर दी गई है यानि रविवार को सचिवालय खुला रहेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पटना के एक अणे मार्ग स्थित आवास पर जेडीयू विधायकों का पहुंचना शुरू हो गया है। सियासी उठापटक के बीच नीतीश ने आज शाम जेडीयू विधायकों को अपने आवास पर बुलाया। शुक्रवार शाम बिहार के मौजूदा हालात पर चर्चा के लिए नीतीश कुमार ने चार वरिष्ठ नेताओं के साथ अपने आवास पर चर्चा की। इस बैठक में लल्लन सिंह समेत कई बड़े नाम शामिल थे।

## राजद में फैसला ...

विधायकों और मंत्रियों से सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों को जागरूक करने को कहा। बैठक में सभी विधायकों ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के निर्णय का पालन करेंगे। इस बीच राजद सुप्रीमो श्री यादव ने पार्टी के सभी विधायकों को अगले कुछ दिनों तक पटना में मौजूद रहने को कहा है। साथ ही उन्होंने सभी से एकजुट रहने को कहा।

## अखिलेश यादव...

रामगोपाल यादव ने कहा था कि आधा रास्ता तय कर लिया है और आधा रास्ता बाकी है। माना जा रहा है कि सपा की ओर से यह शुरूआती कदम है। इससे पहले समाजवादी पार्टी ने अपने पुराने सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठजोड़ करते हुए 7 सीट देने का निर्णय लिया था। उसके साथ सात सीटें भी तय हो गईं थीं। अखिलेश यादव खुद बीस से ज्यादा सीटों पर सपा प्रत्याशियों का उतार चुके हैं। हाल में उन्होंने लखनऊ सीट पर रविदास मेहरोत्रा के चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। सपा कांग्रेस के बीच दो दर्जन सीटों पर चर्चा चल रही है। कांग्रेस को लखनऊ, मुरादाबाद छोड़कर कुछ शहरी सीटें दिए जाने की तैयारी है। रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, सहारनपुर, अलीगढ़, खीरी, उन्नाव, कानपुर, झांसी, फूलपुर, महराजगंज, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर, लालगंज, संत कबीर नगर, बाराबंकी, बांदा, मिश्रिख, बरेली, प्रतापगढ़, बलिया व जालौन को लेकर चर्चा चल रही है। इसमें कुछ सीटें ऐसी हो सकती है जिसमें सपा प्रत्याशी कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ें। इससे इतर भी सीटें कांग्रेस को मिल सकती हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव में भी सपा के कुछ प्रत्याशी कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़े थे।

## यूपी में जल्द स्थापित...

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वेस्ट टू वेल्थ की परिकल्पना के अनुसार बायो गैस बेहतरीन विकल्प है। यह एनसीआर में स्मॉग की समस्या का समाधान तो है ही किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम भी है। भारत सरकार के पेट्रोलियम सचिव पंकज जैन ने कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट की स्थापना के लिए भारत सरकार द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहन की जानकारी दी। यूपी सरकार की बायो फ्यूल पॉलिसी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यूपी की जैव ईंधन नीति के तहत बायो एनर्जी प्लांट की स्थापना के लिए 20 करोड़ रुपये तक का अनुदान दिए जाने की व्यवस्था है। यूपी में इस सेक्टर में बेहतर करने के लिए अनुकूल अवसर है। यहां पराली भी है, सरकार की प्रतिबद्धता भी है और पोटेंशियल भी है। इससे युवाओं के लिए रोजगार के बड़े अवसर भी सृजित होंगे।

